जेष्ठ मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 158, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 05 जुलाई 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## हेट स्पीच की परिभाषा तय होगी

### एंटी हेट स्पीच कानून बनाने की तैयारी में सरकार

**नई दिल्ली:** केंद्र सरकार ने 5 साल के लंबे परामर्श के बाद सोशल मीडिया पर नफरती कंटेंट रोकने के लिए एंटी हेटस्पीच कानून बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। हेटस्पीच को लेकर सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों, अन्य देशों के कानूनों और अभिव्यक्ति की आजादी के तमाम पहलुओं को ध्यान में रखते हुए कानून का ड्राफ्ट तैयार किया जा रहा है। इसे जल्द ही सार्वजनिक राय के लिए पेश किया जाएगा। इसमें हेटस्पीच की परिभाषा स्पष्ट होगी, ताकि लोगों को भी यह पता रहे कि जो बात वे बोल या लिख रहे हैं, वह कानून के दायरे में आती है या नहीं।

**सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियां होंगी कानून का आधार:** सरकार ने प्रवासी भलाई संगठन बनाम भारतीय संघ जैसे कुछ अन्य मामले में सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों को इस ड्राफ्ट का आधार बनाया है। विधि आयोग ने हेटस्पीच पर अपने परामर्श पत्र में साफ किया है कि यह जरूरी नहीं कि सिर्फ हिंसा फैलाने वाली स्पीच को हेटस्पीच माना जाए। इंटरनेट पर पहचान छिपाकर झूठ और आक्रामक विचार आसानी से फैलाए जा रहे हैं। ऐसे में भेदभाव बढ़ाने वाली भाषा को भी हेटस्पीच के दायरे में रखा जाना चाहिए।

**सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के खिलाफ कार्रवाई का रास्ता खुलेगा:** हेट स्पीच की परिभाषा साफ होने के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म यूजर्स द्वारा फैलाई गईं फेक न्यूज या नफरत भरी बातों से पल्ला नहीं झाड़ सकेंगे। देश में सबसे ज्यादा भ्रामक जानकारियां फेसबुक, ट्विटर, वॉट्सएप, कू जैसे प्लेटफॉर्म्स के जरिए फैलाई जाती हैं। अब इनके खिलाफ सख्त कानून बनने से कानूनी कार्रवाई का रास्ता खुल जाएगा। दूसरी ओर, देश में फ्री स्पीच के पैरोकार वर्ग को यह भी लगता है कि एंटी हेटस्पीच कानून को इस्तेमाल लोगों या समूहों की आवाज दबाने के लिए भी हो सकता है।

**अभी 7 अलग-अलग कानूनों से कार्रवाई हो रही**
देश में हेटस्पीच से निपटने के लिए 7 तरह के कानून इस्तेमाल किया जाते हैं, लेकिन इनमें से किसी में भी हेटस्पीच को परिभाषित नहीं किया गया है।




इसीलिए, सोशल मीडिया प्लेटफार्म अपने यूजर्स को मनमानी भाषा बोलने से नहीं रोक रहे हैं।

### योगी 2.0 सरकार के 100 दिन: अब नमाज और रामनवमी सड़कों पर नहीं होती

## 'बुलडोजर के साथ गांव-गरीबों पर होगा फोकस'





**लखनऊ:** 5 जुलाई यानी मंगलवार को योगी सरकार 2.0 के 100 दिन पूरे हो रहे हैं। इससे पहले सोमवार को सीएम योगी ने 100 दिन का लेखा-जोखा जनता के सामने रखा। लोकभवन में उन्होंने कहा," यूपी में बुलडोजर के साथ गांव-गरीब पर फोकस होगा। लॉ एंड आर्डर बेहतर हुआ है। अब नमाज और रामनवमी सड़कों पर नहीं होती है। 100 दिन में 525 एनकाउंटर हुए, 62 माफिया की 284 करोड़ की संपत्ति जब्त हुईं। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के जरिए 80 हजार करोड़ का निवेश हुआ है। धार्मिक स्थलों से 74,400 लाउउस्पीकर हटवाए गए। फ्री राशन योजना को 3 महीने के लिए आगे बढ़ाया गया।" हालांकि विपक्ष ने भी इस पर हमला किया है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने ट्ववीट कर लिखा," यूपी गोरखधंधे से बर्बाद हो गया है"

**विधान परिषद कांग्रेस मुक्त हुई:** सीएम योगी ने अपने दूसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे होने पर सपा और कांग्रेस पर भी तंज कसा। उन्होंने कहा, "विधानपरिषद चुनाव में भाजपा ने 33 सीट पर जीत हासिल की। विधानपरिषद कांग्रेस मुक्त हो गई। इसके अलावा भाजपा ने आजमगढ़ और रामपुर लोकसभा उपचुनाव में जीत हासिल की। यूपी में 37 साल में पहली बार किसी सीएम ने कार्यकाल पूरा किया। दूसरी बार जीत दर्ज की।

**97 संकल्प पूरे किए:** 100 दिन में 97 संकल्प पूरे हुए सीएम योगी ने कहा, "100 दिन के लिए 130 संकल्प लिए गए थे। उसमें से 97 संकल्प पूरे हो गए हैं। 130 संकल्पों में से 97 संकल्प पहले बजट में शामिल किया गया। 100 दिन में निवेश की 80 हजार से अधिक परियोजना का शिलान्यास हुआ। 1400 से ज्यादा प्रोजेक्ट कवर हुए।"

**1 ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था के लिए 10 सेक्टर बनाए:** हमने वो 10 सेक्टर चुने, जिस पर कार्ययोजना बनाकर यूपी की अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन डालर तक पहुंचा सके। हर सेक्टर के लिए एक सीनियर अधिकारी की जिम्मेदारी तय की गई। 18 मंत्री समूहों ने 18 कमिश्नरेट में 72-72 घंटे कैंप किया। जनता के बीच चौपाल की। विकास कार्यों को भौतिक रूप से दखा। अब बुलडोजर के साथ गांव-गरीब का विकास भी होगा।

**15 हजार करोड़ से 4 नए डेटा सेंटर:** पहली बार ई-पेंशन की योजना लागू हुई। डिजिटल इंडिया के युग में 15 हजार करोड़ से 4 नए डेटा सेंटर बनाए जा रहे हैं। यूपी में डेटा सेंटर बनाने का हब बन रहा है। यूपी में डेटा सेंटर नीति लागू की है। इससे 4 हजार नौजवानों को जॉब्स मिल सकेंगी। ई-विधान लागू हुआ, आखिर सत्र इसी कार्यक्रम पर आयोजित हुआ।

यूपी की एयर कनेक्टिविटी बढ़ी
एयर कनेक्टिविटी को बढ़ाया है। 2017 में 2 एयरपोर्ट सक्रिय थे। आज 9 एयरपोर्ट सक्रिय हैं, 10 पर काम चल रहा है। वन महोत्सव के कार्यक्रमों से हम जुड़े हैं। कल ही 25 करोड़ के पौधा रोपण का लक्ष्य हम हासिल कर सके।

#### लॉ एंड आर्डर बेहतर हुआ तो यूपी में निवेश बढ़ा

2017 से पहले यूपी के सामने पहचान का संकट था। केंद्र सरकार की कई योजनाएं लागू की गईं। लेकिन राज्य सरकार की इच्छा शक्ति नहीं दिखती थी। 5 सालों में कानून व्यवस्था को हमने बेहतर किया। जिसका संदेश पूरे देश में गया। अब यहां निवेश बढ़ रहा है। ये अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति का असर है। पुलिस के संरक्षण में कोई गलत काम नहीं हुए। 68 हजार से ज्यादा अवैध पार्किंग स्थल हटवाए गए। धर्मस्थलों से 1.20 लाख लाउडस्पीकर हटवाए गए। इनमें वो भी शामिल हैं, जिनका ध्वनि प्रदूषण को कम कराया गया। अब सड़कों पर सार्वजनिक कार्यक्रम नहीं होते। अब अलविदा की नमाज सड़क पर नहीं होगी। ईद और राम नवमी के कार्यक्रम सड़क पर प्रदर्शन का माध्यम नहीं बने।

बेरोजगारी दर 18% से 2.9% रह गई

5 सालों में प्रदेश की जीडीपी और प्रति व्यक्ति आय में 2 गुने की वृद्धि हुई है। पहले बजट में 97 संकल्प शामिल किए। उन्हें पूरा किया। सीएमआई के ताजा डेटा 2017 में बेरोजगारी दर 18 प्रतिशत थी।

## देश के 70 करोड़ लोगों के सपनों को उड़ान देगा सहकारिता : शाह

**नई दिल्ली:** केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि देश की सहकारिता संस्थाएं 70 करोड़ उन भारतवासियों के सपनों को उड़ान देंगी जो आर्थिक रूप से पिछड़ गए थे। शाह ने सोमवार को विज्ञान भवन में 100वें अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस के मौके पर सहकारिता मंत्रालय और भारतीय राष्ट्रीय सहकारिता संघ की ओर से आयोजित "सहकारिता द्वारा आत्मनिर्भर भारत एवं एक बेहतर विश्व का निर्माण" कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व में विगत 100 वर्षों में दो मॉडल (साम्यवाद और पूंजीवाद) को दुनिया के देशों में अपनाए गए हैं लेकिन सहकारिता का मॉडल मध्यम मार्ग है। यह मॉडल सर्वस्पर्शी और समावेसी है। उन्होंने सहकारिता से जुड़े सभी लोगों से आह्वान किया कि सबको मिलकर सहकारिता को इतना मजबूत करना है कि जब देश आजादी का 100वां महोत्सव मनाए उस समय सहकारिता देश की अर्थव्यवस्था में मजबूत भूमिका निभाए। शाह ने कहा कि सहकारिता की 100 वर्षों की यात्रा गौरवपूर्ण रही है। इस यात्रा को युवाओं के साथ मिलकर आगे बढ़ाना होगा। इस क्षेत्र में अनेक सुधारों से साथ-प्रयोग किए जाने की जरूरत है। केन्द्र सरकार सहकारिता मंत्रालय बनाकर सभी समस्याओं के समाधान देने की ओर अग्रसर है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय मत्स्यपालन,पशुपालन और डेयरी मंत्री परशोत्तम रुपाला ने कहा कि देश को एक बनाने का कार्य सरदार पटेल ने किया और देश को श्रेष्ठ में अमित शाह जुटे हैं।

## सिनी शेट्टी बनी मिस इंडिया 2022

**नई दिल्ली:** कर्नाटक की सिनी शेट्टी ने 21 साल की उम्र में फेमिना मिस इंडिया 2022 का खिताब जीत लिया है। सिनी ने 31 कंटेस्टेंट को मात देकर ये खिताब अपने नाम किया है। वहीं राजस्थान की रूबल शेखावत फर्स्ट रनर-अप रहीं, जबकि उत्तर प्रदेश की रहने वाली शिनाता चौहान सेकेंड रनर-अप रहीं। यह इवेंट रविवार (3 जुलाई) देर रात मुंबई में जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में हुआ। सिनी शेट्टी चार्टेड फाइनेंस एनालिस्ट कोर्स कर रही हैं। उन्हें डांस बेहद पसंद है। वह 4 साल की उम्र से ही भरतनाट्यम सीखना स्टार्ट कर दिया था।

## सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड: तीसरा शार्प शूटर गिरफ्तार

### 19 साल के अंकित ने सबसे पास जाकर मारी थी गोलियां, यह उसका पहला मर्डर

**बुलेट से लिखा था सिद्धू मूसेवाला**




- दिल्ली से गिरफ्तार हुआ अंकित सेरसा
- दोनों हाथ में हथियार पकड़ चलाई गोलियां
- फरार होने के लिए रखी थी पुलिस वर्दी

**नई दिल्ली:** पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या करने वाले तीसरे शार्प शूटर अंकित सेरसा को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वह हरियाणा का रहने वाला है। दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल ने उसे रविवार रात दिल्ली के कश्मीरी गेट से गिरफ्तार किया। सिर्फ 19 साल के अंकित सेरसा ने हत्या के वक्त दोनों हाथ में गन लेकर मूसेवाला को गोलियां मारी थी। यह उसका पहला मर्डर था। हत्या के वक्त वही मूसेवाला के सबसे करीब गया था। यही नहीं, उसने एक फोटो भी खिंचवाई, जिसमें बुलेट (कारतूस) से सिद्धू मूसेवाला लिखा है और वह पीछे बैठकर हत्या के संकेत दे रहा है।

**35 दिन में 35 ठिकाने बदले:** दिल्ली पुलिस के स्पेशल कमिश्नर एचजीएस धालीवाल ने बताया कि मूसेवाला की हत्या के बाद यह एक दिन से ज्यादा कहीं नहीं रुके। वह 5 राज्यों में मूव करते रहे। इस दौरान वह फतेहाबाद, तोशाम, पिलानी, कच्छ, मध्य प्रदेश, बिलासपुर, यूपी, झारखंड में रुके। इसके अलावा उनकी दिल्ली-एनसीआर और हरियाणा में भी मूवमेंट हुई।

**2 दिन बाद कोई अनजान शख्स ले गया हथियार:** मूसेवाला की हत्या में जो भी हथियार इस्तेमाल हुए, उन्हें 2 दिन बाद यानी एक जून को कोई अनजान शख्स लेकर चला गया।

## कुल्लू में खाई में गिरी प्राइवेट बस

**कुल्लू:** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले की सैंज घाटी में शैंशर मार्ग पर एक निजी बस 200 मीटर गहरी खाई में गिरने से दुर्घटनाग्रस्त हो गई है। हादसे में स्कूली बच्चों समेत 12 लोगों के मारे जाने की सूचना है, वहीं 3 लोग घायल बताए जा रहे हैं, जिनका उपचार सैंच पीएचसी में चल रहा है। हादसा सोमवार सुबह करीब 8 बजकर 45 मिनट पर हुआ। हादसे के वक्त बस में करीब 30 लोग सवार थे। बताया जा रहा है कि बारिश के चलते मार्ग पर मलबा गिरा हुआ था । इससे पहले सरकारी और एक निजी बस यहां से निकल चुकी थी। जब यह बस यहां से गुजरी तो चालक ने बस के टायर को सफेद लाइन से बाहर कच्ची सड़क पर निकाल दिया। जिसकी वजह से वह पलटकर खाई में गिर गई। सूचना मिलते ही रेस्क्यू दल मौके पर पहुंचा। पुलिस और प्रशासन के अधिकार भी मौके पर पहुंचे। 108 एंबुलेंस के जरिए लोगों को खाई से निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे में 12 मृतकों के नाम सामने आए हैं। तूंग डाकघर बजहरा निवासी तनु (20), गांव तूंग सैंज निवासी प्रेम चंद (52), फतेह चंद (70)।

## अग्निवीर बनने 3 दिन में 10 हजार महिलाओं का रजिस्ट्रेशन

**नई दिल्ली:** भारतीय नौसेना का पोर्टल खुलने के 3 दिनों के भीतर लगभग 10 हजार महिलाओं ने अग्निवीर बनने के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है। नौसेना में एसएसआर की 2800 वैकेंसी हैं, इनमें महिलाओं के लिए 560 पोस्ट हैं। इंडियन नेवी ने 1 जुलाई को अग्निपथ भर्ती योजना के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू किया था। यह पहली बार है, जब भारतीय नौसेना ने महिलाओं को नौ सैनिकों के रूप में भर्ती करने की अनुमति दी है, जिन्हें ऑपरेशनल रिक्वॉयरमेंट्स के अनुसार युद्धपोतों पर भी तैनात किया जाएगा।



**रजिस्ट्रेशन के बाद ऑनलाइन आवेदन 15 जुलाई से:** भारतीय नौसेना ने 1 जुलाई को अग्निपथ भर्ती योजना के तहत रजिस्ट्रेशन प्रोसेस शुरू करने की घोषणा की थी। इसके बाद भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 15 जुलाई से 30 जुलाई तक शुरू करेगी।

**21 नवंबर से शुरू होगी अग्निवीरों की ट्रेनिंग:** नौसेना 21 नवंबर को भारतीय नौसेना के नाविकों के लिए प्रमुख बेसिक ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट आईएनएस चिल्का में व्यवस्था कर रही है। जहां महिला नाविकों की ट्रेनिंग की भी सुविधा होगी। नौसेना के अधिकारियों के मुताबिक नौसेना में अग्निपथ योजना जेंडर बायस्ड होगी। मौजूदा वक्त में 30 महिला अधिकारी बोर्ड फ्रंटलाइन युद्धपोतों पर सेलिंग कर रही हैं।

**5 जुलाई को बंद हो जाएगा इंडियन एयरफोर्स में रजिस्ट्रेशन:** इंडियन एयरफोर्स ने ट्विटर पर कहा कि अग्निपथ योजना के तहत 29 जून तक 2,01,648 आवेदन मिले। रजिस्ट्रेशन 5 जुलाई 2022 को बंद हो जाएगा। एयरफोर्स की ओर से बताया गया।

## अमरावती मर्डर, हत्या से पहले डर गया था आरोपी

**अमरावती:** अमरावती में उमेश कोल्हे की हत्या मामले में नया खुलासा हुआ है। सूत्रों ने बताया कि उमेश कोल्हे की हत्या की कोशिश पहले भी दो बार की गई थी, लेकिन यह विफल रही। हालांकि, तीसरी बार में हत्यारे वारदात को अंजाम देने में कामयाब रहे। 19 जून को उन्हें पहली बार मारने की तैयारी की गई थी, लेकिन मुख्य आरोपी इरफान शेख रहीम डर गया और इस हत्याकांड को उस दिन अंजाम नहीं दिया जा सका। इसके बाद 20 जून को फिर से आरोपियों ने हत्या की प्लानिंग की, लेकिन उमेश को घर से कोई फोन आ गया और वे हत्यारों के वारदात वाली जगह पर पहुंचने से पहले ही दुकान बंद कर चले गए थे। इससे आरोपियों की योजना पर पानी फिर गया। एनआईए के अधिकारियों ने मामले में गिरफ्तार इरफान समेत 5 आरोपियों को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ कर रही है। एनआईए पूछताछ के बाद आरोपियों को फिर से कस्टडी में लेने के लिए कोर्ट में पेश करेगी। हत्या में इस्तेमाल किए गए बाइक को बरामद कर लिया गया है। बाइक लाल खाड़ी के जंगल में छिपाई गई थी। गाड़ी का नंबर प्लेट को निकाल कर कहीं और फेंक दिया गया था। इसकी जांच भी जारी है।




**सिर धड़ से अलग करना चाहते थे, शोर सुन भागे:** आखिरकार, 21 जून को योजनाबद्ध तरीके से घात लगकर उनकी हत्या कर दी गई। जानकारी के में अनुसार, हत्यारे कोल्हे का सिर धड़ से अलग करना चाहते थे,, लेकिन पीछे से आ रहे बेटे और बहू के चिल्लाने से वे भाग गए।

**दो ऑटो ड्राइवर और चार मजदूर हत्या में शामिल:** जांच में यह भी सामने आया है कि इरफान शेख रहीम ने जिन आरोपियों को हायर किया था इसमें से दो ऑटो ड्राइवर और अन्य मजदूर थे।

## महाराष्ट्र फ्लोर टेस्ट में गूंजे ईडी-ईडी के नारे

**मुंबई:** महाराष्ट्र में सोमवार को बीजेपी-शिंदे गुट ने 164 मतों के साथ विधानसभा में बहुमत हासिल कर लिया है। महाविकास अघाड़ी यानी उद्धव के पक्ष में 99 मत पड़े। यह भले ही बीजेपी और एकनाथ शिंदे की जीत बताई जा रही है, लेकिन सदन में डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस का एक बयान सियासी गलियारों में चर्चा का विषय बन गया है। शिंदे सरकार के फ्लोर टेस्ट के वक्त महाविकास अघाड़ी के नेता सदन में ईडी-ईडी चिल्ला रहे थे। इस पर फडणवीस ने खड़े होकर कहा कि आप सही कह रहे हैं। यह ईडी सरकार है। ई से एकनाथ और डी से देवेंद्र...।



**फडणवीस बोले- शिंदे से मेरा कभी झगड़ा नहीं होगा:** फडणवीस ने आगे कहा- एकनाथ शिंदे पब्लिक के आदमी हैं, लोगों ने अगर उन्हें घेर लिया तो वे उनकी समस्याएं सुलझाए बिना वहां से निकलते नहीं हैं।
वे कम बोलते हैं, उनका काम बोलता है।

**खबर संक्षेप**



## अंकित टार्जन ने पकड़ा जहरीला कोबरा सांप

**करछना।** तहसील के अंतर्गत निरिया गांव के रहने वाले रविंद्र कुमार पुत्र नेब्बू लाल कोटार्य भूत पूर्व प्रधान के रसोई में कोबरा सांप निकला परिवार वालों ने सांप को ना मारते हुए प्रयागराज के रहने वाले अंकित टार्जन जी को समाजसेवी पवन कुमार यादव के द्वारा फोन करके बुलाया गया अंकित टार्जन आने के बाद बहुत ही सावधानी से जहरीला कोबरा को पकड़ लिए सांप को देखने के लिए काफी लोग मौजूद थे रविंद्र कुमार वरिष्ठ संगठन सचिव राष्ट्रीय सूचनाधिकार मानवाधिकार एवं पर्यावरण संरक्षण संगठन द्वारा लोगों को बताया गया की पर्यावरण के लिए हमें किसी भी जीव जंतुओं को नहीं मारना चाहिए मौके पर मौजूद व्यक्ति कृष्ण मोहन यादव, कैलाश गुप्ता, अरविंद कुमार कोटार्य, आदि लोगों द्वारा अंकित टार्जन को बधाई दी।

# हंडिया सड़क हादसे में महिला की मौत , भतीजा घायल



घटनास्थल के बाद गांव में जमा भीड़

**अखंड भारत संदेश**

**हंडिया।** सोमवार को उतराव थाना क्षेत्र अंतर्गत एक बाइक सवार गोवंश से टक्कर हो गया , वही बाइक पर बैठी महिला की मौके पर ही मौत हो गई और भतीजा घायल हो गया । ग्रामीणों ने एक्सीडेंट की सूचना जब परिजनों को दी तो परिजनों में कोहराम मच गया वही ग्रामीणों ने घायल व्यक्ति को अस्पताल भिजवाया जहां इलाज चल रहा है । बताते चलें कि मकसूदना गांव का रामदीन मुंबई में नौकरी करता है उनकी पत्नी सुनीता 35 वर्ष अपने मायके यासीन पुर गई थी सोमवार को व भतीजे के साथ बाइक से घर लौट रही थी लौटने के दौरान उतराव थाना क्षेत्र के फरीदपुर चौराहा के पास अचानक सामने मवेशी से बाइक की टक्कर हो गई जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए । शोर सुनकर मौके पर स्थानीय लोग इकट्ठा हो गए तथा हादसे की सूचना परिजनों को दी मौके पर पहुंचे परिजनों ने दोनों को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां देर रात सुनीता की मौत हो गई ।

### परिजनों ने किया पोस्ट मार्टम कराने से इनकार

महिला की मौत की सूचना पर पुलिस गांव पहुंची लेकिन परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया इसके बाद पुलिस कागजी कार्रवाई कर लौट गई मौत की खबर से मायके और ससुराल में कोहराम मच गया सुनीता के दो बच्चे बेटा और बेटी हैं।

## खडी ट्रक में कार ने मारी टक्कर एयर बैंग खुलने से बची जान




**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के अरैल मोड़ पर रविवार देर रात तेज रफ्तार से आ रही कार, खड़ी ट्रक में जा घुसी, जिससे परखच्चे उड़ गए, गनीमत रही की एयर बैग खुलने से बैठे लोगों की जान बच गई। मौका पा कर कार चालक भाग निकला, कार में बैठे एक कों गंभीर चोट आ गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार देर रात विकास सास्वत पुत्र दिलीप सास्वत अपने बहन के जन्मदिन में नैनी जा रहे थे, जैसे ही अरैल मोड़ निकट पहुचे ही थे की कार अनियंत्रित होकर खड़ी ट्रक में जा घुसा, जिसके बाद मौका पाकर कार ड्राइवर भाग निकला, वही विकास कों गंभीर चोट आ गई, जिसके बाद उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती किया गया। वही मौके पर पहुंची पुलिस ने कार और ट्रक कों अपने कब्जे में लेकर जाँच पड़ताल में जुटी हुई है।

## न्यू रेल लाइन बसरिया गांव के पास टक्कर से घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

**करछना।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत बसरिया गांव के सामने रविवार सुबह के वक्त निमार्णाधीन रेलवे ट्रैक की तरफ शौच करने गए युवक को कंकरीट मिक्चर ट्रक की टक्कर लगने उपचार के दौरान मौत हो गई । बता दें कि इन दिनों दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग के बगल कारी डोर परियोजना के तहत नई रेल मार्ग बिछाने का कार्य चल रहा है। जिसमें कारदायी संस्था की ओर से लगाई गई मशीनें सामान लेकर बिछाए जा रहे नए रेल मार्ग से होकर गुजरती हैं । रविवार सुबह के वक्त बसरिया गांव निवासी लाल चंद्र पटेल 40 वर्ष पुत्र स्वङ्ग राम कृपाल पटेल निमार्णाधीन रेल मार्ग की तरफ शौच के लिए गया था। उसी दरमियान प्रत्यक्षदर्शी के मुताबिक मार्ग से गुजर रहे कंकरीट मिक्सर ट्रक की टक्कर लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी परिजनों को हुई तो आनन-फानन में घायल अवस्था में पास के एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए ले गए। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने जिले के अस्पताल में रेफर कर दिया। लेकिन सोमवार को युवक की उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक लालचंद्र पटेल घर पर रहकर मजदूरी का काम करता था। उसकी पत्नी की 8 साल पहले देहांत हो गया था। पत्नी की मौत के बाद उसके ऊपर दो बेटी नविता पटेल व बबीता पटेल और एक बेटा अंकित पटेल की जिम्मेदारी थी । पिता की हुई मौत के बाद बच्चों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है।



## स्वतंत्रता सेनानी का निधन पुलिस जवानों ने दी सलामी



**सिरसा।** मेजा क्षेत्र के लोकतंत्र स्वतंत्रता सेनानी का निधन हो गया जिसमें अंतिम संस्कार में पहुंची मेजा पुलिस ने सलामी दी। बता दें कि मेजा के सिरसा महुआ कोठी गांव निवासी लोकतंत्र स्वतंत्रता सेनानी पंडित नीलकंठ मिश्रा पुत्र स्वर्गीय माता सेवक मिश्रा का सोमवार को निधन हो गया वह 80 वर्ष के थे। सिरसा के छतवां गंगा घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। लोकतंत्र स्वतंत्रता सेनानी के अंतिम संस्कार में प्रयागराज पुलिस लाइन से आए पुलिस के जवानों के साथ थाना प्रभारी मेजा धीरेंद्र सिंह, चौकी प्रभारी सिरसा जगदीश कुमार ,दरोगा अमृत जायसवाल सहित मेजा पुलिस टीम ने उन्हें अंतिम सलामी दी सन 1975 में हुए 21 महीने के आपातकाल घोषित के दौरान उन्होंने प्रतिभाग किया था। अंतिम संस्कार में खंड विकास अधिकारी ब्रह्मपाल सिंह नगर पंचायत सिरसा चेयरमैन श्याम कृष्ण सिंह (पप्पू यादव) विधानसभा अध्यक्ष समाजवादी पार्टी , पूर्व सभासद इंजीनियर उदयवीर सिंह ,सभासद कल्लू केसरी,सभासद सुरेश कुमार यादव, सभासद मोनू मिश्र, अनिल यादव,रचित विश्वकर्मा छात्र नेता समाजवादी पार्टी सैकड़ो के संख्या में क्षेत्र के संभ्रात व्यक्ति मौजूद रहे।

## डिप्टी सीएम बृजेश पाठक करेंगे वृक्षारोपण



कनिहार झील पर वन महोत्सव की तैयारी के परिपेक्ष में मातहतों को दिशा निर्देश देते जिला अधिकारी

**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** वन महोत्सव के अवसर पर मंगलवार को वृहद वृक्षारोपड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कनिहार झील पर डिप्टी सीएम जिले के प्रभारी बृजेश पाठक वृक्षारोपण करेगे। सोमवार को जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने वृक्षारोपण के मुख्य कार्यक्रम स्थल कनिहार झील झूंसी क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण करते हुए आयोजन की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरि, प्रभागीय वनाधिकारी सहित सभी सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# रोशन सिंह की शहीद स्थली : आजादी के अमृत महोत्सव का अद्भुत आयोजन

## प्रयागराज के डॉक्टरों की प्रस्तुतियों ने बांधी समां, रंगमंच पर मुखरित हुआ भारत की विविधता का लोकरंग

**अखंड भारत संदेश**








**प्रयागराज।** अमर शहीद रोशन सिंह की स्मारक स्थली आजादी आंदोलन की संघर्ष गाथा की स्मृतियों को ताजा करती हुई अमृत महोत्सव के दौरान गुलजार हो उठी। मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज स्थित प्रीतम दास ऑडिटोरियम के रंगमंच पर सामाजिक सरोकारों और मानवीय संवेदनाओं से जुड़ी प्रस्तुतियों पर डॉक्टरों ने खूब वाहवाही लूटी। अपनी बेमिसाल प्रस्तुतियों द्वारा धरती पर एक दूसरे भगवान की मान्यता से जुड़े चिकित्सकों के अद्भुत हुनर की श्रोताओं ने जमकर प्रशंसा की। रंगमंच पर जहां एक ओर भारत के विविधता की झलक से परिपूर्ण नृत्य,गीत की प्रस्तुतियों ने अद्भुत छटा बिखेरी। वहीं दूसरी ओरआजादी आंदोलन से जुड़े काकोरी कांड की यादों को ताजा करते नाटक की अद्भुत प्रस्तुति के दौरान चन्द्रशेखर आजाद की भूमिका में विश्व प्रसिद्ध न्यूरो सर्जन डॉ. प्रकाश खेतान, सुभाष चन्द्र बोस की भूमिका में डॉ.ओ पी. सिंह,अशफाकउल्ला खान की भूमिका में डॉ.पीयूष दीक्षित और रोशन सिंह की भूमिका में डॉ. आशीष टंडन के बेजोड़ अभिनय को लोगों ने भरपूर तालियों के साथ जमकर सराहा। मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति सुमित गोवाल द्वारा दीप प्रज्वलन उद्घाटन की मौके पर, लक्ष्मणाचार्य जी, सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी,मेयर अभिलाषा गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष गणेश केसरवानी,जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ वीके सिंह ,एमएलसी डॉ के पी श्रीवास्तव,हर्ष बाजपेई आयोजन के विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।जिनका वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा मंच पर सम्मान किया गया।डॉ एस पी मिश्रा और डॉक्टर पंकज गुप्ता द्वारा गणेश वंदना से आरंभ हुए कार्यक्रम के दौरान डॉ अरूप श्रीवास्तव,डॉ स्मिता कमरा, डॉ. राजकुमार, डॉ.निगोस्कर, डॉ व्यंजना पांण्डेय, डा.अरुण मौर्या द्वारा तेरी मिट्टी में मिल जावा और शिव तांडव जैसी प्रस्तुतियों ने खूब समां बांधीं। लैंप टाइपिंग और डॉक्टर से फाइल को भी सराहना मिली।कार्यक्रम की संयोजक,प्रसिद्ध स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ.व्यंजना पाण्डेय ने सभी उपस्थित गणमान्यजनों के प्रति स्वागत आभार प्रकट किया।इस मौके पर डॉक्टर भगवत पांण्डेय,डॉ.वत्सला मिश्रा, डॉक्टर बी बीअग्रवाल,डॉ डी के वर्मा, डॉअवनीश सक्सेना, डॉ मनीष बंसल, डॉ राजीव बैस , डॉ पीयूष दीक्षित ,डॉ पल्लवी सिंह ,डॉ आशीष टंडन,डॉ सुशील सिन्हा,डॉक्टर ओपी सिंह,समेत खचाखच भरे आडीटोरियम में हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## लालापुर क्षेत्र के सोनवे गाँव में गूंज रहा श्रीमद्भागवत महापुराण

### रुक्मणी विवाह,श्रीकृष्ण बाल लीला का वर्णन सुन भाव विभोर हुए भक्त

**अखंड भारत संदेश**



**लालापुर।** क्षेत्र के सोनवै गांव में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन श्रीकृष्ण बाल लीला, कालियामसन मर्दन तथा गोवर्धन पूजा का सुंदर चित्रण किया गया। कथावाचक ब्रिज बिहारी महराज ने सोमवार को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीला, माखन चोरी तथा गोवर्धन पूजा की कथा श्रद्धालुओं को सुनाई। उन्होंने कहा कि भगवान की लीलाएं मानव जीवन के लिए प्रेरणादायक हैं। भगवान कृष्ण ने बचपन में अनेक लीलाएं की। बाल कृष्ण सभी का मन मोह लिया करते थे। नटखट स्वभाव के चलते यशोदा मां के पास उनकी हर रोज शिकायत आती थी। मां उन्हें कहती थी कि प्रतिदिन तुम माखन चुरा के खाया करते हो, तो वह तुरंत मुंह खोलकर मां को दिखा दिया करते थे कि मैंने माखन नहीं खाया।इस दौरान श्रद्धालु भक्ति के सागर में मंत्रमुग्ध दिखे। कथा के अंत में मुख्य यजमान पंडित यज्ञ नारायण मिश्र तथा कमलाकांत मिश्र ने संयुक्त रूप से आरती में भाग लिया। मौके पर शिवनारायण,होरी नारायण मिश्र,ब्रिजेश शुक्ल,सुरेश मिश्र,छोटे लाल,गुलाब चंद्र आदि लोग उपस्थित रहे।

## दलित को मारा पीटा गया और जाति सूचक गालियां दी गई मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** पैसों के लेन देन को लेकर दलित को जमकर पीटा गया और जाति सूचक गालियां देते हुए जान से मार की धमकी दी गई। पुलिस ने एससी एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम नऊआपुर निवासी पवन कुमार गौतम पुत्र ज्ञानेशवर प्रसाद गौतम का आरोप है कि पैसे के लेन देन को लेकर दबंग ने उसे मारा पीटा और जाति सूचक गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी । पवन कुमार गौतम ने मऊआइमा थाने में बेनीपुर निवासी अजय कुमार तिवारी पुत्र राम अचल तिवारी के खिलाफ एससी एसटी एक्ट के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस मुकदमा दर्ज मामले की जांच कर रही है।

## स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर दी गई सच्ची श्रद्धांजलि

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** युगपुरुष स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर सहसों स्थित युवा डेवलपमेंट वेलफेयर सोसाइटी के कार्यालय में सोमवार को एक गोष्ठी के माध्यम से स्वामी विवेकानंद जी को याद करते हुए सच्ची श्रद्धांजलि दी गई। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए संस्था के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश केसरवानी ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वामी जी अपनी तेजस्वी वाणी के जरिए पूरे विश्व में भारतीय संस्कृति और अध्यात्म का डंका बजाने वाले युवाओं के प्रणेता एवं युगपुरुष विवेका नंद जी ने केवल वैज्ञानिक सोच तथा सर पर बल ही नहीं दिया बल्कि धर्म को लोगों की सेवा और सामाजिक परिवर्तन से जोड़ा भी। स्वामी जी अपने जन्म स्थान पर कविता में पिता विश्वनाथ दत्त की मृत्यु पश्चात अत्यंत गरीबी की मार जलते हुए अपने चित्र को कभी दुनिया नहीं दिया संगीत साहित्य और दर्शन में विवेकानंद जी को विशेष रूचि थी तथा तैराकी घुड़सवारी और कुश्ती उनका विशेष शौक था। स्वामी विवेकानंद इस भारत भूमि के ऐसे महान पुरुष थे जिन्होंने देश से लेकर विदेश तक सनातन धर्म को एक सूत्र में बांधने का काम किया। उन्होंने बड़े-बड़े महारथियों को अपने तपोबल एवं कुशल बुद्धि से परास्त करते हुए मात्र 39 साल की अवस्था में अपनी मातृभूमि के प्रति, धर्म के प्रति, समाज के प्रति 4 जुलाई 1902 को अपना प्राण त्याग दिए। हम लोग ऐसे महान तपस्वी युगपुरुष को सच्ची श्रद्धांजलि देते हुए शत-शत नमन करते हैं। इस अवसर पर गोष्ठी में प्रमुख रूप से इंजीनियर बद्री प्रसाद सिंह, संस्था के प्रबंधक एवं ग्राम प्रधान विष्णु केसरवानी, शेरू केसरवानी, निर्दोष गुप्ता, अनिल कुमार मिश्रा, शीलवंत सिंह, पवन द्विवेदी, अजय सिंह सहित आदि लोगों ने उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित किया।



खंड विकास अधिकारी बहादुरपुर को ज्ञापन सौपते कोटेदार

## मांगें नहीं मानी तो कोटेदार करेंगे संसद का घेराव

**हनुमानगंज।** ऑल इंडियाफेयर प्राइस शॉप डीलर्स फेडरेशन के राष्ट्रीय नेतृत्व में कोटेदारों ने खंड विकास अधिकारी बहादुरपुर को 9 सूत्रीय मांगो को लेकर सोमवार को ज्ञापन सौंपा और चेतावनी दी की मांग नही मानी तो कोटेदार संसद का घेराव करेगे। बहादुरपुर कोटेदार संघ के अध्यक्ष गणेश दुबे ने ज्ञापन सौपते हुए उपस्थित कोटेदारों को सम्बोधित करते हुए कहा कि अगर सरकार हम लोगों की मांगों पर विचार नहीं करती है तो हम लोग 2 अगस्त 2022 को संसद का घेराव करेंगे। जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं हो जाएगी तब तक हम लोग चैन से नहीं बैठेंगे। इस अवसर पर जयंत देव यादव, इंद्रदेव मिश्र, शिव कुमार सिंह, मनीष कुमार केसरवानी, लालचंद लालता प्रसाद, दीनानाथ त्रिपाठी, जय प्रताप सिंह, रामसूरत हरि मूर्ति यादव ,अभय राज विंद, सहित सैकड़ो कोटेदार उपस्थित रहे।

## वैक्सीनेशन में हिस्सा लेकर युवाओं ने क्षेत्र का रोशन किया नाम

### वैक्सीनेशन में हिस्सा लेने वाले समाजसेवियों को एसडीएम ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**



**जसरा।** उप जिलाधिकारी बारा आई एस सौम्या गुरु रानी के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर कोरोना वैक्सीनेशन में हिस्सा लेने वाले समाजसेवियों, पत्रकारों व प्रयाग संगम सेवा संस्थान के सदस्यों को सम्मानित किया और उन्होंने कहा कि आप लोगों ने जो कार्य किया है वह अत्यंत ही सराहनीय है। आप लोगों के द्वारा कोरोना वैक्सीनेशन में जागरूकता फैलाकर खासकर ग्रामीण इलाकों में जहा लोग वैक्सीन लगवाने से कतराते थे। समुदाय स्वास्थ्य केंद्र जसरा के अधीक्षक डॉ तरुण पाठक ने कहा कि प्रयाग संगम सेवा संस्थान के युवाओं ने अत्यंत सराहनीय कार्य किया गया है जिसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है। आप लोगों ने गांव गांव में हमारे साथ चलकर वैक्सीन लगवाने में हमारा सहयोग दिया है वह बहुत ही सराहनीय है। कार्यक्रम में मौजूद खंड विकास अधिकारी जसरा सपना अवस्थी ने आए हुए अतिथियों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रयाग संगम सेवा संस्थान के अध्यक्ष सुधांशू मिश्रा ने किया का संचालन अविनाश त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से देवांशिका सिंह, श्याम लाल तिवारी, ज्ञानेंद्र पाठक, आनंद जायसवाल, आलोक त्रिपाठी, अनूप जायसवाल, रावेंद्र तिवारी चामू, रावेंद्र तिवारी छिड़ीया, नीरज केसरवानी, राकेश पाठक, रामजी त्रिपाठी, विराट द्विवेदी, आलोक पाठक, अंबुज त्रिपाठी अखिल त्रिपाठी, अमित शुक्ला, अजय द्विवेदी, अतुल शंकर, सूरज यादव, पंचम पटेल, शनि शुक्ला, किशन तिवारी, शनि सिंह, प्रेम तिवारी, फूलचंद पटेल, रामनरेश कुशवाहा आदि मौजूद रहे।



## नागरिक पीजी कॉलेज जंघई में वैदिक मंत्रोच्चारण, पूजन, हवन के साथ सत्र का शुभारंभ

**जंघई।** नागरिक पीजी कॉलेज जंघई में सोमवार को प्राचार्य प्रो0 राजीव मालवीय एवं समस्त शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों द्वारा विधि विधान से पूजन अर्चन हवन करके सत्र का शुभारंभ किया गया। प्राचार्य ने बताया कि नये सत्र का शुभारंभ हो चुका है महाविद्यालय में शत प्रतिशत कक्षाएं संचालित की जाती हैं शत प्रतिशत नकलविहीन परीक्षा का आयोजन होता है और लगभग शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम भी आता है।बीए, बीएससी, एमए प्रथम वर्ष का प्रवेश प्रारंभ है प्रवेश लेने हेतु छात्र छात्राएं महाविद्यालय कार्यालय से कालेज विवरणिका प्रवेश फार्म लेकर महाविद्यालय प्रवेश समिति के समक्ष अंकपत्रों की मूल एवं छायाप्रति, आधार कार्ड तथा फोटो के साथ उपस्थित होकर अपना प्रवेश सुनिश्चित करवा लें ताकि समय से छात्रवृत्ति योजना का लाभ भी बच्चों को शत प्रतिशत प्राप्त हो सके।

## जल निगम का पाइप टूटा, पीने के पानी का संकट गहराया



**जसरा।** जसरा बाजार में बिजली विभाग के ठेकेदार द्वारा जेसीबी प्रोजेक्ट के तहत खुले तार की जगह केबल लगाने तथा खंभों के बीच की दूरी को कम करने के लिए खंभा लगाने का कार्य चल रहा है। जिसके चलते ड्रिल मशीन द्वारा पटरियों पर गड्ढा कर खंभा लगाने के दौरान जल निगम का पाइप लगभग 4 जगहों से टूट गया। जिससे जल निगम से आपूर्ति होने वाला पानी पटरियों पर भर गया है। वहीं उपभोक्ताओं में पानी का संकट भी गहरा गया है।पिछले दो दिनों से पूरे जसरा बाजार में बिजली विभाग की ओर से बिजली के खुले तार को बदल करके केबल लगाने के लिए जर्जर खंभों को हटाकर नए खंभे लगाए जा रहे हैं। बिजली विभाग के ठेकेदार द्वारा लगाने के लिए ड्रिल मशीन से पटरियों पर गड्ढा बनाए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि इन्हीं पटरियों के नीचे जल निगम का पाइप भी बिछाया गया है। ड्रिल मशीन से चार जगहों पर पाइप लाइन तोड़ दिया गया है। जिससे लोगों के घरों में पीने के पानी की आपूर्ति बाधित हो गई है। सोमवार को भी जब बिजली विभाग की ओर से नियुक्त लोगों ने कार्य शुरू किया तो कई जगहों पर जल निगम का पाइप ड्रिल मशीन से टूट गया। जिससे पीने का पानी पटरियों पर भरने लगा। स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग के इस कार्य का विरोध किया। वहीं बिजली विभाग की ओर से कार्य कर रहे लोगों ने बताया कि जल निगम के अधिकारियों को 15 दिन पूर्व ही सूचित कर दिया गया था तथा मौके पर उपस्थित होने का अनुरोध किया गया था। लेकिन जल निगम की ओर से कोई भी कर्मचारी उपस्थित नहीं हुआ। जिससे बिजली विभाग के द्वारा नियुक्त लोगों ने खंभा लगाने के दौरान जल निगम का पाइप टूट गया। वहीं इन दोनों विभागों के बीच स्थानीय लोग पिस रहे हैं। लोगों को कहना है कि एक ओर जहां पीने का पानी सड़क पर बहकर बर्बाद हो रहा है वहीं लोगों के घरों के नलों से पानी नहीं आ रहा है । जिससे लोग परेशान हैं। स्थानीय लोगों ने संबंधित अधिकारियों से समस्या के समाधान के लिए गुहार लगाई है।

## खबर संक्षेप

### विसरा रिपोर्ट से खुलेगा गर्भवती महिला की मौत का राज

**प्रयागराज।** कानपुर की कशिश मलिक की मौत का राज अब विसरा रिपोर्ट से खुलेगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। बीमारी के अलावा शरीर पर चोट के निशान भी मिले हैं। डॉक्टरों ने महिला और उसके गर्भ में पल रहे बच्चे की जांच के लिए डीएनए भी प्रिजर्व कर लिया है। इस मामले में पूरामुफ्ती पुलिस ने दहेज हत्या का केस दर्ज किया है लेकिन आरोपी पति को गिरफ्तार नहीं किया। कानपुर जिले के कैंट निवासी संतोष कुमार की बेटी कशिश मलिक (20) ने बम्हरौली के रवि से 20 फरवरी 2022 को प्रेम विवाह किया था। कशिश गर्भवती थी। कुछ दिन पहले वह बीमार पड़ी। शहर के एक अस्पताल में इलाज के दौरान शनिवार रात उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद कशिश के शव को परिजनों को सौंप दिया गया। इस मामले में युवती के मायके वालों ने दहेज के लिए प्रताड़ना का आरोप लगाया है। जबकि उसके पति का कहना है कि मायके से ही वह बीमारी की हालत में पहुंची थी। पुलिस ने इस मामले में कशिश की इलाज कर रही महिला डॉक्टर का बयान भी दर्ज किया है।

# प्रबंध निदेशक उ.प्र. जल निगम एवं सचिव, नगर विकास विभाग अनिल कुमार ने शहर का किया भ्रमण

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रबंध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम(नगरीय) एवं सचिव, नगर विकास विभाग अनिल कुमार ने सोमवार को सीडीए पेंशन भूमि पर कराये गये वृक्षारोपण, खुशरोबाग वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, सीवर गृह संयोजन कार्य, बक्शी बांध पर बनाये जा रहे उच्च जलाशय के निर्माण कार्य एवं सलोरी एस0टी0पी0 में बनाये जा रहे 50 केएलडी को-ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया तथा सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है।सचिव नगर विकास ने सर्वप्रथम सीडीए पेंशन परिसर में पहुंचकर वन विभाग द्वारा 2020-21 एवं 2021-2022 में कराये गये मियावाकी वृक्षारोपण, हरित पट्टी वृक्षारोपण एवं नर्सरी का निरीक्षण किया। इस अवसर उन्होंने प्रभागीय वनाधिकारी को लगाये गये पौधों की उचित देखभाल किए जाने तथा पौधों से पौधों की दूरी मानक के अनुसार रखे जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि उचित दूरी होने पर पौधों का समुचित रूप से विकास होता है।



प्रबंधक निदशक शहर का भ्रमण करते

**नगर विकास सचिव ने खुसरू बाग वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का भी किया निरीक्षण**

प्रबंध निदेशक उ0प्र0 जल निगम एवं सचिव नगर विकास विभाग श्री अनिल कुमार ने प्रयागराज पेयजल पुनगर्ठन योजना फेज-3 से सम्बंधित खुशरूबाग वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में कराये जा रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां पर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तथा अन्य कार्यों को भी देखा। करैलाबाग में पम्पसेट के बदले जाने के कार्य की प्रगति की जानकारी लेते हुए उन्होंने कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए 10 जुलाई तक कार्य को पूर्ण कर सूचित किए जाने का निर्देश महाप्रबंधक जल निगम को दिया है।प्रबंध निदेशक ने मुण्डेरा विसनापुरी कालोनी में सीवर गृह संयोजन के कार्य को देखा तथा लोगो से कार्य के बारे में जानकारी भी ली प्रबंध निदेशक उ0प्र0 जल निगम एवं सचिव नगर विकास विभाग अनिल कुमार ने मुण्डेरा विश्नापुरी कालोनी महिला ग्राम में पहुंचकर सीवरेज डिस्ट्रिक्ट-ई एवं ई पार्ट-2 में सीवर गृह संयोजन के कार्यों को देखा तथा वहां के रहने वाले लोगो से कनेक्शन के बारे में जानकारी भी प्राप्त की। लोगो के द्वारा बताया गया कि सीवर का कनेक्शन हो गया है। उन्होंने कार्यदायी संस्था को सीवर गृह संयोजन के कार्य को गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण किए जाने का निर्देश दिया है। प्रबंध निदेशक ने बक्शी बांध के निकट बनाये जा रहे उच्च जलाशय के निर्माण कार्य का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देशप्रबंध निदेशक उ0प्र0 जल निगम एवं सचिव नगर विकास विभाग अनिल कुमार ने प्रयागराज पेयजल पुनर्गठन योजना फेज-2 के तहत बक्शी बांध के निकट 1150 किली0 उच्च जलाशय के निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया एवं निर्माण की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की। जल निगम के द्वारा बताया गया कि निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो गया है, जो भी छोट-मोटे कार्य बचे हुए है, उनको शीघ्र ही पूरा करा लिया जायेगा। प्रबंध निदेशक ने दो सप्ताह के अंदर कार्य को पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक ने वहां पर पौधरोपण भी किया।

प्रबंध निदेशक ने बक्शी बांध के अंदर सलोरी एसटीपी कैम्पस में बनाये जा रहे ट्रीटमेंट प्लांट के निमार्ण कार्य का किया निरीक्षण प्रबंध निदेशक उ0प्र0 जल निगम एवं सचिव नगर विकास विभाग अनिल कुमार ने बक्शी बांध के अंदर सलोरी एसटीपी कैम्पस में 50 केएलडी को-ट्रीटमेंट प्लांट के निमार्ण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण किए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि कार्यों में समयबद्धता एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाये।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्री शिपू गिरि, प्रभागीय वनाधिकारी रमेश चन्द्र, अपर नगर आयुक्त तथा जलनिगम के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## युवती को नशीला पदार्थ खिलाकर दुराचार करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**मऊआइमा।** एक युवती का जमीन सम्बंधित काम कराने का झांसा देकर एक युवक अपने घर पर बुला कर कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ खिलाफ कर बेहोश करने के बाद उसके साथ दुराचार किया। तथा वीडियो बना कर निरंतर दुराचार करता था।तथा गर्भपात भी कराया। मऊआइमा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी एक युवती का आरोप है कि उसका जमीन सम्बंधित काम कराने के बहाने गांव का एक युवक उसको अपने घर में बुलाकर उसे कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ पीला कर दुराचार किया और वीडियो बना कर ब्लैक मेल करते हुए महीनों उसके साथ कुकर्म किया। युवती का आरोप है कि जब वह गर्भवती हो गई तो एक दुकान में गर्भपात की गोली चाय में मिला कर पीला दिया। आरोप है कि चाय पीते ही वह खून से लथपथ हो गई। पीडिता उसकी शिकायत तमाम अधिकारियों के यहां की परन्तु कोई सुनवाई नहीं हुई । सीएम के यहां फरियाद करने के बाद अधिकारी हरकत में आए। युवती की तहरीर पर धारा 376, 328, 313, 504, 506 के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज कर आरोपी दीपक कुमार पटेल उर्फ अंजली पुत्र शिवनारायण पटेल निवासी अलावलपुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया ।

## थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस टीम द्वारा शांति भंग के अंदेशा में तीन अभियुक्त का किया गया चालान

**नैनी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रयागराज द्वारा अपराध एवम अपराधियो पर अंकुश लगाने हेतु एवम समाज में शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक यमुनापार सौरभ दीक्षित के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी करछना के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक औद्योगिक संजीव चौबे के कुशल नेतृत्व में उप निरीक्षक रामविलास व उप निरीक्षक विनय कुमार गुरुदेव व उनकी पुलिस टीम द्वारा शांति भंग के अंदेशा में तीन अभियुक्त राम अचल पुत्र ननकु राम , राजमणि तिवारी पुत्र स्व उदित नारायण , कृणाबहादुर तिवारी पुत्र स्व रामकरण तिवारी को धारा 151/ 107/ 116 सीआरपीसी के तहत चालान किया गया।

# महंत नरेंद्र गिरि का कमरा खुलवाने की अर्जी खारिज

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के पूर्व अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि का सील कमरा खुलवाने के मामले में दाखिल महंत बलबीर गिरि की याचिका जिला जज ने खारिज कर दी है। जिला जज ने कहा है कि न्यायालय ने कमरा सील करने का आदेश नहीं दिया था। इस वजह से वह कोई आदेश पारित नहीं कर सकता है। यह आदेश जिला जज नलिन कुमार श्रीवास्तव ने महंत बलबीर गिरि की अर्जी पर सुनवाई करते हुए पारित किया है।मामले में जिला न्यायालय ने कहा कि जब कमरे से अब कुछ रिकवरी नहीं करनी है, सील करने के लिए अदालत ने कोई आदेश नहीं दिया था, तो खुलवाने की



अनुमति कैसे दे सकता है? मामले में सीबीआई ने महंत नरेंद्र गिरि ने जिस कमरे में फांसी लगाई थी, वह कमरा सबूतों को इकठ्ठा करने के बाद सील कर दिया था। वसीयत से महंत बनने के बाद बलवीर गिरि की ओर से जिला प्रशासन को पत्र लिखकर उसे खुलवाने की मांग की गई थी। जिला न्यायालय ने इसे खारिज कर दिया।

# अंधविश्वास मामले में परिजनों की नहीं बदली मनोदशा

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** बेटी की मौत के बाद उसके शव के साथ पांच दिनों तक घर में बंद रहने वाले परिवार के सभी सदस्यों को सोमवार को एसआरएन अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। लेकिन अंधविश्वास के मकड़जाल में फंसे सभी चार सदस्यों की मनोदशा नहीं बदली है। घर लौटते वक्त रास्ते में जब उनके रिश्तेदार उनसे मिले तो उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि देवी मां ने बुलाया है। पूजा-पाठ से सब ठीक हो जाएगा। दूसरी ओर रिश्तेदारों अस्पताल प्रशासन पर सवाल उठाए हैं। कहा है कि उनको डिस्चार्ज की सूचना तक नहीं दी गई। अगर परिवार के सदस्यों की मानसिक दशा अभी ठीक नहीं है तो फिर उनको डिस्चार्ज क्यों किया गया। उनकी किसी मनोचिकित्सक से काउंसिल क्यों नहीं कराई गई।बीते मंगलवार को डीहा गांव निवासी अभयराज यादव की बेटी अंतिमा का शव घर में पांच दिनों तक रखकर झांड फूंक करने का मामला सामने आया था। घर से दुर्गंध उठने पर ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस पहुंची तो अंधविश्वास की यह कहानी सामने आई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया और घर में मौजूद अभयराज की तीन बेटियों, तीन बेटों व पांच नाती-पोतों को एसआरएन अस्पताल में भर्ती करा दिया।सभी



जिला चिकित्सालय से छुट्टी मिलने के बाद पैदल जाते परिजन

खाना न मिलने से बेहद कमजोर हो गए थे। बच्चे तो कुपोषण का शिकार बन गए थे। परिवार के लोग भूख लगने पर गंगाजल पीते थे। इसमें दो बेटियों और नाती-पोतों को जरूरी दवाएं देकर अगले ही दिन डिस्चार्ज कर दिया गया। बेटियां बच्चों के साथ ससुराल चली गईं। बाकी का इलाज चल रहा था। सोमवार को अभयराज के तीनों बेटों आर्यन, मानसिंह, ज्ञान सिंह व बेटी बीनू को भी डिस्चार्ज कर दिया गया। अभयराज के साले का लड़का उमाशंकर जब अस्पताल पहुंचा तो उसे इसकी जानकारी हुई। उमाशंकर के मुताबिक परिजनों व रिश्तेदारों को जानकारी दिए बिना ही उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद चोरों अस्पताल से पैदल ही डीहा गांव स्थित अपने घर की ओर निकल पड़े। रिश्तेदारों ने उनकी तलाश की तो वह उन्हें सरस्वती हाईटेक सिटी के पास मिल गए। लेकिन रिश्तेदारों को देखकर वह नाराज हो गए। कहा कि देवी मां ने बुलाया है, घर जा रहे हैं। उनकी पूजा पाठ से ही सब ठीक हो जाएगा। उमाशंकर ने इसकी जानकारी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि दूधनाथ यादव को दी तो उन्होंने लेखपाल व कानूनगो को इसकी सूचना दी। बेंदो टोल बूथ के पास कानूनगो कमला प्रसाद पांडेय और लेखपाल कैलाश शर्मा भी पहुंचे। उन्होंने चारों को वहां रोकर नाश्ता पानी कराया और मदद के रूप में पांच सौ रुपये भी दिए। इसके बाद फिर वह सभी पैदल ही निकल पड़े। टोल प्लाज पर ठहरने के दौरान उन्होंने कहा कि अस्पताल में चिकित्सकों ने उनकी ठीक से देखभाल की है।

### मंगलवार से ही बंद पड़ा है अभयराज का घर

करीब एक सप्ताह पहले बेटी अंतिमा का शव घर से निकालने के बाद परिवार के सदस्यों को प्रशासन द्वारा अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इसके बाद से ही अभयराज का मकान बंद है। अभयराज ने भी घर छोड़ दिया है। लेकिन अभी तक उसके घर को सैनेटाइज नहीं कराया गया है। अभयराज के तीनों बेटे व एक बेटी सोमवार को फिर से डीहा गांव स्थित अपने बंद मकान में पहुंचे हैं। उनके लौटने की सूचना पर आसपास के लोगों में अजीब सी दहशत दिखाई दी। उनकी मनोदशा को देखते हुए ग्रामीण आशंकित दिखा।

# 5 मवेशियों को मारकर फेंकने से ग्रामीणों में आक्रोश

## दो नामजद सहित 20 अज्ञात पर दर्ज हुआ मुकदमा

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** सोरांव के इमाम कुली पुर गांव में 5 गोवंश ओं की मार कर अवशेष फेंक दिया गया जिससे ग्रामीणों को जानकारी हुई तो सनसनी फैल गई सूचना पर पुलिस और प्रशासनिक अफसर पहुंचे और जांच-पड़ताल के बाद अवशेषों को दफनाया गया वही जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने सांगीपुर गांव के प्रधानपति और गोपालक को हिरासत में ले लिया इस मामले में विश्व हिंदू परिषद गौ रक्षा शाखा की ओर से दोनों को नामजद करते हुए सोरांव थाने में एफ आई आर दर्ज कराई गई है इमाम कुली पुर गांव से करीब 1 किमी दूर स्थित खेत में रविवार सुबह 5 गोवंशओं के अवशेष मिले ग्रामीण उधर से गुजरे तो अवशेष देखकर उनके होश उड़ गए कुछ ही देर में वहां भीड़ जुट गई सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गोवंश को मार कर फेंका गया है । सूचना पर होलागढ़ विकासखंड के पशु चिकित्सा अधिकारी विनय द्विवेदी ने अवशेषों का मेडिकल परीक्षण किया जांच पड़ताल में पता चला कि 1 गोवंश के कान में टैग लगा हुआ था । रजिस्टर से मिलान करने पर पता चला कि उक्त टैग सांगीपुर स्थित अस्थाई गौशाला के हैं पुलिस ने सांगीपुर गौशाला में पहुंचकर गोपालक रामचंद्र निवासी दुगार्पुर से पूछताछ शुरू की गई तो इधर उधर की बातें करने लगा उसकी गतिविधि संदिग्ध देख पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया । इसके बाद पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर ही प्रधान पद श्रीकांत पटेल को भी हिरासत में ले लिया । सीओ सुधीर कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा दोनों नामजद आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## बंदरों के आतंक से लोगों का जीना मुश्किल

**सहसों।** फूलपुर तहसील के सहसों एवं रुदापुर गांव के आमजन इन दिनों खतरनाक बंदरों के आतंक से लोग काफी परेशान हो रहे हैं। बंदरों के झुंड से लोगों का गलियों से निकलना दुश्वार कर दिया है बंदरों के आतंक से छतों पर कपड़े तक सुखाना भारी पड़ रहा है। वहीं रात को घरों में सो रहे बच्चों एवं महिलाओं को चंगुल मारकर एवं दांत से काट लेने के कारण खौफ में हैं। क्षेत्र में बंदरों के काटने की आधा दर्जन से अधिक घटनाएं घट चुकी है। लोगों ने बताया कि बंदरों के आतंक के कारण लोग घरों से बाहर निकलने से भी गुरेज करने लगे हैं। कस्बा वासियों ने बताया कि बंदरों का खौफ लोगों की दिनचर्या को भी तब्दील होती जा रहू है खासतौर पर बुजुर्गों के लिए बंदर अच्छी खासी परेशानी बने हुए हैं। इन दिनों स्कूल खुलने के कारण रोज सुबह छोटे छोटे बच्चे स्कूल को जाते हैं तो रास्ते में बंदरों के आतंक के भय से डरे सहमे जान बचाते हुए स्कूल जाते हैं कस्बा वासियों ने प्रशासन से बंदरों को पकड़वा कर जान छुड़ाने की गुहार लगाई है। कई बार कस्बा वासियों ने वन विभाग के आला अधिकारियों तक शिकायत दर्ज कराई परंतु वन विभाग कर्मी गहरी नींद में सो गए हैं।

# ब्लॉक स्तर पर निकलेगी भर्तियां, तिथियां हुई निर्धारित

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जनपद के सभी विकास खण्ड मुख्यालयो में एसआईएस इंडिया लि0 के तत्वाधान में बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु शिविर का आयोजन किया जायेगा। एसआईएस इंडिया लि0 भारत की बहुराष्ट्रीय कम्पनी है। जो सुरक्षा प्रदान करने का कार्य पूरे भारत व विदेशो में कर रही है।

इस शिविर में सुरक्षा सैनिक व सुपरवाइजर की नियुक्ति की जायेगी। शिविर का आयोजन कोविड-19 के प्राविधानो के तहत सोशल डिस्टेंसिंग व मास्क का प्रयोग के साथ किया जाना होगा। विकास खण्ड मुख्यालयो पर तिथिवार आयोजित शिविर के पूर्ण विवरण अनुसार तिथियां ब्लाक स्तर पर निर्धारित की गई है। 11 जुलाई को ब्लॉक कौड़िहार और हंडिया, 12 जुलाई को होलागढ़ और जसरा, 13 को मऊआइमा और शंकरगढ़, 14 को सोराव और चाका, 15 को बहरिया और करछना, 16 को फूलपुर और कौधियारा, 18 को बहादरपुर उरवा, 19 को प्रतापपुर और मेजा, 20 को सैदाबाद, कोराव, 21 को धनुपुर और मांडा, 22 को भगवतपुर और सहसो, 23 जुलाई को भगवतपुर और श्रृंगवेरपुर धाम में शिविर के आयोजन की तिथि निर्धारित की गयी है। उन्होंने आगे बताया किसी ब्लॉक के अभ्यर्थी किसी भी ब्लॉक में भर्ती देख सकते हैं।अपर जिला मजिस्ट्रेट ने शिविरो के सफल आयोजन के लिए सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे आपेक्षित सहयोग प्रदान करेंगे तथा वरिष्ठ भर्ती अधिकारी रजनीश राय तथा औकिर अहमद और अरविंद कुमार द्वारा आयोजन को लेकर अपेक्षाओ के अनुरूप अपना सहयोगात्मक योगदान देंगे।भर्ती अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा जवान एवं सुपरवाइजर पद के लिए शारीरिक माप दण्ड जिसमें लम्बाई 168 सेंमी, सीना 80-85 सेंमी तथा उम्र 21 से 37 के बीच ,वजन 56 से ज्यादा 90 से कम, योग्यता हाईस्कूल पास होना चाहिए। जहा सुरक्षा अधिकारी के लिए ग्रेजुएट होना जरूरी है जिसके लिए उन्होंने इच्छुक बेरोजगार युवको को उक्त निर्धारित तिथिया अपनी सुविधानुसार संबंधित ब्लाको में निर्धारित शिविर में भर्ती हेतु प्रतिभाग कर सकते है,जिसमें चयनित अभ्यर्थियो का पंजीकरण करने के लिए 350 रू0 जमा करना होगा। पंजीकृत चयनियत अभ्यर्थियो को प्रशिक्षण अथवा ट्रेनिंग के लिए लखनऊ भेजा जायेगा, जहाँ प्रत्येक चयनित एवं इच्छुक उम्मीदवारों को प्रशिक्षण के दौरान एक माह प्रशिक्षण के उपरान्त उन्हें तैनाती स्थलो पर सुरक्षा के कार्य में स्थाई तैनाती दिया जायेगा। जहाँ नौकरी के दौरान पीएफ ईएसआई, ग्रेच्युटी, इन्स्युरेन्स, पेंसन एवं अन्य सुविधाएं प्रदान किया जाएगा।

इसके अलावा 65 वर्ष तक स्थाई नौकरी, सलाना वेतनवृद्धि, समय समय पदोन्नति एवं राज्य सरकार के न्यूनतम वेतन अधिनियम के तहत वेतन का भुगतान किया जाता है। विशेष जानकारी के लिए संस्था के अधिकृत वेबसाइट को देखा जा सकता है।

# रोटरी इलाहाबाद मिडटाउन ने 75 यूनिट रक्त दान किया




अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।**रोटरी इलाहाबाद मिड टाउन के नए सत्र का शुभारंभ रक्त सशक्त प्रकल्प के रूप में हुआ। इस अवसर पर रॉबिन हुड आर्मी के सहयोग से एएमए ब्लड बैंक को 75 यूनिट का स्वैच्छिक रक्त दान किया गया। क्लब अध्यक्ष सौरभ पुरी और सचिव गीतिका अग्रवाल ने नई योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि क्लब की ओर से वर्षपर्यंत अलग-अलग स्थानों पर रक्तदान शिविर लगाया जाएगा।

# कांग्रेस का ऐतिहासिक दफ्तर हाथ से जाने के कगार पर, कभी बैठते थे नेहरू और इंदिरा

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** कांग्रेस जितनी संगठनात्मक रूप से कमजोर है, उससे अधिक आर्थिक तंगी का भी उसे सामना करना पड़ रहा है। 31 साल से पार्टी शहर कांग्रेस के ऐतिहासिक कार्यालय का किराया चुकता नहीं कर सकी है। 6.12 लाख रुपये किराया चुकता करने के लिए रविवार को पार्टी कार्यालय में मंथन तो हुआ ही, चंदा भी किया गया। किराया जमा करने के लिए कोर्ट ने पार्टी को 15 जुलाई तक का समय दिया गया है।बकाये अदा न करने पर कांग्रेस कार्यालय की हाल में ही बिजली भी काटी जा चुकी है। सोमवार को किराया चुकाने के लिए दफ्तर में चंदा किया गया। पार्टी की हुई बैठक में प्रदेश महासचिव मुकुंद तिवारी ने गंभीर चिंता जताई। उनका कहना था कि इस ऐतिहासिक दफ्तर को हर हाल में हाथ से जाने नहीं दिया जाएगा। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने 50 हजार रुपये का चेक दिया तो कई नेताओं ने सौ-50 रुपये भी चंदे के रूप में जमा किए।इससे पहले प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से दो लाख रुपये दिए गए जा चुके हैं। इसे मिलाकर अब तक 2.60 लाख रुपये का संग्रह किया जा चुका है। इस कार्यालय को लेकर पार्टी इसलिए भी संजीदा है, क्योंकि इसमें कभी दिग्गजों की अध्यक्षता में बैठकें हुआ करती थीं। इसी दफ्तर से कांग्रेस कमेटी ने कई बड़े फैसले लिए थे। इलाहाबाद शहर कांग्रेस कमेटी की पहली अध्यक्ष कमला नेहरू थीं।इनके बाद पं. जवाहर लाल नेहरू, पुरुषोत्तम दास टंडन, विश्वंभर नाथ पांडेय, मुजफ्फर हसन, इंदिरा गांधी भी इस शहर कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष रह चुकी हैं। शहर के व्यस्ततम इलाके चौक में आजादी के पहले वर्ष 1932 से शहर कांग्रेस कमेटी का दफ्तर है। कभी देश के तीन प्रधानमंत्रियों पं. जवाहर लाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री और इंदिरा गांधी ने इस कार्यालय में हुई महत्वपूर्ण बैठकों में भाग लिया था। आजादी के पहले इस कार्यालय में कई अहम निर्णय भी लिए गए थे।

### इसी दफ्तर में इंदिरा से हुई थी फिरोज की पहली मुलाकात

पुराने कांग्रेसियों का कहना है कि फिरोज गांधी की इंदिरा गांधी से मुलाकात भी इसी दफ्तर में पहली बार हुई थी। यहीं से उनके प्रेम प्रसंगों के किस्से दुनिया भर चर्चित हुए। देश के दो प्रधानमंत्रियों जवाहर लाल नेहरू एवं इंदिरा गांधी के शहर कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष होने के बावजूद अब इस दफ्तर का किराया चुकता करने के लिए चंदा किया जा रहा है।नगर निगम से जुड़े मुद्दे पर मंथन करने के लिए बैठक बुलाई गई थी। इसी दौरान पार्टी कार्यालय के किराये पर कुछ लोग चर्चा करने लगे। किराया प्रकरण के लिए बैठक नहीं बुलाई गई थी। - प्रदीप मिश्र अंशुमान, महानगर अध्यक्ष।किराया जल्द ही चुकता करा लिया जाएगा। इसके लिए पार्टी गंभीर है। इस ऐतिहासिक कार्यालय की गरिमा को किसी भी दशा में धूमिल नहीं होने दिया जाएगा। **- मुकुंद तिवारी, प्रदेश महासचिव।**



# स्वामी विवेकानंद नौजवानों के आदर्श हैं : राजेश केसरवानी

**प्रयागराज।** अमर क्रांतिकारी श्रद्धांजलि ग्रुप प्रयागराज के तत्वाधान पर राजा 12 स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पार्क मुट्ठीगंज में स्वामी विवेकानंद जी की 120 वीं पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि ग्रुप के अध्यक्ष राजेश केसरवानी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद नौजवानों की आदर्श हैं उन्होंने देश के नौजवानों को राष्ट्रवाद से जुड़ने के लिए प्रेरित किया और राष्ट्र समाज और देश के प्रति नौजवानों की क्या भूमिका है उस पर चिंतन करते हुए इस देश के नौजवानों को सच्चा पाथेय दिया। कार्यक्रम के संयोजक अभिलाष केसरवानी जी रहे। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में मुख्य रूप से विवेक अग्रवाल रश्मि जायसवाल , प्रीति रूहेला अजय अग्रहरि, किशन चंद्र जायसवाल, प्यारेलाल जायसवाल, सत्या जायसवाल, सरदार पतिबिंदर सिंह मनोज केसरवानी विजय कृष्ण मेहता आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित किया।

# जिले के 31 परीक्षा केन्द्रों पर होगी बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा

## डीएम की अध्यक्षता में समन्वय बैठक सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा-2022 6 जुलाई 2022 को संपन्न होनी है। इस परीक्षा को महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की जा रही है। इसमें प्रदेश के 17 राज्य विश्वविद्यालय सहयोग कर रहे हैं। जिले में कुल 11700 अभ्यर्थियों की परीक्षा होनी है। इसके लिए 31 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं और प्रत्येक केंद्र पर दो पर्यवेक्षक एक स्टैटिक मजिस्ट्रेट को तैनात किया गया है।

परीक्षा को नकल विहीन शुचिता पूर्ण स्वरूप में संपन्न करने के लिए सोमवार को जिलाधिकारी नितिन बंसल की अध्यक्षता में एक समन्वय बैठक आयोजित की गई जिसमें अपर जिलाधिकारी त्रिभुवन नाथ विश्वकर्मा ने पर्यवेक्षकों तथा केंद्र अध्यक्षों को अति विशिष्ट सूचनाएं प्रदान की। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक रोहित मिश्रा द्वारा परीक्षा से संबंधित सुरक्षा व्यवस्था की सूचनाएं दी गई। जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदानंद द्वारा परीक्षा को व्यवस्थित करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। इस परीक्षा इस परीक्षा को जनपद स्तर पर संयोजित करने के लिए महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली द्वारा डॉक्टर विवेक त्रिपाठी की नियुक्ति की गई है। उन्होंने अपने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर के पी सिंह के निदेर्शों को बैठक में उपस्थित संबंधित अधिकारियों को विधिवत बताया प्रोफेसर राजेंद्र सिंह रज्जू भैया विश्वविद्यालय द्वारा प्रोफेसर बृज भानु सिंह को जनपद स्तर का परीक्षा समन्वय बनाया गया है। उन्होंने परीक्षा के संदर्भ में अनेकानेक आवश्यक सूचनाएं संप्रेषित की और बताया कि अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र पर अपने साथ एक फोटो और अपने प्रवेश पत्र की छाया प्रति और एक पहचान पत्र लाना अनिवार्य रूप से आवश्यक है साथ ही मोबाइल फोन और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को प्रतिबंधित किया गया है। बैठक में 31 परीक्षा केंद्रों के सभी केंद्र अध्यक्ष उपस्थित रहे अंत में जनपद के सहायक नोडल अधिकारी डॉक्टर चंद प्रकाश द्वारा सभी का आभार उद्बोधन किया गया।



समन्वय बैठक में बोलते जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल व बैठक में मौजूद पर्यवेक्षक व स्टेटिक मजिस्ट्रेट।

# खातेदार/सहखातेदार के गाटों के अंश के निर्धारण की समय सारिणी जारी

## तहसीलवार संचालन शुरू करने की प्रदान की गई स्वीकृति

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने बताया है कि वर्ष 1430 फसली रोस्टर में आये समस्त तहसीलों के सूची में उल्लिखित राजस्व ग्रामों में खतौनी के पुनरीक्षण व खतौनी में अंकित प्रत्येक खातेदार सहखातेदार के गाटों के अंश का निर्धारण करने हेतु समय सारिणी जारी कर दी गयी है।

समय सारिणी के अनुसार तहसील सदर के 67 गांव, तहसील कुण्डा के 88 गांव, तहसील पट्टी के 83 गांव, तहसील लालगंज के 66 गांव तथा तहसील रानीगंज के 50 गांव के खतौनी पुनरीक्षण एवं अंश निर्धारण कार्यक्रम का संचालन प्रारम्भ करने की स्वीकृति प्रदान की गयी है। उन्होने बताया है कि जुलाई माह से 31 अगस्त 2022 तक खतौनी में दर्ज खातेदारों/सहखातेदारों के खातावार एवं गाटा नम्बरवार अंश को प्रारम्भिक रूप से सहखातेदार एवं राजस्व समिति के परामर्श से लेखपाल द्वारा आकार पत्र ख0पु0-2 में तैयार किया जायेगा। 01 सितम्बर से 30 सितम्बर तक लेखपालों द्वारा खतौनी में दर्ज सहखातेदारों के गाटा नम्बरवार प्रस्तावित अंश के उद्धरण को आकार पत्र ख0पु0-3 में तैयार किया जायेगा व राजस्व निरीक्षक द्वारा समस्त खातेदारों/सहखातेदारों को आर0सी0 प्रपत्र-8 में नोटिस जारी कर लेखपाल के माध्यम से तामील कराया जायेगा। 01 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक खातेदारों/सहखातेदारों के द्वारा प्रारम्भिक रूप से किये गये अंश निर्धारण के विरूद्ध आपत्ति/शुद्धीकरण आकार पत्र ख0पु0-3 में विवरण अंकित करते हुये यथावश्यक अभिलेखों/प्रमाणों सहित सम्बन्धित लेखपाल अथवा राजस्व निरीक्षक अथवा रजिस्ट्रार कानूनगो को प्राप्त कराया जायेगा। 01 नवम्बर से 30 नवम्बर तक राजस्व निरीक्षक द्वारा ग्राम राजस्व समिति के परामर्श/स्थानीय जांच पड़ताल एवं पक्षों के मध्य सुलह समझौते के आधार पर आपत्तियों का निस्तारण कर अंश निर्धारण आदेश पारित करेगा। 01 दिसम्बर से 15 दिसम्बर तक खातेदार/सहखातेदार के अनिस्तारित आपत्तियों को राजस्व संहिता की धारा 116 के अन्तर्गत उपजिलाधिकारी को निर्णय हेतु अग्रसारित किया जायेगा।

## दो घरों में नकब लगाकर लाखो की चोरी

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** महेशगंज थाना क्षेत्र में आये दिन हो रही चोरी छिनैती मारपीट से ग्रामीणों में हड़कम्प मचा हुआ है ऐसा कोई दिन खाली नहीं जाता कि कुछ न कुछ छिटपुट घटनाएं घटती हो जिससे ग्रामीणों में भय व्याप्त है। मालूम हो कि उक्त थाना क्षेत्र के झींगुर ठाकुर राम का पुरवा गाव में रविवार की बीती रात अज्ञात चोरों ने घर के पीछे नकब लगाकर अंदर घुस गये और चोरों ने श्रीपाल सरोज व उनके भाई के घर से जेवरात सहित नकदी लाखों रुपये के जेवरात चुरा ले गए। सुबह उठने पर घर के अंदर का नजारा देख लोग दंग रह गये। घटना की तहरीर पीड़ित परिजनों ने पुलिस को दी। पुलिस जांच में जुटी हुई है।

## बोरी में मिला कुत्ते का शव, लगी भीड़

**प्रतापगढ़।** कधंई थाना क्षेत्र के बाबा बेलखरनाथ धाम रोड़ पूरे पांडे गांव के पास सोमवार की सुबह 5 बजे सड़क के किनारे बोरी में शव मिलने की सूचना पर हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी मौके पर पहुंची दीवानगंज पुलिस ने चैकीदार के माध्यम से बोरी खुलवाया तो उसमें बुलडाग कुत्ते का शव मिला। घंटों तक बाबा बेलखरनाथ रोड पर अफरा तफरी का माहौल रहा। घटना की जानकारी आग की तरह फैली देखते ही देखते सैकड़ों लोगों का हूजूम उमड़ पड़ा। चैकी प्रभारी दीवानगंज एके सिंह ने बताया कि सुबह 6 बजे बोरी में शव मिलने की सूचना मिलने पर जांच की गई बोरी में कुत्ते का शव मिला है।

## दिवाकर का असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर हुआ चयन

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** जम्मू कश्मीर में विदेश मंत्रालय में कार्यरत रहे दिवाकर सिंह का डिग्री कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर चयन हुआ है। उनके इस चयन पर क्षेत्र के अनेक लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। बाबा बेलखरनाथ धाम के सराय गनई निवासी शिव प्रताप सिंह के बेटे दिवाकर सिंह वर्तमान समय में जम्मू कश्मीर के विदेश मंत्रालय में जूनियर ट्रांसलेटर के पद पर कार्यरत है। जिन्होंने नौकरी के दौरान यूपीएचइएसटी की परीक्षा दी, जिसमें उन्हें 18वीं रैंक प्राप्त करते हुए डिग्री कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर चयन हुआ। उनके इस चयन पर दिवाकर के बड़े भाई पूर्व प्रधान प्रशान्त सिंह, प्रवीण सिंह, चन्दन सिंह, पूर्व प्रधान रिंकू सिंह, नीलेश मास्टर, राजकुमार सिंह, दुर्गेश सिंह, मोने सिंह, अजीत प्रताप सिंह मुन्ना, त्रिभुवन सिंह, ओम प्रकाश शर्मा, संतोष दुबे, प्रिंस दुबे, संजय सिंह एडवोकेट सहित अनेक लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।



दिवाकर सिंह।

## समाजसेवी के निधन पर ग्रामीणों में शोक की लहर

**पट्टी, प्रतापगढ़।** तहसील क्षेत्र के भोपालपुर गांव के रहने वाले समाजसेवी कन्हैयालाल सिंह का सोमवार की सुबह चार बजे निधन हो गया। वह 68 साल के थे। मृदुभाषी और सरल स्वभाव के रहने वाले कन्हैया लाल लोगों की मदद करने के लिए जाने जाते थे। लगभग एक पखवाड़े पहले वह बीमार हुए थे। परिजन उन्हें प्रतापगढ़ स्थित एक नर्सिंग होम में उनका इलाज कराया, जहां से इलाज के बाद वह घर पर थे और उनका इलाज चल रहा था। इसी बीच सोमवार की सुबह अचानक उनका निधन हो गया। निधन होने की सूचना पर ग्रामीणों ने उनके घर पहुंच कर शोक संवेदना प्रकट किया। सोमवार की सुबह घर पर शोक संवेदना प्रकट करने वालों का तांता लगा रहा।

# देश की ज्वलंत समस्याओं से ध्यान भटकाने में लगी सरकारः प्रमोद

## भाजपा सांसद पर राज्यसभा सदस्य ने कसा तंज

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने आज सोमवार को यहां कहा कि देश संकट के दौर से गुजर रहा है। पेट्रोल 100 के पार, किसान परेशान व बेरोजगारी से ध्यान हटाने के लिये भाजपा फूट डालो राज करो की नीति पर हिन्दू-मुस्लिम को लड़ाने का काम कर रही है।

उदयपुर की घटना तथा महाराष्ट्र सरकार गिराकर लोगों का ध्यान बांटा जा रहा है। श्री तिवारी राज्य सभा सदस्य बनने के बाद पहली बार प्रतापगढ़ शहर आगमन पर प्लाजा पैलेस में भव्य स्वागत समारोह में बोल रहे थे। श्री तिवारी ने प्रतापगढ़ के सांसद संगम लाल गुप्ता पर भी तंज कसते हुए कहा कि मेरे जीवन काल में पहले किसी सांसद ने झूठी रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिस भाजपा शीर्ष नेतृत्व को भी विश्वास नहीं हुआ, मैं उनको धन्यवाद देता हूं। सोमवार को सगरा सुंदरपुर, मोहनगंज, सुखपालनगर, कटरा तथा प्लाजा पैलेस में हुए स्वागत पर आभार प्रकट करते हुए प्रमोद ने कहा कि प्रतापगढ़ की जनता के आशीर्वाद से ही मैं राजस्थान से राज्यसभा सदस्य का चुनाव जीत सका हूं। स्वागत समारोह में उपस्थित उत्तर प्रदेश कांग्रेस विधायक दल की नेता आराधना मिश्र मोना ने कहा कि मैं अपने पिता की राजनैतिक विरासत को ईमानदारी से आगे बढ़ा रही हूं। यही कारण है कि नौ बार मेरे पिता जिस विधान सभा क्षेत्र से जीते, वहां मैं भी आप सबके सहयोग से हैट्रिक लगा सकी हूं। स्वागत समारोह की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डा0 लालजी त्रिपाठी तथा संचालन श्याम शंकर शुक्ल ने किया। इस अवसर पर पंडित श्याम किशोर शुक्ल, नीरज तिवारी, प्रशांत देव शुक्ल, नरसिंह प्रकाश मिश्र, बृजेन्द्र मिश्र, इरफान अली, अब्दुल वाहिद, अब्दुल रहमान, कपिल द्विवेदी, वेदान्त तिवारी, मुकुंद तिवारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने बारी-बारी से प्रमोद व मोना का माल्यार्पण कर स्वागत किया।



राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी व विधायक मोना का स्वागत करते कांग्रेस पदाधिकारी

# साकेत गर्ल्स कालेज का निरंतर हो रहा विकासः देश दीपक वर्मा

## पुराने संस्मरणों का याद कर भावुक माहौल बनाया पूर्व विधायक हरिप्रताप सिंह

### स्कूल में आयोजित हुआ अभिभावक सम्मान समारोह

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** साकेत ग्रुप ऑफ कालेजेज द्वारा आयोजित अभिभावक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व महासचिव राज्य सभा देश दीपक वर्मा ने कहा कि जिस विद्यालय का शिलान्यास मैने 30 अक्टूबर 1996 को किया था, आज उसकी छात्र संख्या 29 से बढ़कर लगभग 1800 हो चुकी है।

उन्होंने कहा कि उन 30 से अधिक छात्राओं के अभिभावकों के सम्मान कर रहा हूँ जिन्होंने विश्वविद्यालय स्तर पर गोल्ड मेडल, सिल्वर मेडल, ब्रांज मेडल, नेशनल मेरिट स्कॉलरशिप, नेट उत्तीर्ण किया है या फिर उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में प्रदेश में 9वां और 11वां स्थान प्राप्त किया है।

उन्होंने न केवल छात्राओं का सम्मान किया बल्कि उनके अभिभावकों और शिक्षकों का भी सम्मान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व विधायक हरि प्रताप सिंह ने साकेत विद्यालय से जुड़े पुराने संस्मरणों को लोगों के समक्ष रखा। कार्यक्रम की शुरूआत में सभी अभिभावकों और मुख्य अतिथि का स्वागत ढ़ोल-नगाड़े के साथ किया गया और शिरड़ी के साई समर्थ का आर्शिवाद लेकर मुख्य अतिथि देश दीपक वर्मा, रीता दीपक, हरि प्रताप सिंह एवं प्रेमलता सिंह को अंग-वस्त्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रबन्धक अरविन्द श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वन्दना, साई वन्दना एवं स्वागत गीत द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनन्त प्रकाश शुक्ला ने किया। आगन्तुकों के प्रति आभार महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 नीलिमा श्रीवास्तव ने किया।



छात्रा को सम्मानित करते पूर्व महासचिव राज्यसभा देश दीपक वर्मा।

## विशेष लोक अदालत में 12 आर्बिट्रेशन वादों का किया गया निस्तारण

**प्रतापगढ़।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव नीरज कुमार त्रिपाठी ने बताया है कि आर्बिटेज्शन के निष्पादन वादों से सम्बन्धित मामलों को समझौते के आधार पर निपटाने के लिये विशेष लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायालय परिसर में किया गया। आर्बिटेज्शन निष्पादन वादों के सन्दर्भ में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजय शंकर पाण्डेय के निदेर्शानुसार समस्त अपर जिला जज द्वारा अपने-अपने न्यायालयों में लम्बित आर्बिट्रेशन के वादों का निस्तारण किया गया। विशेष लोक अदालत में जनपद न्यायाधीश संजय शंकर पाण्डेय द्वारा कुल 05 वादों का निस्तारण किया गया। अन्य में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम सन्तोष कुमार तिवारी द्वारा 06 वादों का निस्तारण एवं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय आलोक द्विवेदी द्वारा 01 वाद निस्तारण किया गया।

# डीडीओ ने कालाकांकर के ग्राम विकास अधिकारियों का किया स्थान्तरण

## ग्राम प्रधानों ने स्थानांतरण पर जताया आक्रोश

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** ब्लाक मुख्यालय कालाकांकर में लगभग तीन वर्षो से जमे पड़े ग्राम विकास अधिकारियों का डीएम के आदेश पर जिला विकास अधिकारी ओम प्रकाश के अचानक तबादला कर दिया। इससे गांव में जहां विकास कार्य बाधित हो गया, वहीं ग्राम प्रधानों में अचानक हुए स्थान्तरण से हड़कम्प मच गया।

मालूम हो कि ब्लाक मुख्यालय कालाकांकर में कार्यरत ग्राम विकास अधिकारी अजीत कुमार पटेल को कुंडा, संदीप कुमार सरोज को बाबागंज, अविनाश सिंह पटेल को बिहार व निर्भय प्रताप सिंह का बिहार ब्लाक में स्थानांतरण कर दिए जाने से ग्राम प्रधानों में आक्रोश व्याप्त है। आक्रोशित ग्राम प्रधानों का कहना है कि ग्राम पंचायत चुनाव के एक साल बीत जाने पर किसी तरह गांव का विकास कार्य शुरू किया गया तो इसी बीच ग्राम पंचायत सचिवों का दूसरे ब्लाक में स्थानांतरण कर दिया गया ऐसे में एक बार फिर गाँव के विकास में रुकावट सामने आ गई।

जब कि एक ग्राम पंचायत सचिव के पास 5से लेकर 6 गांव है। ग्राम पंचायत कुसुवापुर, ककरिहा, मनार,ऐठू,कालाकांकर ,बरियावां, कदई, भददिव, जनवामऊ, झुकवारा रेवली आदि गाँव के आक्रोशित ग्राम प्रधानो ने जिलाधिकारी प्रतापगढ़ से ग्राम विकास अधिकारियों का स्थानांतरण निरस्त करने की पुरजोर मांग की है जिससे गाँव का विकास कार्य अपनी रफ्तार पकड़ सके, क्योकि 2024 में लोक सभा चुनाव का समय आ जायेगा जिससे आचार संहिता लागू होने पर विकास कार्य ठप पड़ जाएंगे। ब्लाक परिसर में ग्राम प्रधानों की चहल पहल न होने से सन्नाटा छाया हुआ है। जिससे विकास कार्य ठप पड़ा हुआ है।

## सिग्नल फेल तीन घंटे तक ठप रहा ट्रेनों का संचालन

**प्रतापगढ़।** सोमवार को स्थानीय रेलवे स्टेशन यार्ड का पूरा सिग्नल सिस्टम ही फेल हो गया। जिससे जनता एक्सप्रेस, पंजाब मेल और पटना स्पेशल समेत कई ट्रेनों का संचालन करीब तीन घंटे ठप रहा। ट्रेनों को जगह जगह रोका गया था। इससे यात्रियों को काफी दिक्कतें आई। गरमी और उमस ने उनकी हालत बिगाड़ थी। खाने पीने के लाले पड़ गए। जानकारी के अनुसार पूर्वाह्न करीब साढ़े ग्यारह बजे यार्ड का सिग्नल अचानक से फेल्योर हो गया। वह समय कई महत्वपूर्ण ट्रेनों के आने का था। अचानक आई इस समस्या से जिम्मेदार कर्मचारियों पर जैसे आफत आ गई हो। लोग लगे फाल्ट ढूढने इस चक्कर में करीब तीन घंटे लग गया। दोपहर दो बजकर तीस मिनट पर जाकर सिग्नल ठीक हो पाया। उसके बाद ट्रेनों का संचालन शुरू हुआ।इस बीच बनारस जा रही जनता एक्सप्रेस को चिलबिला में रोकना पड़ा। पंजाब मेल और पटना स्पेशल को रास्ते में रोक दिया गया। तीन घंटे तक लोग फंसे रहे।

# बदहाल सड़क हुई खस्ताहाल, ग्रामीण परेशान

## आखिर कब होगा निर्माण

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बड़ी-बड़ी गिट्टियां राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बनी हुई है। गांव से गुजरने वाले लोग अक्सर रास्ते से बच बचाकर निकलते हैं। कई बार तो राहगीरों की साइकिल मोटरसाइकिल भी बदहाल सड़क के कारण खराब हो चुकी है। यह हाल पट्टी राजा बाजार मार्ग से निकले हुए भरोखन गांव में जाने वाली सड़क का है जिसका मरम्मतीकरण ना होने से ग्रामीण और राहगीर परेशान है।

पट्टी राजा बाजार मार्ग से एक मार्ग भरोखन गांव में जाता है वहीं से होकर यह रास्ता उमरडीहा, अतरौरा होते हुए सड़क पट्टी ढकवा मार्ग कल्लू नगर चैराहे पर मिल जाती हैं।

प्रतिदिन यहां से गुजरने वाले सैकड़ों राहगीर अब परेशान हैं क्योंकि बदहाल सड़क लोगों के लिए परेशानी का कारण बन चुकी है। 6 साल पहले सड़क का निर्माण जिला पंचायत निधि से हुआ था लेकिन सड़क पर बड़े वाहनों के आने-जाने तथा सड़क पुरानी होने के कारण अब यह बदहाल हो चुकी है। जगह-जगह बड़े-बड़े पत्थर निकल आए हैं।

पैदल चलना राहगीरों के लिए दूभर है तो साइकिल और मोटरसाइकिल का पंचर होने का आशंका हमेशा बनी रहती है जिसके कारण लोग यहां से गुजरने के लिए गुरेज करते हैं। गांव के रहने वाले दुर्गेश यादव का कहना है कि सड़क न बनने से परेशानी हो रही है, तो रुस्तम यादव का कहना है कि सड़क काफी खस्ताहाल है शिकायती पत्र देने के बाद भी सड़क का निर्माण नहीं हो रहा है तो वही गांव के रहने वाले सचिन का कहना है कि किसानों तथा विद्यार्थियों को सड़क से गुजरने पर काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है ।इस संबंध में जिला पंचायत सदस्य से बात करने पर उन्होंने बताया कि सड़क खस्ताहाल हुई है जल्द ही इसके बारे में प्रस्ताव पारित कराकर सड़क का निर्माण कराया जाएगा।



बदहाल सड़को से आते जाते लोग।

# खाद्यान्न माफिया ने मिटाया साक्ष्य, आपूर्ति निरीक्षक ने दी पुलिस को तहरीर, 156 बोरी पकड़ा गया था सरकारी राशन

## पीछे का दरवाजा तोड़कर अंदर जा कर बोरी से अलग किया राशन

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शनिवार की रात खाद्यान्न माफिया ने सील गोदाम के पीछे लगे दरवाजे को तोड़ कर अंदर दाखिल हो गया। बोरी मे रखे सरकारी खाद्यान्न को बोरी से बाहर कर दिया। जानकारी होने पर बाजार के लोगो ने मामले की सूचना अधिकारियों को दी। पहुँचे आपूर्ति निरीक्षक ने घटना की जाँच के बाद पुलिस को तहरीर दी है।

एक जुलाई को देर शाम साँगीपुर बाजार स्थित एक निजी गोदाम में रखे 156 बोरी सरकारी खाद्यान्न को स्थानीय लोगो ने पकड़ लिया। मामले की सूचना अधिकारियों को दी। देर रात पहुंचे सप्लाई इंस्पेक्टर मयंक चतुवेर्दी ने गोदाम को सील कर चले गए। दो जुलाई की रात में खाद्यान्न माफिया ने सील गोदाम के पीछे लगे दरवाजे को तोड़कर अंदर दाखिल हो गया। गोदाम में रखा हुआ सरकारी खाद्यान्न की सभी बोरियों को खोल कर राशन को जमीन पर उड़ेल दिया। साक्ष्य मिटाने के लिए खाली बोरियों को उठा ले गया।सुबह बाजार वासियों ने गोदाम के पीछे का दरवाजा टूटा देखकर सन्न रह गए। अंदर झांक कर देखा तो गेहूं व चावल जमीन पर पड़ा हुआ था।

लोगों ने मामले की जानकारी अधिकारियों को दी। मौके पर पहुँचे आपूर्ति निरीक्षक राज सिहं यादव ने मामले की जॉच की। लोगों ने बताया की उक्त व्यापारी द्वारा काफी अर्से से सरकारी खाद्यान्न की खरीद व बेच का करोबार किया जा रहा है। व्यापारी ने बाजार स्थित लगभग आधा दर्जन गोदाम भी बना रखा है। घटना के बावत आपूर्ति निरीक्षक ने रविवार को कस्बा निवासी सुनील कुमार के विरूद्ध पुलिस को तहरीर दी है। अवैध रूप से पकड़े गए सरकारी खाद्यान्न मामले में तहरीर के दूसरे दिन दोपहर तक मामला दर्ज नही किया जा सका। जब कि आपूर्ति निरीक्षक ने रविवार को ही सांगीपुर पुलिस को तहरीर दे दी है। इस संबंध में आपूर्ति निरीक्षक राज सिहं यादव ने बताया कि आरोपी के विरूद्ध तहरीर दी है। मामला पंजीकृत करना पुलिस का काम है।

## वृक्षारोपण के लक्ष्य को शत प्रतिशत करें पूरा करेंः प्रमुख सचिव

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश में 35 करोड़ वृक्षारोपण महाअभियान के अंतर्गत जिला पर्यावरण समिति की बैठक प्रमुख सचिव प्राविधिक शिक्षा उत्तर प्रदेश/नोडल अधिकारी प्रतापगढ़ सुभाष चंद्र शर्मा की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक में प्रमुख सचिव सुभाष चंद्र शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस बार जिन विभागों को वृक्षारोपण के जो लक्ष्य दिए गए हैं, उसका शत प्रतिशत अनुपालन करें और वृक्षारोपण कराएं। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण अभियान को जन आंदोलन से जोड़ा जाए, जो पौधे लगाए जाएं, उनकी सुरक्षा भी की जाए और सभी लोग पौधों के साथ जियो टैगिंग करेंगे। उन्होंने कहा कि जनपद में वृक्षारोपण के लक्ष्य की पूर्ति की अवश्य की जाए, इसमे किसी भी प्रकार की लापरवाही कदापि न बरती जाए।

## खबर संक्षेप

### चोरी का प्रयत्न करने वाले अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा अभियुक्त पप्पू पुत्र बुधराम निवासी हड़िया थाना मंझनपुर को चोरी का प्रयत्न करते हुये गिरफ्तार कर इस सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### दो वारण्टी अभियुक्त किये गये गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना कौशाम्बी पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त लल्लू पुत्र रामधनी निवासी उरई अशरफपुर थाना कौशाम्बी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।इसी प्रकार थाना सरायअकिल बल द्वारा वारंटी अभियुक्त पप्पू पुत्र भैरव प्रसाद निवासी हनुमान मंदिर के पास कस्बा व थाना सराय अकिल को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# पौधों के संरक्षण के लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के आयुक्त ने दिये निर्देश

**ग्रामवासियों से वार्ता कर अधिक से अधिक पौधारोपण कर संरक्षण करने तथा लोगों को जागरूक करने का किया आग्रह**

अखंड भारत संदेश


नर्सरी का निरीक्षण करते मंडलायुक्त

**कौशाम्बी।** मण्डलायुक्त प्रयागराज मण्डल प्रयागराज नोडल अधिकारी संजय गोयल ने वृक्षारोपण जन आन्दोलन वर्ष-2022 में 05 जुलाई 2022 को जनपद में पौधरोपण हेतु वन विभाग एवं विकास खण्ड नेवादा द्वारा तारन में चिन्हित विभिन्न स्थलों का स्थलीय निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को लक्ष्य के सापेक्ष गड्ढों का खुदान कर पौधारोपण कराने के निर्देश देते हुए कहा कि पौधों के संरक्षण के लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाय उन्होंने उपस्थित ग्रामवासियों से वार्ता कर पौधारोपण के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि आप लोग भी अधिक से अधिक पौधारोपण कर संरक्षण करें तथा अपने आस-पास के लोगों को भी पौधारोपण के कार्य में जागरूक कर पौधारोपण हेतु प्रेरित करें। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि मुख्यमंत्री की अपेक्षानुसार पौधारोपण के कार्य में आमजन को भी सहभागी बनाया जाय मण्डलायुक्त ने नर्सरी वन विभाग नेवादा का स्थलीय निरीक्षण कर प्रभागीय वनाधिकारी से पौधों की उपलब्धता एवं पौधों के उठान की विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि ग्रामवार अलग-अलग इण्डेन्ट जारी किया जाय इसके साथ ही उन्होंने नर्सरी से अब तक उठान किये गये पौधों की संख्या की जानकारी भी प्राप्त किया इस अवसर पर पौधों के उठान हेतु उपस्थित ग्राम प्रधान बेघहरा उस्मानपुर से वार्ता कर ग्राम में पौधारोपण की तैयारियों की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि पौधारोपण के साथ ही पौधों का संरक्षण भी किया जाय तथा ग्रामवासियों को भी अधिक से अधिक पौधारोपण करने हेतु जागरूक किया जाय ग्राम प्रधान द्वारा अवगत कराया गया कि उनके गॉव में 1750 पौधे लगाये जाने की कार्ययोजना बनाई गयी हैं इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री सुजीत कुमार, मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी एवं उपजिलाधिकारी चायल मनीष यादव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### मण्डलायुक्त ने गौशाला बरियावॉ का किया आकस्मिक निरीक्षण

**सचिव, ग्राम पंचायत बरियावॉ को निलम्बित करने के निर्देश तथा ग्राम प्रधान बरियावॉ के विरूद्ध 95जी एक्ट के तहत कार्यवाही के निर्देश**

**कौशाम्बी।** मण्डलायुक्त संजय गोयल ने गौशाला बरियावॉ (विकास खण्ड नेवादा) का आकस्मिक निरीक्षण किया मण्डलायुक्त ने निरीक्षण के दौरान गौशाला में भूसा एवं हरे चारे की उपलब्धता तथा पानी की सुविधा आदि की जानकारी प्राप्त करते हुए खण्ड विकास अधिकारी को गौशाला में पर्याप्त मात्रा में चारा सहित अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित रखने के निर्देश दियें। उन्होंने गौशाला में व्यवस्थायें ठीक प्रकार से न पाये जाने पर सचिव, ग्राम पंचायत बरियावॉ को निलम्बित करने एवं ग्राम प्रधान बरियावॉ के विरूद्ध 95जी एक्ट के तहत कार्यवाही करने के निर्देश दियें। उन्होंने कुछ गौवशों की ईयर टैगिंग न पाये जाने पर सम्बन्धित पशु चिकित्साधिकारी से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दियें। इस अवसर पर जिलाधिकारी सुजीत कुमार, मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी एवं उपजिलाधिकारी चायल मनीष यादव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### रविंद्र प्रताप सिंह जिलाध्यक्ष और अजय कुमार यादव चुने गए ब्लॉक अध्यक्ष



**कौशाम्बी।** बेसिक शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन की एक बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता बेसिक शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डा महेंद्र कुमार यादव ने की 'बैठक में श्री रविंद्र प्रताप सिंह प्राथमिक विद्यालय बडनपुर,घाटमपुर ब्लॉक सिराथू जिला कौशांबी को बेसिक शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश का जिला अध्यक्ष कौशांबी सर्वसम्मिति से चुना गया तथा श्री अजय कुमार यादव को उच्च प्राथमिक विद्यालय बड़नपुर, घाटमपुर ब्लॉक सिराथू जनपद कौशांबी को बेसिक शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन उ.प्र सिराथू ब्लॉक का सर्वसम्मति से ब्लॉक अध्यक्ष चुना गया है। दोनो पदाधिकरी ने अपने कर्तव्यों का पालन ईमानदारी से करने व शिक्षक हित में सदैव तत्पर रहने की बात कहीं कार्यक्रम के उपरांत पदाधिकारियों को बधाई दी गई है इस मौके पर प्रदेश सलाहकार प्रखर नरेश प्रदेश मंत्री महेंद्र सिंह व मंडल अध्यक्ष धीरज सिंह तथा भारी संख्या में अध्यापक मौजूद रहें।

### डिजिटल आरके कंप्यूटर में सकुशल संपन्न हुई परीक्षा



**करारी कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र के मोआजम पुर इंडियन आयल पेट्रोल पम्प के सामने स्थापित डिजिटल आरके कंप्यूटर सेंटर में 3 जुलाई को छात्र छात्राओं की प्रवेश परीक्षा में सैकड़ों छात्र छात्राओं ने भाग लिया बादा जिला से आए एकजामनर की देखरेख में प्रवेश परीक्षा सकुशल संपन्न हुई है। डिजिटल आरके कंप्यूटर सेंटर की डायरेक्टर सावित्री मैम ने बताया कि इस प्रवेश परीक्षा के टॉपर छात्र छात्राओं को निशुल्क कंप्यूटर शिक्षा प्रदान कराई जाएगी और उन छात्र-छात्राओं को पुरुस्कार से सम्मानित किया जाएगा इस मौके पर उन्होंने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री का सपना है कि देश में घर-घर कंप्यूटर की शिक्षा का दीप जले देश प्रदेश एवं जिले का नाम युवा पीढ़ी रोशन करें कार्यक्रम में डायरेक्टर सावित्री मैम मैनेजर सलमान सर बांदा जनपद से आए हुए इंटेक्स एग्जामिनर आदि लोग उपस्थित रहे।

### कोखराज थाने में आयोजित हुई पीस कमेटी की बैठक



**कोखराज कौशाम्बी।** आगामी बकरीद के त्यौहार को लेकर कोखराज थाने में सीओ सिराथू व चायल तहसीलदार के नेतृत्व में पीस कमेटी की मीटिंग हुई बैठक में सीओ चायल ने स्पष्ट कहा है कि खुले स्थान पर कुबार्नी नहीं की जाएगी घर के अंदर कुबार्नी करें। थाना कोखराज में बकरीद के त्योहार को लेकर क्षेत्र के सभी ग्राम प्रधान व गणमान्य लोगों की उपस्थिति में पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई इस मौके पर एसओ कोखराज गणेश प्रसाद सिंह चौकी प्रभारी हरर्राय पुर राकेश रॉय, चौकी प्रभारी धीरेंद्र कुमार सिंह एसआई महेंद्र सिंह, आदि लोग उपस्थिति रहे जिसमें कोखराज एसओ ने कहा कि सभी अपने अपने घरों में ही कुबार्नी करें खुली जगह पर कुबार्नी न हो उन्होंने कहा कि इसकी शिकयत मिलने पर तत्काल कार्यवाही की जाएगी।

# 15 केन्द्रों में 5049 परीक्षार्थी होंगे सम्मिलित : डीएम

अखंड भारत संदेश

**डीएम ने कहा कि बीएड परीक्षा में किसी भी स्तर पर लापरवाही नही होगी क्षम्य, बी0एड0 संयुक्त प्रवेश परीक्षा-2022-24 को सकुशल, शान्तिपूर्ण एवं सुचितापूर्ण संम्पन्न करायें जाने हेतु नियुक्त सभी अधिकारियों के साथ की बैठक**


बैठक करते जिलाधिकारी और उपस्थित विभिन्न विभाग के अधिकारी

**भरवारी कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने भवन्स मेहता महाविद्यालय भरवारी के सभागार में उ0प्र0 बी0एड0 संयुक्त प्रवेश परीक्षा-2022-24 को सकुशल, शान्तिपूर्ण एवं सुचितापूर्ण सम्पन्न करायें जाने हेतु जोनल मजिस्ट्रेट, सचलदल प्रभारी, उप नोडल अधिकारी, केन्द्राध्यक्षों, स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं पर्यवेक्षकों के साथ बैठक की। जिलाधिकारी ने उ0प्र0 बी0एड0 संयुक्त प्रवेश परीक्षा-2022-24 को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए नियुक्त सभी अधिकारियों को विशेष सर्तकता बरतते हुए परीक्षा सकुशल, शान्तिपूर्ण एवं सुचितापूर्ण संम्पन्न कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी, लापरवाही पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जायेंगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा हेतु जारी सभी दिशा-निदेशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने सभी नियुक्त अधिकारियों को समय से परीक्षा केन्द्र पर पहुचने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी केन्द्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किये गये है। जनपद में उ0प्र0 बी0एड0 संयुक्त प्रवेश परीक्षा-2022-24 दिनांक 06 जुलाई 2022 को आयोजित की जायेंगी, जिसके लिए 15 केन्द्र बनाये गये है। इस परीक्षा में कुल 5049 परीक्षार्थी सम्मिलित होगें। यह परीक्षा 02 पालियों में आयोजित की जायेगी। प्रथम पाली की परीक्षा पूर्वान्ह 09 बजे से 12बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा अपरान्ह 02 बजे से सायं 05 बजे तक आयोजित की जायेंगी। परीक्षा सकुशल सम्पन्न कराने हेतु कुल 15 स्टैटिक मजिस्ट्रेट, 05 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 03जोनल मजिस्ट्रेट, 05 सचल दल तथा 09 केन्द्र प्रतिनिधि नियुक्त किये गये तत्पश्चात जिलाधिकारी एवं अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर ने भवन्स मेहता महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया।

# गंगा नदी के संदीपन घाट में मिली पाषाण काल की प्रतिमा


गंगा नदी में मिली पाषाण काल की मूर्ति

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह गंगा नदी के संदीपन घाट पर पहुंचे नाविकों ने जलधारा में देवी प्रतिमा देखी है नाव का सहारा लेकर नाविकों ने प्रतिमा को किनारे पर रख दिया प्रतिमा देखने से काफी प्राचीन लग रही है स्थानीय लोगों का अनुमान है कि यह प्रतिमा पाषाण काल युग की है। आकार से अंदाजा लगाया गया कि यह प्रतिमा किसी देवी की ही है लेकिन किस देवी की है यह साफ तौर पर पुरातत्व विभाग के जानकार ही बता पाएंगे फिलहाल नाविकों ने पुलिस या पुरातत्व विभाग को जानकारी नहीं दी है। कोखराज इंस्पेक्टर गणेश प्रसाद का कहना है कि प्रकरण संज्ञान में नहीं है। प्रतिमा को थाने पर सुरक्षित कराकर पुरातत्व विभाग को खबर दे दी जाएगी।

### मंझनपुर कोतवाली में हुई पीस कमेटी की बैठक



**कौशाम्बी।** आगामी बकरीद के त्यौहार को लेकर मंझनपुर कोतवाली में प्रशिक्षणाधीन सीओ वा कोतवाल विनोद कुमार सिंह के नेतृत्व में पीस कमेटी की मीटिंग हुई बैठक में सीओ ने स्पष्ट कहा है कि खुले स्थान पर कुबार्नी नहीं की जाएगी घर के अंदर कुबार्नी करें आगामी बकरीद त्यौहार के उपलक्ष्य में दोनों वर्गों के सम्मानित व्यक्तियों को कोतवाली में बुलाकर त्योहार को सकुशल संपन्न कराने हेतु पीस कमेटी की मीटिंग की गई। पीस कमेटी की बैठक में निर्देशित किया गया कि सभी अपने अपने घरों में ही कुबार्नी करें खुली जगह पर कुबार्नी न हो उन्होंने कहा कि इसकी शिकयत मिलने पर तत्काल कार्यवाही की जाएगी कोतवाली मंझनपुर में बकरीद के त्योहार को लेकर क्षेत्र के ग्राम प्रधान गणमान्य लोगों की उपस्थिति में पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई इस मौके पर उप निरीक्षक और नगर क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थिति रहे।


स्मृति चिन्ह देते जिलाध्यक्ष

### स्मृति चिन्ह दे कर न्यायिक अधिकारियों का सम्मान पूर्वक हुआ विदाई समारोह

**कौशाम्बी।** उच्च न्यायालय द्वारा न्यायिक अधिकारियों का स्थानांतरण कर दिया गया जिस पर मॉडल डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने न्यायिक अधिकारियों को इस अमृत चिन्ह प्रदान कर उनका सम्मान पूर्वक विदाई किया है इस मौके पर अधिवक्ताओं ने न्यायिक अधिकारियों के कानून प्रिया कार्यों की सराहना की है न्यायिक अधिकारी दिनेश तिवारी न्यायिक अधिकारी श्रीमती बीना नारायण न्यायिक अधिकारी योगेश व न्यायिक अधिकारी विजय कुमार का अन्य जनपद स्थान्तरण होने के कारण मॉडल डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन कौशाम्बी ने विदाई समारोह का आयोजन का कार्यक्रम जिला जज के मीटिंग हाल में समय 4 बजे आयोजित किया गया इस मौके पर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष मनु देव त्रिपाठी पूर्व अध्यक्ष नर नारायण मिश्रा महामंत्री तुषार तिवारी सहित मॉडल डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन के पदाधिकारीगण व विद्वान अधिवकता गण उपस्थित रहे।

# रिद्धि सिद्धि अकादमी का हृदय कर्णिका रिद्धि सिद्धि के कर कमलों से हुआ भव्य शुभारंभ.....

**पूर्व विधायक संजय कुमार गुप्ता ने कहा कि जिले के लिए मील का पत्थर साबित होगा रिद्धि सिद्धि अकादमी**

अखंड भारत संदेश


फीता काट कर संस्थान का उद्घाटन करती पूर्व विधायक की पुत्रियां

**कौशाम्बी।** भरवारी स्थित रिद्धि सिद्धि अकादमी की स्थापना आज पूर्व विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता की पुत्रियां हृदय कणिका रिद्धि सिद्धि के कर कमलों के द्वारा हुआ इस भव्य समारोह की साक्षी कौशांबी की जनता हुई आज पूरे जिले से इस उद्घाटन को आरंभ करने के लिए स्कूलों के प्रबंधक प्राचार्य छात्र एवं छात्राएं आदि उपस्थित रह करके रिद्धि सिद्धि अकादमी की स्थापना को बड़े उत्साह के साथ इसका स्वागत किया कौशांबी के लिए यह एक बहुत बड़ा दिन रहा क्योंकि इस प्रकार के एकेडमी की स्थापना छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य को मजबूत स्तंभ प्रदान करेंगी क्योंकि जहां छात्र एवं छात्राएं दूरदराज अध्ययन के लिए जाते हैं और हर प्रकार की मुसीबतों का सामना करते हैं इस प्रकार की स्थापना बच्चों की सर्वांगीण विकास के लिए एक मील का पत्थर साबित होगी संस्थान में एक दिवसीय प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं जैसे एसएससी, जीडी, यूपीपी, यूपीएसआई, टेट, सुपर टेट, पेट, एसएसबी, एनडीए, सीडीएस, एयर फोर्स, नेवी, एएफसीएटी, एमएनएस के साथ-साथ जेईई मेंस, एडवांस आईआईटी जी, नीट फॉर मेडिकल कोर्सेज के साथ-साथ फाउंडेशन एवं प्री फाउंडेशन की क्लासेस उपलब्ध है इस अवसर पर पूर्व विधायक संजय कुमार गुप्ता ने कहा कि येन केन प्रकारेण डिग्री प्राप्त करना कभी भी शिक्षा की मजबूत नींव व सुनहरे भविष्य का निर्माण नहीं कर सकता शिक्षा की नीव सतत परिश्रम और योग्य शिक्षकों द्वारा नियमित कक्षाओं की शिक्षण व्यवस्था से है। इस प्रयोजन हेतु रिद्धि सिद्धि अकैडमी प्रतिबद्ध है और सदैव छात्रों के हित में कार्य करती रहेगी। इस मौके पर केपीएस फाउंडर देव बाबू गुप्ता, पुलिस अधीक्षक कौशांबी हेमराज मीणा नगर पालिका परिषद प्रशासक दीपेंद्र यादव पिंटू कुशवाहा संस्थान के डायरेक्टर डॉ मयंक कुमार मिश्रा, केपीएस प्रिंसिपल विजय चौहान, केपीएस वाइस प्रिंसिपल रत्नाकर शर्मा, किडजी प्रिंसिपल अनूपमा जायसवाल, एनडी वाइस प्रिंसिपल गायत्री चावला, सूरज यादव, सचिन त्रिपाठी, साथ ही साथ योगेश मौर्या, पितांबर लाल केसरवानी, गंगा प्रसाद,जगदीश शिवहरे रामनरेश पासी, पवन त्रिपाठी,समाज सेवी पिंटू जयसवाल,रमेश अग्रहरी, पिंटू कुशवाहा सहित सैकड़ों की संख्या में सम्मानित गण उपस्थित रहे।

### नगर पचायत चरवा में लगा गंदगी का अंबार, गंदा पानी निकलने का नही है रास्ता



**कौशाम्बी।** नगर पंचायत चरवा क्षेत्र में पूरे वर्ष नगरवासी जल निकासी की समस्या से जूझते हैं बरसात शुरू होते ही जल निकासी की समस्या ने विकराल रूप ले लिया है लेकिन सफाई कर्मी नगर की सफाई करने से दूर भाग जाते हैं जिससे बरसात शुरू होते ही आम जनता की समस्या और बढ़ गई है मोदी सरकार की स्वच्छता अभियान की धज्जियां नगर पंचायत चरवा के जिम्मेदार उड़ा रहे हैं नगर पंचायत में सफाई कर्मी के मनमानी के चलते नाली चोक हो चुकी है। सफाई व्यवस्था पूरी तरह से बंद है। सफाई कर्मी अपने मनमानी से ही आते है नगर पंचायत में मनमानी ड्यूटी कर उसे विभाग द्वारा वेतन मिल रहा है मोदी सरकार की स्वच्छ भारत अभियान योजना की चपत लगाकर सफाई कर्मी प्रत्येक महीना मोटी रकम वेतन के नाम पर वसूल रहे है जिससे पूरे नगर पंचायत क्षेत्र में गंदगी व्याप्त है ड्यूटी में तैनात सफाई कर्मी मनमानी तरीके से सफाई कर रहे है चरवा में सफाई कर्मी न पहुंचने से पूरे वार्ड में गंदगी व्याप्त है नालियां चोक हो गई हैं साफ सफाई व्यवस्था चौपट हो जाने से पानी का बहाव नहीं है जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं नाली में गंदगी के भराव और कूड़े के ढेर से उठने वाली दुर्गंध से ग्रामीणों का जीना मुहाल है लेकिन सफाई कर्मी की तानाशाही पर रोक नहीं लग सकी है लोगों ने मामले की शिकायत नगर पंचायत अध्यक्ष और अधिशाषी अधिकारी दिनेश सिंह से की और सफाई कर्मी को बर्खास्त कर नए सफाई कर्मी की तैनाती की मांग की है।

# पुलिस मुठभेड़ के दौरान पांच लुटेरे गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**पकड़े गए लुटेरों के पास से दो बोलेरो गाड़ी,एक बाइक तमन्चा और 28200 रुपए बरामदशातिर लुटेरे बैंको के पास भोले भाले ग्रामीणों को बेवकूफ बनाकर उनके रुपए लूट कर हो जाते थे फरार**



गिरफ्तार लुटेरे

**कौशाम्बी।** पुलिस ने लूट करने वाले पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से बोलेरो गाड़ी बाइक तमंचा और 28000 नगद बरामद किया है पकड़े गए आरोपियों के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उन्हें अदालत में पेश किया है लुटेरों को पकड़ने गई पुलिस से बदमाशों की मुठभेड़ हो गई है बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग की है बचाव में पुलिस टीम ने भी बदमाशों पर फायरिंग पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जिले में बैंको के पास भोले भाले ग्रामीणों को बेवकूफ बनाकर टप्पेबाजी कर लूट करने वाले गिरोह के 5 सदस्यो को पुलिस और एसओजी की टीम ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है।लुटेरो के पास से पुलिस ने लूट की घटना में शामिल दो बोलेरो गाड़ी,एक बाइक और 28200 रुपए बरामद किए है,पुलिस ने आरोपियों के पास से अवैध तमंचा और कारतूस भी बरामद किया है। जिले के करारी,सराय अकिल थाना और होलागढ़ प्रयागराज के थानों में दर्ज लूट और टप्पेबाजी के मामले में यह शातिर वांछित चल रहे थे। लुटेरे गैंग के एक आरोपी रमेश ने बताया कि कुछ साल पहले उसकी और उसके भाई की कुल जमा पूंजी एक लाख रुपए इसी प्रकार किसी टप्पेबाज ने टप्पेबाजी कर लूट लिया।जिसके बाद उसने एक टीम बनाई और टप्पेबाजी शुरू कर दी।एसपी हेमराज मीणा ने प्रेस वार्ता में मामले का खुलासा करते हुएं बताया कि यह शातिर लुटेरे बैंको के पास भोले भाले ग्रामीणों को बेवकूफ बनाकर उनके रुपए लूट कर फरार हो जाते थे।पीड़ितों की शिकायत पर मामला दर्ज कर एसओजी टीम को लगाया गया।एसओजी और पुलिस की संयुक्त टीम ने चरवा थाना क्षेत्र के सिरियावा गांव के पास मुठभेड़ के बाद प्रतापगढ़ जनपद के रमेश कुमार,चंद्रकेश,राजेंद्र,करण कुमार और रोहित सरोज को गिरफ्तार कर लिया है।

# कोखराज पुलिस ने पांच दिन बाद दो को छोड़ा, एक को भेजा जेल

**कौशाम्बी।** किसी भी व्यक्ति को पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद पूछताछ के लिए थाना पुलिस मात्र 24 घंटे तक ही थाना में रख सकती है लेकिन यह नियम कोखराज पुलिस के ऊपर कतई लागू नहीं होता है। कोखराज पुलिस लोगों को कब्जे में लेने के बाद चार से पांच दिन तक थाना में बने हवालात में बंद करके रखती है फिर उसके बाद किसी न किसी धारा में चालान कर अपनी पीठ अपने ही हांथ थपथपा लेती है। कोखराज पुलिस के इस कारनामे से अपराधी एवं अपराध से जुड़े हुए लोगों को थाना पुलिस से सांठगांठ करने का समय मिल जाता है। कोखराज पुलिस चार दिन पहले करारी थाना क्षेत्र के बरई बंधवा गांव से चोरी के आरोप में तीन लोग जीतू, जितेंद्र एवं राकेश कुमार उर्फ पप्पू को घर के अंदर से पकड़कर थाना ले आई और पांच दिन तक थाना में बने हवालात में बंद करके रखा और उसके बाद जीतू को तमंचा व कारतूस की धारा में लिखा - पढ़ी कर जेल भेज दिया जितेंद्र व राकेश उर्फ पप्पू को निर्दोष बताकर छोड़ दिया। अब सवाल यह उठ रहा है कि यदि जितेंद्र और राकेश निर्दोष थे तो पांच दिन तक कोखराज पुलिस ने हवालात में बंद करके क्यों रखा इसका क्या औचित्य है और यदि उक्त दोनों दोषी थे तो उन्हें जेल क्यों नही भेजा गया यह सवाल लोगों के जेहन में कौंध रहा है थाना पुलिस के कारनामे को उच्चाधिकारियों को संज्ञान लेना होगा और प्रकरण में जांच कराकर दोषियों को दंडित करना होगा।

### चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो-पहिया चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले वाहनों का 228 ई-चालान किया गया साथ ही 01 वाहनों से 500 रूपए सम्मन शुल्क वसूला गया तथा 09 वाहनों को सीज किया गया।

### कालाबाजारी में लिप्त कोटेदार पर मेहरबान अधिकारी



**कौशांबी।** विकासखंड सिराथू के ग्राम पंचायत इचौली में सरकारी खाद्यान्न की बेखौफ तरीके से कालाबाजारी हो रही है कार्ड धारकों को निशुल्क राशन नहीं मिल रहा है मामले को लेकर ग्रामीणों ने जिला पूर्ति अधिकारी और जिलाधिकारी को शिकायत पत्र भी दिया है ग्रामीणों ने मामले की शिकायत जनसुनवाई पोर्टल पर भी किया है लेकिन उसके बाद भी कोटेदार पर कार्रवाई नहीं हो सकी है ग्रामीणों की शिकायत पर जिला अधिकारी ने अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को जांच सौंपी थी लेकिन ग्रामीणों की शिकायत पर जांच करने के बजाय अन्य बिंदुओं पर जांच कर शिकायत निस्तारित कर दी गई है जिससे कोटेदार के हौसले बुलंद हैं और ग्रामीणों को राशन नहीं मिल सका है सरकारी खाद्यान्न को कोटेदार के गोदाम से कालाबाजारी करते हुए वीडियो वायरल हो चुका है गोदाम से सरकारी खाद्यान्न को निकालकर बैलगाड़ी के माध्यम से कोटेदार बाहर भेज रहा है इसका वीडियो वायरल है ग्रामीणों ने अधिकारियों तक वीडियो भी पहुंचाया है बताया जाता है कि पूर्ति निरीक्षक कोटेदार के बचाव में लगे हैं मामले की शिकायत फिर जिला पूर्ति अधिकारी से हुई है जिला पूर्ति अधिकारी ने कोटेदार पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है अब देखना है कि गरीबों के पेट के निवाला की कालाबाजारी करने वाले कोटेदार पर कार्यवाही होती है या फिर जांच के नाम पर पहले की तरह फिर लीपापोती हो जाती है।

# आज जैविक कृषि की आवश्यकता है...!

सुनील कुमार महला

खेती में कीटनाशकों के लगातार प्रयोग के बीच आज जमीन लगातार जहरीली होती चली जा रही है। आधुनिकीकरण, विज्ञान और तकनीक से खेती में उत्पादन में तो वृद्धि हुई है लेकिन इस आधुनिकीकरण, विज्ञान और तकनीक ने मनुष्य को परंपरागत खेती से दूर धकेल दिया है और आज स्थिति यह है कि खेतों में अंधाधुंध कीटनाशकों का प्रयोग किया जा रहा है, अधिक उत्पादन लेने के चक्कर में जैविक खेती को विशेष स्थान नहीं दिया जा रहा है। यही कारण भी है कि पर्यावरण संकट भी लगातार बढ़ रहा है। आज भारत ही नहीं अपितु पूरे विश्व को जैविक या प्राकृतिक खेती की ओर रूख कर उसे अपनाने जाने की जरूरत है। क्योंकि दुनियाभर में बढ़ते पर्यावरण संकट को कम करने में जैविक या प्राकृतिक खेती एक उपचारक या "हीलर" की भूमिका निभा सकती है। वास्तव में जैविक खेती या प्राकृतिक खेती कृषि की वह विधि है जो संश्लेषित उर्वरकों एवं संश्लेषित कीटनाशकों के अप्रयोग या न्यूनतम प्रयोग पर आधारित है तथा जो भूमि की उर्वरा शक्ति को बनाए रखने के लिये फसल चक्र, हरी खाद, कम्पोस्ट आदि का प्रयोग करती है।वास्तव में ऑर्गेनिक खेती को ही हम जैविक खेती के नाम से भी जानते हैं।आज भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में प्राकृतिक खेती बड़े पैमाने पर अपनाई जा रही है। जानकारी देता चलूँ कि जैविक खेती के लिए, सबसे जरूरी कंपोनेंट गोबर है इसलिए, जब जैविक खेती के लिए खेत तैयार करते हैं तो इसमें अधिक से अधिक गोबर मिलाया जाता है। दूसरे शब्दों में,जैविक कृषि से अभिप्राय कृषि की ऐसी प्रणाली से है, जिसमें रासायनिक खादों एवं कीटनाशक दवाओं का प्रयोग नहीं हो बल्कि उसके स्थान पर जैविक खाद या प्राकृतिक खादों का प्रयोग हो। यह कृषि की एक पारंपरिक विधि है, जिसमें भूमि की उर्वरता में सुधार होने के साथ ही पर्यावरण प्रदूषण भी कम होता है। जैविक खेती का मुख्य उद्देश्य मृदा पर्यावरण का संरक्षण एवं पुनर्भरण करना है तथा इसके जैविक, भौतिक एवं रासायनिक स्वरूप को पुनर्स्थापित करना है। बताया जाना उचित होगा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कुछ समय पहले हमारे देश में एक जैविक खेती पोर्टल का शुभारंभ किया था। हाल ही में पूर्वोत्तर राज्य सिक्किम विश्व कृषि के इतिहास में लगभग 75 हजार हेक्टेयर भूमि पर जैविक कृषि को अपनाकर देश और दुनिया का पहला पूर्ण जैविक राज्य बन गया है। जैविक खेती का फायदा या महत्व यह है कि इसके उपयोग से किसान अथवा उत्पादक को दूरगामी लाभ प्राप्त होने के साथ साथ इसकी उत्पादन लागत भी 25-30 प्रतिशत तक कम हो जाती है। साथ ही यह भूमि की गुणवत्ता एवं उर्वरता बढ़ाकर, भूमि में कार्बन अवशेष की मात्रा को भी बढ़ाता है। इसके द्वारा फसल की उत्पादकता एवं उत्पादन बढ़ने के साथ ही स्वस्थ फसल प्राप्त होती है। आज भारत में पूर्वोत्तर क्षेत्रों में ही नहीं अपितु धीरे धीरे दक्षिण , मध्य और उत्तर भारत में भी यह खेती किसानों में लोकप्रिय हो रही है । केंद्र सरकार भी इसे बढ़ावा देने में लगी है। आज सरकार भी यह चाहती है कि फसलों में कम से कम रासायनिक उर्वरकों व कीटनाशकों का प्रयोग हो और जैविक तरीके अपनाकर फसलों में प्राकृतिक खाद जैसे- केंचुआ खाद, गोबर खाद का उपयोग किया जाए ताकि फसल भी अच्छी हो और स्वास्थ्य के लिहाज से भी ये फसलें मानव व प्राणियों के लिए सुरक्षित हो। पिछले कुछ समय से केंद्र सरकार ने नीम परत वाली यूरिया को बढ़ावा देने के लिए तमाम कवायदें शुरू की हैं । भारत में रासायनिक खाद कारखानों में नीम की परत वाली यूरिया बनाई जा रही है। आज हमारे देश में जैविक खेती को प्रोत्साहन देने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों की ओर से कई योजनाएं किसानों के लाभार्थ चलाई जा रही है। सरकार की ओर जैविक खेती के लिए प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाता है। इतना ही नहीं, सरकार की ओर से आधुनिक जैविक खेती करने वाले किसानों के लिए वेबपोर्टल एवं एप शुरू किया गया है। इस पर किसान पंजीकरण कर अपने जैविक उत्पाद को बेच सकते हैं। जानकारी देता चलूँ कि आज देश में 22 लाख हैक्टेयर से ज्यादा क्षेत्रफल पर जैविक खेती हो रही है। ऐसे में सरकार की ओर से शुरू किए गए जैविक वेब पोर्टल एवं एप का फायदा जैविक खेती करने वाले किसानों को मिल सकेगा।



आज प्राकृतिक खेती को लेकर अनुसंधान भी काफी हो रहे हैं। किसान आज खेती में नए - नए प्रयोग और अनुसंधान भी कर रहे हैं, जिसका फायदा भी उन्हें मिल रहा है। जैविक प्रयोग करने वाले किसान भी बहुत हैं, क्योंकि जैविक खेती से किसानों को बहुत से लाभ मिल रहे हैं यथा इससे भूमि की उपजाऊ क्षमता में वृद्धि हो जाती है। सिंचाई अंतराल में वृद्धि होती है । रासायनिक खाद पर निर्भरता कम होने से कास्त लागत में कमी आती है। फसलों की उत्पादकता में वृद्धि होती है। दूसरा लाभ यह है कि जैविक खाद के उपयोग करने से भूमि की गुणवत्ता में सुधार आता है। भूमि की जल धारण क्षमता बढ़ती हैं

लेकिन यह अत्यंत गंभीर व संवेदनशील है कि आधुनिक युग में रासायनिक खादों के इस्तेमाल में कोई खास कमी नहीं आई है। आज रासायनिक खादें पहले से ज्यादा महंगी हुई हैं । पिछले कुछ सालों में खेती की लागत भी बढ़ी है । ऐसे में कुछ प्रगतिशील किसानों ने प्राकृतिक खेती को सशक्त विकल्प के रूप में अपनाना शुरू कर दिया है । जैविक या प्राकृतिक खेती की तरफ भारतीय किसानों का रुझान भी लगातार बढ़ रहा है । किंतु बीज , जैविक खाद , पानी , किसानी के यंत्र और बिजली की किल्लत ये सभी जैविक खेती की राह में एक बाधा बन सकते हैं । आज प्राकृतिक खेती को लेकर अनुसंधान भी काफी हो रहे हैं। किसान आज खेती में नए - नए प्रयोग और अनुसंधान भी कर रहे हैं, जिसका फायदा भी उन्हें मिल रहा है। जैविक प्रयोग करने वाले किसान भी बहुत हैं, क्योंकि जैविक खेती से किसानों को बहुत से लाभ मिल रहे हैं यथा इससे भूमि की उपजाऊ क्षमता में वृद्धि हो जाती है। सिंचाई अंतराल में वृद्धि होती है । रासायनिक खाद पर निर्भरता कम होने से कास्त लागत में कमी आती है। फसलों की उत्पादकता में वृद्धि होती है। दूसरा लाभ यह है कि जैविक खाद के उपयोग करने से भूमि की गुणवत्ता में सुधार आता है। भूमि की जल धारण क्षमता बढ़ती हैं। भूमि से पानी का वाष्पीकरण कम होता है। तीसरा लाभ यह है कि इससे भूमि के जल स्तर में वृद्धि होती हैं। मिट्टी खाद पदार्थ और जमीन में पानी के माध्यम से होने वाले प्रदूषण मे कमी आती है। कचरे का उपयोग, खाद बनाने में, होने से बीमारियों में कमी आती है। फसल उत्पादन की लागत में कमी एवं आय में वृद्धि होती है। चौथा फायदा यह है कि जैविक खेती, की विधि रासायनिक खेती की विधि की तुलना में बराबर या अधिक उत्पादन देती है अर्थात जैविक खेती मृदा की उर्वरता एवं कृषकों की उत्पादकता बढ़ाने में पूर्णतः सहायक है। वर्षा आधारित क्षेत्रों में जैविक खेती की विधि और भी अधिक लाभदायक है। और पांचवा बड़ा फायदा यह है कि जैविक विधि द्वारा खेती करने से उत्पादन की लागत तो कम होती ही है इसके साथ ही किसानों को आय अधिक प्राप्त होती है तथा अंतराष्ट्रीय बाजार की स्पर्धा में जैविक उत्पाद अधिक खरे उतरते हैं, जिसके फलस्वरूप सामान्य उत्पादन की अपेक्षा में कृषक भाई अधिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं।कृषि वैज्ञानिकों का मानना है कि जैविक या प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने से पर्यावरण , खाद्यान्न , भूमि , इंसान की सेहत , पानी की शुद्धता को और बेहतर बनाने में मदद मिलती है। आमतौर पर कृषि व बागवानी में बेहतर उपज लेने और बीमारियों को खत्म करने के लिए फसलों में कीटनाशकों का इस्तेमाल जरूरी माना जाता है, लेकिन यह धरती व फसलों की सेहत के साथ ही मनुष्य की सेहत के लिहाज से ठीक नहीं कहा जा सकता है। ये कीटनाशक बेहतर उपज के लिए या बीमारियों को खत्म करने के लिए भले जरूरी माने जाते हों , लेकिन इससे कई तरह की समस्याएं और जटिलताएं उत्पन्न हो गई हैं। जमीन जहरीली हो गई है तो इससे तरह तरह की बीमारियाँ उत्पन्न हो रही हैं। पंजाब के बठिंडा व इसके आसपास क्षेत्रों में तो जमीन इतनी जहरीली हो चुकी है यहाँ कैंसर ट्रेन तक चलने लगी है। खेती में कीटनाशकों का असीमित मात्रा में छिड़काव का असर यह हुआ है कि ऐसी उपज का इस्तेमाल करने से लोग गंभीर से अति गंभीर बीमारियों का शिकार हो रहे हैं । बावजूद इसके किसान इनके इस्तेमाल से छुटकारा नहीं पा रहा है। किसान ज्यादा उत्पादन के चक्कर में जमीनों को जहरीली बना चुके हैं। इससे छुटकारा संभव है, यदि वे जैविक खेती को अपनायें। लेकिन जब से देश में बहुराष्ट्रीय कंपनियों का दबदबा बढ़ा है तब से खेती और बागवानी के लिए कीटनाशकों का ज्यादा इस्तेमाल होने लगा है। इसकी वजह से किसान और उसका परिवार ज्यादा मुश्किलों में घिर गया है। कीटनाशकों पर अनाप शनाप पैसा भी खर्च हो रहा है और जमीन भी जहरीली हो रही है, इस प्रकार से दोहरी मार किसानों पर पड़ रही है कीटनाशकों में सबसे ज्यादा इस्तेमाल एंडोसल्फान का किया जाता है । इसका छिड़काव सिर्फ फसलों पर ही नहीं , सब्जियों और फलों पर भी किया जाता है।

## संपादकीय

## इस्लाम को कलंकित करती है कन्हैया की हत्या

**महंगाई**, बेरोजगारी,भय, भूख, भ्रष्टाचार, सांप्रदायिकता, जातिवाद, लोकतांत्रिक,आर्थिक व सीमावर्ती चुनौतियाँ जैसी अनेक समस्याओं से जूझ रहे हमारे देश में आये दिन कोई न कोई ऐसा 'भूचाल' आ जाता है या जानबूझकर लाया जाता है जिससे देश की यह वास्तविक समस्याऐं नेपथ्य में चली जाती हैं। ऐसा ही एक विषय जिसे लेकर विगत एक महीने से भी अधिक समय से पूरा देश उद्वेलित हो रहा है वह है भारतीय जनता पार्टी की प्रवक्ता के रूप में एक भाजपाई नेत्री नूपुर शर्मा द्वारा गत 27 मई को ज्ञानवापी मस्जिद के मुद्दे पर एक टीवी चैनल पर डिबेट के दौरान पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब पर की गई एक आपत्तिजनक टिप्पणी। नूपुर शर्मा द्वारा पैगंबर मोहम्मद साहब पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद मुस्लिम समुदाय के लोग देश के कई राज्यों में सड़कों पर प्रदर्शन करने उतर आए थे। इस दौरान कई जगहों पर प्रदर्शनकारियों के उग्र हो जाने के चलते हिंसा भी भड़क उठी थी। कई इस्लामिक देशों ने भी इस टिप्पणी पर भारत सरकार से नाराजगी दर्ज कराई थी। परिणाम स्वरूप भाजपा ने नूपुर शर्मा को प्रवक्ता पद व पार्टी से हटाते हुए यह भी कहा था कि नूपुर शर्मा का बयान भारत सरकार का मंतव्य नहीं है। परन्तु दो कट्टरपंथी लोगों ने इसी प्रकरण के चलते पिछले दिनों उदयपुर में नुपुर शर्मा समर्थक कन्हैया नामक एक दर्जी की बेरहमी से गला रेत कर हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि हत्यारों में से एक कुछ समय पूर्व पाकिस्तान भी गया था अतः इस हत्याकांड में पाकिस्तान की कथित साजिश की भी पड़ताल की जा रही है। इन सब के बीच इसी प्रकरण में पिछले दिनों देश के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायाधीश जेबी परदीवाला की अवकाशकालीन बेंच ने नुपुर शर्मा की एक अर्जी पर सुनवाई करते हुए उसे कड़ी फटकार लगाई और कहा कि शर्मा के बयान ने पूरे देश में अशांति फैला दी है। सुप्रीम कोर्ट ने अपनी सुनवाई के दौरान नुपुर शर्मा की टिप्पणियों को "तकलीफदेह" बताया और कहा कि "उनको ऐसा बयान देने की क्या जरूरत थी?" सर्वोच्च न्यायालय ने ये सवाल भी किया कि एक टीवी चैनल का एजेंडा चलाने के अलावा ऐसे मामले पर डिबेट करने का क्या मकसद था, जो पहले ही न्यायालय के अधीन है? माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने शर्मा की बयानबाजी पर सवाल किया और कहा, "अगर आप एक पार्टी की प्रवक्ता हैं, तो आपके पास इस तरह के बयान देने का लाइसेंस नहीं है।" सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि उन्हें टीवी पर जाकर पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि "जिस तरह से नुपुर शर्मा ने देशभर में भावनाओं को उकसाया, ऐसे में देश में जो भी हो रहा है उसके लिए यह अकेली जिम्मेदार हैं। माननीय अदालत ने यह भी कहा, "जब आपके खिलाफ एफआईआर हो और आपको गिरफ्तार नहीं किया जाए, तो ये आपकी पहुँच को दिखाता है। उन्हें लगता है उनके पीछे लोग हैं और वो गैर-जिम्मेदार बयान देती रहती हैं"। अदालत ने इसके अतिरिक्त भी अनेक तल्ख टिप्पणियां कीं। उपरोक्त अदालती टिप्पणियों से एक बार फिर यह जाहिर हो गया कि देश में सत्ता अपने निजी एजेंडे पर चलने के लिये भले ही बेलगाम क्यों न हो परन्तु इसके बावजूद देश में कानून का राज है और देश की अदालतों के फैसले ही सर्वमान्य हैं। परन्तु यदि कोई भी पक्ष भावनाओं को भड़काने के नाम पर हिंसा का सहारा ले या निर्मम हत्या का सहारा लेने लगे तो उसे किसी भी कीमत पर सही नहीं ठहराया जा सकता।

## गई हाथ से नौकरी

डॉ. सुरेश

**दो** गज की दूरी बनाने के चक्कर में निजी कंपनियों ने अपने कर्मचारियों से ऐसी दूरी बनाई कि फिर कभी पास आने की जरूरत नहीं पड़ी। बेचारे कर्म के आचार से मुक्त कर्मचारी बेरोजगारी की खूंटी से बंधकर जिंदगी पर बोझ बनने के लिए मजबूर हैं। ऐसे ही हमारे एक मित्र नौकरी से हाथ धोकर बड़े इत्मिनान से घूम रहे हैं। नौकरी खोने पर इत्मिनान से घूमने वाले दो ही किस्म के आदमी हो सकते हैं, एक वो जो नौकरी से परेशान हैं और दूसरे वो जिन्हें एक और नई नौकरी मिल चुकी है। हमारे मित्र दूसरी कैटेगिरी के हैं। एक दिन वे मुझसे सुबह की सैर में मिल गए। चूंकि उन्हें देखकर मुझे आश्चर्य हो रहा था, इसलिए मैंने बातचीत की शुरूआत की। पहले तो तुम वाकिंग के लिए आना तो दूर वाकिंग का नाम सुनते ही चिढ़ उठते थे। इतना बदलाव कैसे आया? पहले मैं किसी बॉस का गुलाम था। कई प्रोजेक्टों का दबाव था। सो मुझे समय नहीं मिलता था। वैसे भी वाकिंग बड़े लोगों का चोंचला है। बेफिजूल में खाते हैं और मटरगश्ती करने के लिए वाकिंग करने का बहाना ढूँढ़ते रहते हैं। ओह! इसका मतलब अब तुम आजाद हो। क्या इसीलिए मटरगश्ती करने यहाँ आए हो? आजाद तो मैं अब भी नहीं हूँ। जहाँ तक वाकिंग का सवाल है तो मैं मटरगश्ती के लिए नहीं जनसंपर्क साधने के लिए करता हूँ। अरे! ऐसा कौनसा तीर मार रहे हो, जो वाकिंग को जनसंपर्क का नाम देने पर आमदा हो चुके हो? आजकल मैं नेतागिरी कर रहा हूँ। अच्छा! नेतागिरी का मतलब समझते भी हो? हे मित्र! नेतागिरी का मतलब तुम और तुम्हारे जैसे लाखों लोग नहीं जानते। कभी झुग्गी-झोपड़ियों में जाकर पूछो कि मैं कौन हूँ? तब वहाँ रहने वाले बूढ़े से लेकर बच्चे तक बतायेंगे कि मेरी जनसेवा कैसी है। उन्हें रहने के लिए छत नहीं है, पहनने के लिए कपड़े नहीं है, खाने के लिए खाना नहीं है और बीमार पड़ने पर दवा-दारू के लिए रुपया-पैसा नहीं है। अच्छा! तो यह सब क्या तुम मुहैया कराते हो? नहीं! इन सभी समस्याओं से कैसे निजात पाया जाए उसके उपाय बताता हूँ। वैसे भी नेता काम करना मार्गदर्शन करना होता है न कि मार्ग के लोगों की सहायता करना। अरे वाह क्या बात कही है! वैसे यह नेतागिरी का भूत तुम्हारे सिर पर कब से सवार हुआ है? जब से मैंने नौकरी खोई है तब से। उस दिन से मुझे झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले लोगों में एक अजीब सी गंध आती है। वहाँ रहने वालों की पीड़ा सुनाई देती है।

# धर्म को अफीम मत बनाओ

एनके यादव

**शालिनता** और सौम्यता सुन्दरता से पूर्ण झीलों की नगरी में हैवानियत की हद पार करते हुए धर्म के नाम पर जो घटना हुई उसने पुरे देश को हिला कर रख दिया घटना ह्रदय विदारक थी ऐसी घटनाएं इंसान तो नहीं कर सकता नर पिशाच ही कर सकते हैं।एक बार सोचिए कि हमारा सभ्य समाज कहा जा रहा है। कभी उदयपुर कभी अमरावती, आखिर क्यों समाज में ऐसी घटनाएं पनप रही है। क्या दूसरे धर्म या जाति के व्यक्ति की हत्या किसी मानव का धर्म है?ये कैसा धर्म हैं जिनकी रक्षा तीर, तलवार, तोप और स्वचालित हथियारों से ही की जा सकती है। क्या ये गांधी, पटेल,अब्दुल कलाम आजाद,अटल बिहारी वाजपेई जी वाला देश नहीं है।कहा गई यहां की हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई हम सब भाई भाई की भावना। जिसने अपने पुरातन संस्कारों जैसे- विश्व बंधुत्व, सर्व धर्म समभाव इत्यादि को अभी तक अपने अंदर शरण दी हुई थी। उदयपुर हो या अमरावती दोनों जगह एक सी बात दोहराई गई एक सी घटना को अंजाम दिया गया दोनों जगह हैवानियत की गई, हत्यारों ने बेहरमी का विडियो भी बनाया और उसे सार्वजनिक भी किया ।ऐसी हैवानियत के जरिए किसी धर्म संप्रदाय के प्रतीकों का सम्मान कैसे बचाया जा सकता है।मुस्लिम समुदाय को समझना होगा कि कुरआन में तो यह लिखा है कि यदि तुमने किसी एक बेगुनाह का कत्ल किया तो तुमने पूरी मानवता का कत्ल कर दिया। उदयपुर अमरावती में गुनहगारों को तुरंत फांसी की सजा दी जाए क्योंकि सब कुछ साफ है कहीं कोई लेकिन किंतु परंतु नहीं है। उम्मीद है माननीय न्यायालय कठोर सजा देगा एक मिसाल कायम होगी

समझ नहीं आ रहा है आखिर ऐसा कौनसा धर्म होता है जो इतनी बर्बरता हैवानियत की इजाजत देता है। आखिर इंसान के इतनी कट्टरता क्यों अपना ली की उसे इंसान नजर नहीं आ रहा। एक असहमति पर हैवानियत की हदे पार करते है। आखिर ऐसी नफरत के बीच कौन बो रहा है कि कट्टरता इतनी हावी हो जाएगी की कट्टरता की पट्टी आंखों पर बांध ली की इंसान को इंसान नजर नहीं आ रहा ।ऐसी घटनाएं मनुष्य के प्रति मनुष्य के विश्वास की हत्या है

वर्तमान समय में इंसान ने अपनी पुरानी सभ्यता एवं रीति रिवाजों को त्याग कर अद्यतन तकनीक एवं प्रौद्योगिकी का चोला भले ही ओढ़ लिया हो लेकिन आज भूतकाल से भी ज्यादा अपने संकीर्ण विचारों की नफरती फसल को वैमनस्यतारूपी खाद से पोषित कर रहा है। कहा पहुंच गए की धर्म में किसी भी तरह का छोटी-बड़ा कोई नुक्स निकालते ही टिप्पणी करने वाले, असहमति दर्ज कराने वालो के प्रति तलवारें निकाली जा रही हैं । कभी असली टिप्पणीकार नहीं मिलता है तो उसके जैसे वेश, परिवेश और विचार धारा वाले निर्दोष इंसान पर ही रोष निकाल लिया जाता है। भले ही इसमें कोई परिवार अनाथ क्यों न हो जाए। ऐसी ही घटना उदयपुर की है जहां कन्हैया ने किसी बात पर असहमति दर्ज की किसी दुसरे बिन्दु का समर्थन किया तो उसकी बेरहमी से हत्या कर दी। यह आचरण नरपिशाची है। इसमें पढ़े-लिखे, सभ्य-असभ्य का भेद भी मिट जाता है।

धर्म-पालन और धर्मांधता के बीच अंतर न पहचाने वाले प्रायः यही भूल जाते हैं कि कि यह धर्मांधता आने वाली पीढ़ियों के लिए हानिकारक है । समाज को यह भी जानना होगा कि आखिर कौन है वो जिन्होंने प्रेम कहकर घृणा के बीज बौ दिए है। अहिंसा के नाम पर हिंसा का प्रसाद बाँटा जा रहा है जब तक यह अंतर समझ में नहीं आएगा, धर्मान्धता बढ़ती रहेगी और उदयपुर अमरावती जैसी घटनाएं बढ़ती रहेगी। इन्हें रोकने के लिए पहल करनी होगी ।कोई भी धर्म किसी के भी प्रति किसी भी प्रकार की हिंसा के लिए उकसाए यह निंदनीय ही है, अभिनंदनीय कदापि नहीं हो सकता

समझना होगा कि धर्मांधता सदियों से लोगों में घृणा और बैर नफरत कराती आयी है, जिससे साम्प्रदायिक सौहार्द ही बिगड़ा हैं।और राजनीति ने इस आग में घी की तरह काम किया है। उदयपुर, अमरावती जैसी घटनाएं सांप्रदायिकता ही नहीं , बल्कि विक्षिप्त मानसिकता है।सवाल यह है कि देश के लोग एक-दूसरे के साथ एकता व सौहार्द से क्यों नहीं रह सकते? क्या इससे किसी का धर्म मर जाएगा? क्या इससे ईश्वर अल्लाह रूठ जाएगा? सबको अपना अपना धर्म प्यारा है लेकिन याद रखना की इंसानियत सबसे पहले है हर कोई इंसान हैं हर किसी का खुन लाल है।अपने धर्म की सेवा से कोई कानून नहीं रोकता , लेकिन कोई कानून यह नहीं कहता कि अपने धर्म के लिए किसी को रूला दो , किसी का सिंदूर, किसी की राखी लाठी,छत को उजाड़ दो। लगता है इंसानियत से बड़ा हो गया मजहब आजकल , हैवानियत की हदें पार कर अपना मजहब बचा रहे हैं । दुनिया के लिए तो सिर्फ.एक आदमी ही मरा है ।उसके घर में जा कर देखो किसी का सुहाग , किसी का बेटा , भाई , तो किसी का बाप मरा है। कन्हैया लाल की बेटी की चीखें अभी भी कानों में गूंजती है ,सोने नहीं देते है उस बहन के आंसू, आखिर उस बहन का गुनाह क्या था जो आपने उसके सिर से पिता का साया ही उठा दिया। धर्मांधता में , बेगुनाहों के खून से हाथ रंगे जा रहे हैं ।, किसी का खून बहा दो जो लोग इस देश में गला रेतने का विधान चलाना चाहते हैं सरकार को सोचना होगा कि ये गला रेतने का विधान आईएसआई के संकेत तो नहीं अगर ऐसा है तो सरकार को इस नाग का फन तुरंत कुचलना चाहिए। और सजा द्वारा उनकी रूह तक डर पहुंचना चाहिए ताकि धर्मांधता के काले बादल हट सके।

यहां मुझे कार्ल मार्क्स का एक वाक्य याद आ रहा है कि धर्म अफिम है।अफिम तब नुकसानदायक है जब यह आवश्यकता से अधिक हो , इसके ही नशे में डूबे हुए हो तो अफिम नुकसानदायक होती है। धर्म भी अफिम है यही यह कट्टरता व धर्मांधता बन जाएं तो और यकिन मानिए की जिस तरह की घटनाएं सामने आई है उनमें धर्म अफीम बनता दिख रहा है। और यह जहरीली नफरती जमीन तैयार कर रहा है अगर इसको नहीं रोका गया तो आने वाले समय में बहुत खतरनाक साबित होंगी।

इस नफरती जहरीली हवाओं को प्यार मुहब्बत भाईचारे की पूरवाई में बदलना होगा। उदयपुर की बर्बरता चेतावनी है कि हम अपने बच्चों को धर्म की शिक्षा दे रहे हैं या धर्मांधता की. उदयपुर की घटना बता रही है कि धर्म पर धर्मांधता हावी हैं जो आने वाली पीढ़ियों के लिए बहुत हानिकारक होगी।इसको रोकना होगा। और समझना होगा की विकास की बुलंदियां छूने के लिए हमें शांति, प्रेम और सौहार्द का माहौल चाहिए न कि नफरत और हिंसा का।

अंत में कुछ पंक्तियों के साथ कुछ सवाल छोड़ रहा हूं विचार करना और सोचना की

तुमने अपने धर्मग्रंथ में कहीं पढ़ा है मारो-काटो
मेरा मजहब भी कहता है इंसानों को मत बाँटो
घर जलने पर हिन्दू-मुस्लिम क्या अलग तरीके से रोते हैं?
बेटे के मरने पर क्या इनके आँसू अलग-अलग होते हैं?
जब बिना एकता नहीं गुजारा, बहुत जरूरी भाईचारा
फिर अर्जुन का दुश्मन अब्दुल्ला क्यों है?
तुमने हमको काफिर बोला, हम तुमको शैतान कह गए
नफरत की इस रक्त नदी में पैगंबर-भगवान बह गए
माँ के गर्भ से मैं जन्मा हूँ, तुम क्या कहीं और से आए?
अंत में सब मिलते मिट्टी में, तुम क्या अमृत पीकर आए?
आने की जब राह एक है, और जाने की भी एक
फिर अपना अलग-अलग ईश्वर-अल्लाह क्यों है?

# कैसे मिलेगा भुखमरी से छुटकारा ?

रमेश सर्राफ धमोरा

आज के आधुनिक युग में जहां पूरी दुनिया हाईटेक हो रही है। नित नए आविष्कार हो रहे हैं। दुनिया में तकनीकी का बोलबाला है। ऐसे में दुनिया भर के देशों में लोग भुखमरी के शिकार हो रहे हैं। यह एक डरावना सत्य है। एक ओर जहां लोगों के रहन-सहन, जीवन-यापन के स्तर में काफी बदलाव देखने को मिलता है। लोग पहले की अपेक्षा अधिक सुख सुविधाओं के साथ जीवन यापन कर रहे हैं। वही एक तबका ऐसा भी है जिनको खाने को भरपेट भोजन भी नहीं मिल रहा है। भोजन के अभाव में लोग भुखमरी के शिकार हो रहे हैं। 21वीं सदी में आधुनिक होते जा रहे लोगों के लिए भुखमरी से होने वाली मौत एक करारे तमाचे से कम नहीं है। जब तक दुनिया के हर इंसान को दोनों वक्त भरपेट भोजन नहीं मिलेगा तब तक सारी तरक्की बेमानी है। लोगों को भुखमरी से निजात दिलाने की दिशा में सभी को सकारात्मक और प्रभावी कार्यवाही करनी होगी। ताकि आने वाले समय में किसी भी जिंदा इंसान की भुखमरी से मौत ना हो सके। मानव जाति की मूल आवश्यकताओं की बात करें तो रोटी, कपड़ा और मकान का ही नाम आता है। इनमे रोटी सर्वोपरि है। रोटी यानी भोजन की अनिवार्यता के बीच आज विश्व के लिए शर्मनाक तस्वीर यह है कि वैश्विक आबादी का एक बड़ा हिस्सा अब भी भुखमरी का शिकार है। अगर भुखमरी की इस समस्या को भारत के संदर्भ में देखे तो संयुक्त राष्ट्र द्वारा भुखमरी पर जारी रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के सर्वाधिक भुखमरी से पीड़ित देशों में भारत का नाम प्रमुखता से है। खाद्यान्न वितरण प्रणाली में सुधार तथा अधिक पैदावार के लिए कृषि क्षेत्र में निरन्तर नये अनुसंधान के बावजूद भारत में भुखमरी के हालात बदतर होते जा रहे हैं। जिसकी वजह से भारत 116 देशों के वैश्विक भुखमरी सूचकांक (जीएचआई) 2021 में फिसलकर 101वें स्थान पर आ गया हैं। इस मामले में हम अपने पड़ोसी देश पाकिस्तान, बांग्लादेश और नेपाल से भी पीछे है। जीएचआई में भारत के खराब प्रदर्शन की बात करें तो यह बीते कुछ सालों से लगातार जारी है। 2017 में इस सूचकांक में भारत का स्थान 100वां था। साल 2018 के इंडेक्स में भारत 119 देशों की सूची में 103वें स्थान पर रहा। वहीं 2019 में देश 117 देशों में 102वें स्थान पर रहा था। वर्ष 2020 में भारत 94 वें स्थान पर था। भारत का जीएचआई स्कोर भी गिर गया है। यह साल 2000 में 38.8 था जो 2012 और 2021 के बीच 28.8- 27.5 के बीच रहा। जीएचआई स्कोर की गणना चार संकेतकों पर की जाती है। जिनमें अल्पपोषण, कुपोषण, बच्चों की वृद्धि दर और बाल मृत्यु दर शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार पड़ोसी देश नेपाल, बांग्लादेश, म्यांमार और पाकिस्तान भी भुखमरी को लेकर चिंताजनक स्थिति में हैं। लेकिन भारत की तुलना में अपने नागरिकों को भोजन उपलब्ध कराने को लेकर बेहतर प्रदर्शन किया है। भूख और कुपोषण पर नजर रखने वाली वैश्विक भुखमरी सूचकांक की वेबसाइट पर बताया गया कि चीन, ब्राजील और कुवैत सहित अठारह देशों ने पांच से कम के जीएचआई स्कोर के साथ शीर्ष स्थान साझा किया है। रिपोर्ट के मुताबिक भूख के खिलाफ लड़ाई पटरी से उतर गई है। वर्तमान जीएचआई अनुमानों के आधार पर पूरी दुनिया और विशेष रूप से 47 देश- 2030 तक लक्ष्य के निम्न स्तर को प्राप्त करने में विफल रहेंगे। इसमें यह भी कहा गया है कि खाद्य सुरक्षा पर कई मोर्चों पर बिगड़ती स्थितियां, वैश्विक स्तर पर जलवायु परिवर्तन से संबंद्ध मौसम के बदलाव और कोविड -19 महामारी से जुड़ी आर्थिक और स्वास्थ्य चुनौतियां भुखमरी को बढ़ा रही हैं। सहायता कार्यों से जुड़ी आयरलैंड की एजेंसी कंसर्न वर्ल्डवाइड और जर्मनी के संगठन वेल्ट हंगर हिल्फ द्वारा संयुक्त रूप से तैयार की गई रिपोर्ट में भारत में भूख के स्तर को चिंताजनक बताया गया है। हालिया रिपोर्ट के अनुसार भारत में बच्चों की उम्र के हिसाब से वृद्धि न होने की दर 1998-2002 के बीच 17.1 प्रतिशत थी। जो 2016-2020 के बीच बढ़कर 17.3 प्रतिशत हो गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में लोग कोविड -19 और महामारी संबंधी प्रतिबंधों से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। दुनिया भर में सबसे अधिक चाइल्ड वेस्टिंग की दर यहीं है। रिपोर्ट में भुखमरी की स्थिति के लिहाज से दुनिया के 119 देशों को खतरनाक, अत्याधिक खतरनाक और गंभीर जैसी तीन श्रेणियों में रखा गया है। इनमें भारत गंभीर की श्रेणी में है। रिपोर्ट के अनुसार भारत की इस स्थिति के कारण ही दक्षिण एशिया का प्रदर्शन हंगर इंडेक्स में और बिगड़ा है। भारत एक ऐसा देश जो अगले एक दशक में दुनिया के सर्वाधिक प्रभावशाली देशो की सूची में शामिल हो सकता हैं।

वहां से ऐसे आंकड़े सामने आना बेहद चिंतनीय माना जा रहा है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स में विश्व भर में भूख के खिलाफ चल रहे अभियान की उपलब्धियों और नाकामियों को दशार्या जाता है। भुखमरी को लेकर यह रिपोर्ट भारत सरकार की गंभीरता पर प्रश्नचिन्ह खड़े करती हैं। श्रीलंका, नेपाल, म्यांमार हमसे आर्थिक से लेकर तमाम तरह की मोटी मदद पाते हैं। मगर भुखमरी पर रोकथाम के मामले में हमारी हालत उनसे भी बदतर क्यों हो रही है? इस सवाल पर ये तर्क दिया जा सकता है कि श्रीलंका व नेपाल जैसे कम आबादी वाले देशों से भारत की तुलना नहीं की जा सकती।

## दुआ, दवा और बद्दुआ

डॉ. सुरेश कुमार

**एक** पैर कब्र में और एक पैर जमीन पर रखकर चलने वाले दद्दू के साथ पोती जैसी लगने वाली जवाँ लड़की का जोड़ा शहर के प्रसिद्ध मनोचिकित्सक के पास पहुँचा। जवाँ लड़की की आर्थिक तंगी, घरवालों की मजबूरी और देश के लिंगानुपात की कृपा से रब ने बना दी जोड़ी जैसी बातें किताबों में और बेमेल जोड़ियाँ जमीनों पर फल-फूल रही थीं। दद्दू के साथ शादी, जवाँ लड़की की जिंदगी को सादी, चाहतों को बेमुरादी और जीते जी मरने का आदी बना चुका था। हजारों की भीड़ में चेहरा देखकर मरीज की पहचान करने वाले डॉक्टर कोठियाँ खड़ी करने में देर नहीं लगाते। ऐसे ही एक डॉक्टर के पास दोनों पहुँचे थे। ऊपर से अच्छे दिन सा लगने वाला आदमी भीतर से कई बुरे दिनों का साक्षी होता है। डॉक्टर को मामला समझने में देर नहीं लगी। तुरंत उसने दद्दू को बाहर की सफेद दीवारों से बतियाने के लिए भेज दिया। दूसरी ओर जवाँ लड़की के चेहरे पर अच्छे दिन सी लगने वाले मुस्कुराहट उतार फेंकने और खुलकर बात करने के लिए कहा। क्या आप उन्हें दिल से चाहती हैं? दिल किसे कहते हैं, मैं नहीं जानती। वैसे भी दिल से होने वाली शादियों के दिन लद चुके हैं। अब तो केवल समझौते होते हैं।जब आपको यह रिश्ता पसंद नहीं था, तो शादी ही क्यों की? मुझे यह शादी पसंद नहीं थी। लेकिन खेत में गन्ने की फसल तैयार खड़ी हो और समय पर उसे न बेचा जाए तो आता-जाता उसे चूहने की कोशिश करता है। मेरे संग भी यही हुआ। मुझे गन्ने की तरह औने-पौने दाम में किसी के हाथों बेच दिया गया। वैसे भी यहाँ कौन शादी पसंद-नापसंद से करता है। यहाँ आधी से ज्यादा शादियाँ सर से बोझ उतारने के लिए की जाती हैं। कुछ समझौते तो कुछ मजबूरियों में कर दी जाती हैं। यहाँ मुझ जैसी कई जवाँ लड़कियाँ हैं जो समझौतों और मजबूरियों के दद्दुओं के नीचे कुचली पड़ी हैं। अगर शादियाँ पसंद से होने लगीं तो आधी आबादी कुंवारी ही मर जाती।

## विम्बलडन : लगातार 25वां ग्रास कोर्ट मुकाबला जीतकर क्वार्टरफाइनल में पहुंचे जोकोविच

**लंदन :** विश्व के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने अपना सातवां विम्बलडन खिताब जीतने के प्रयास में नीदरलैंड के टिम वैन रिजथोवेन को हराकर प्रतियोगिता के क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई। जोकोविच ने रविवार को हुए चौथे दौर के मुकाबले में रिजथोवेन को 6-2, 4-6, 6-1, 6-2 से हराया। यह जोकोविच की ग्रास कोर्ट पर लगातार 25वीं जीत थी।



जोकोविच ने मैच के बाद कहा, मुझे मैच से पहले पता था कि मिच के खिलाफ मुकाबला मुश्किल होने वाला है। मैंने इससे पहले उनका सामना कभी नहीं किया। मैंने उन्हें खेलते हुए देखा। ग्रास कोर्ट के लिए उनका खेलने का तरीका बहुत अच्छा है जो आज उन्होंने दिखा भी दिया। यह मुकाबला अच्छा रहा, खासकर पहले दो सेट में। उन्होंने कहा, कुल मिलाकर मुझे लगता है कि मैं अच्छा खेला। मैं उनकी सर्विस लय में आ गया, तीसरे और चौथे सेट में उनकी सर्विस को बेहतर तरीके से पढ़ना शुरू किया। तीन बार के विम्बलडन चैंपियन जोकोविच ग्रास पर लगातार 25 मुकाबले जीतकर सबसे ज्यादा लगातार मैच जीतने के मामले में दूसरे स्थान पर हैं। उन्होंने परिणाम के साथ रॉड लेवर के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। पहला स्थान अब भी रोजर फेडरर के पास है जिन्होंने 2003-08 के बीच लगातार 65 ग्रास कोर्ट मुकाबले जीते थे। क्वार्टरफाइनल में जोकोविच मंगलवार को 10वीं सीड जैनिक सिनर का सामना करेंगे।

## महिला हॉकी विश्व कप : भारत ने इंग्लैंड को 1-1 से ड्रॉ पर रोका

**एम्सटेलवीन (नीदरलैंड)** । भारतीय महिला हॉकी टीम ने यहां एफआईएच विश्व कप के पूल बी के अपने पहले मैच में कड़े मुकाबले में इंग्लैंड से 1-1 से ड्रॉ खेला। इंग्लैंड को नौवें मिनट में इसाबेला पेटर ने बढ़त दिलाई लेकिन वंदना कटारिया ने 28वें मिनट



में भारत को बराबरी दिला दी। पहले दो क्वार्टर में दोनों टीमों ने एक दूसरे को कड़ी टक्कर दी। भारत को पहले ही मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के रूप में गोल करने का पहला मौका मिला लेकिन टीम ने इसे गंवा दिया। कुछ ही मिनटों बाद कप्तान और गोलकीपर सविता ने शानदार बचाव करते हुए इंग्लैंड को बढ़त बनाने से रोका। इसाबेला ने इसके बाद गेंद को डिफलेक्ट करके गोल में पहुंचाया और इंग्लैंड को बढ़त दिलाई। भारत ने पलटवार करते हुए लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए लेकिन पहले प्रयास में गुरजीत कौर का शॉट गोल पोस्ट से टकरा गया जबकि उनके दूसरे प्रयास को इंग्लैंड की गोलकीपर हिंच ने नाकाम किया। भारत को 17वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन इस बार भी गुरजीत गोल करने में विफल रहीं। तीन मिनट बाद सविता ने एक बार फिर इंग्लैंड को बढ़त दोगुनी करने से रोका और भारत को मुकाबले में बनाए रखा। भारत को 28वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला और इस बार वंदना ने रिबाउंड पर गोल दागकर स्कोर 1-1 कर दिया। भारत को मध्यांतर से ठीक पहले एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन हिंच ने एक बार फिर भारत को गोल करने से रोक दिया। तीसरे क्वार्टर में इंग्लैंड ने तेज शुरुआत की लेकिन गोल करने का मौका भारत को मिला। नेहा गोयल के शॉट को हालांकि हिंच ने रोक दिया। इंग्लैंड ने इसके बाद तीसरे क्वार्टर में दबदबा बनाए रखा लेकिन टीम गोल करने में नाकाम रही।

चौथे और अंतिम क्वार्टर में भी दोनों टीम के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली लेकिन कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। भारत को 56वें मिनट में बढ़त बनाने का मौका मिला लेकिन शर्मिला देवी काफी करीब से गोल करने में नाकाम रहीं और गेंद उनके पैर से टकरा गई। भारत को दो मिनट बाद एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन टीम ने एक बार फिर गोल करने का मौका गंवा दिया और टीम को अंक बांटने को मजबूर होना पड़ा। भारत पूल बी के अपने अगले मैच में मंगलवार को चीन से भिड़ेगा।

# कोहली के साथ छींटाकशी पर बेयरस्टो का बयान, ये कोई बड़ी बात नहीं

**बर्मिंघम।** इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो ने भारत के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली के साथ पांचवें टेस्ट के तीसरे दिन छींटाकशी को अधिक तूल नहीं देते हुए कहा कि यह खेल का हिस्सा है। तीसरे दिन के खेल के दौरान सुबह के सत्र में कोहली ने बेयरस्टो को उनके 'शॉट खेलने का प्रयास करने और चूकने' के संदर्भ में कुछ कहा। बेयरस्टो भी शांत नहीं रहे और एक समय अंपायरों को माहौल शांत करने के लिए हस्तक्षेप करना पड़ा। कोहली के साथ बहस के बारे में पूछे जाने पर बेयरस्टो ने कहा, 'नहीं, ये कोई बड़ी बात नहीं थी। हम एक दूसरे के खिलाफ 10 साल से खेल रहे हैं। यह मजेदार होता है। हम मैदान पर बेहद प्रतिस्पर्धी हैं और यही मायने रखता है।' बेयरस्टो ने इंग्लैंड की पारी में 140 गेंद में 106 रन बनाए। कोहली के साथ बहस के बाद



बेयरस्टो ने जोखिम लेना शुरू किया और मिड ऑफ के ऊपर से कई शॉट खेले और मिड विकेट बाउंड्री की तरफ भी कुछ शॉट मारे। बेयरस्टो के शतक से इंग्लैंड ने भारत के 416 रन के जवाब में पहली पारी में 284 रन बनाए। भारत ने 132 रन की बढ़त हासिल की और फिर दिन का खेल खत्म होने तक दूसरी पारी में तीन विकेट पर 125 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त को 257 रन तक पहुंचाया। इंग्लैंड को चौथी पारी में बड़े लक्ष्य का सामना करना पड़ सकता है लेकिन बेयरस्टो ने कहा कि भारत जो भी लक्ष्य देगा वे उसे हासिल करने का प्रयास करेंगे। मोहम्मद शमी और कार्यवाहक कप्तान जसप्रीत बुमराह की भारत की नई गेंद की गेंदबाजी जोड़ी ने लगभग 30 ओवर तक लगातार गेंदबाजी की। इन दोनों का सामना करने के बारे में पूछे जाने पर बेयरस्टो ने कहा, 'उन्होंने काफी अच्छी गेंदबाजी की। गेंद स्विंग कर रही थी और हमें सिर्फ लय अपनी तरफ करने का प्रयास करना था। उन क्षेत्रों में रन बनाकर क्षेत्ररक्षण बदलने का प्रयास करना था जहां रन नहीं बने हों। लेकिन इसके लिए जोखिम भी उठाना पड़ता है।

## सानिया-पाविच की जोड़ी मिश्रित युगल के क्वार्टर फाइनल में पहुंची

**विम्बलडन।** सानिया मिर्जा और मैट पाविच की भारत और क्रोएशिया के खिलाड़ियों की जोड़ी विंबलडन के मिश्रित युगल वर्ग के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। सानिया और पाविच की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी को दूसरे दौर के मैच में इवान डोडिग और लतीशा चान की जोड़ी



से वॉकओवर मिला। सानिया और पाविच ने शुरुआती दौर में स्पेन के डेविड वेगा हर्नांडेज और जॉर्जिया की नतेला जालामिइजे की जोड़ी को 6-4, 3-6, 7-6 से हराया था। क्वार्टर फाइनल में इस जोड़ी के सामने ब्रूनो सोरेस और बीट्रिज हद्दाद मैया की ब्राजीलियाई जोड़ी या जॉन पीयर और गैब्रिएला डाब्रोवस्की की ऑस्ट्रेलियाई-कनाडाई जोड़ी होगी। सानिया पहले ही घोषणा कर चुकी है कि यह उनके करियर का आखिरी सत्र है। महिला युगल में वह चेक गणराज्य की जोड़ीदार लूसी हरडेका के साथ शुरुआती दौर में हार गई थीं।

## महिला बिग बैश लीग में फिर मेलबर्न रेनेगेड्स की ओर से खेलेंगी हरमनप्रीत कौर

**मेलबर्न।** भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर इस साल महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) टी20 टूर्नामेंट के आठवें सत्र के दौरान मेलबर्न रेनेगेड्स की ओर से दूसरे सत्र में खेलती हुई नजर आएंगी।

सभी प्रारूपों में लगभग 250 मुकाबलों में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली हरमनप्रीत आलराउंडर हैं और उन्हें अपनी आक्रामक बल्लेबाजी और प्रभावी स्पिन गेंदबाजी के लिए जाना जाता है। 33 साल की हरमनप्रीत पिछले साल डब्ल्यूबीबीएल में रेनेगेड्स की शीर्ष स्कोरर और सबसे सफल गेंदबाज थीं। हरमनप्रीत ने प्रतियोगिता में सर्वाधिक 18 छक्कों की मदद से 58 के औसत के साथ 406 रन बनाए और 15 विकेट भी चटकाए। रेनेगेड्स की वेबसाइट पर हरमनप्रीत ने कहा, 'रेनेगेड्स की टीम में वापसी



करके मैं रोमांचित हूं। पिछले सत्र में टीम का हिस्सा लेने का मैंने काफी लुत्फ उठाया और मुझे लगता है कि इससे मुझे अपना कुछ सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलने में मदद मिली। निजी तौर पर मैं सिर्फ टीम में अपनी भूमिका निभाना चाहती हूं और यह सुखद है कि मैं ऐसा करने में सफल रही।' मुख्य रूप से चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाली हरमनप्रीत ने पिछले सत्र में कई मौकों पर रेनेगेड्स को जीत दिलाई।

## 34 साल की तात्याना मारिया ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंची

**विबंलडन।** तात्याना मारिया ने दूसरे सेट में दो मैच अंक बचाए और 2017 की फ्रेंच ओपन चैंपियन येलेना ओस्टापेंको को हराकर 34 साल की उम्र में पहली बार ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। विश्व रैंकिंग में 103वें स्थान पर काबिज मारिया ने नंबर एक कोर्ट पर महिला एकल के करीबी मुकाबले में 5-7, 7-5, 7-5 से जीत हासिल की। जर्मनी की यह खिलाड़ी एकल ड्रॉ में सबसे उम्रदराज महिला हैं। उन्होंने ओस्टापेंको के खिलाफ दूसरे सेट में 5-4 से पिछड़ने के बाद दो बार मैच प्वाइंट बचाया और फिर लात्विया की खिलाड़ी को पछाड़कर सेट जीता। ग्रैंड स्लैम में इससे पहले मारिया का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2015 में विम्बलडन के



तीसरे दौर में पहुंचना था। वह अपने अंतिम आठ ग्रैंड स्लैम मुकाबलों में पहले दौर में हार गई थी। अगले दौर में उनका सामना हमवतन ज्यूल निमियर से होगा। पहली बार विम्बलडन में भाग ले रही निमियर ने स्थानीय दिग्गज हीथर वॉटसन को शिकस्त दी। मई में फ्रेंच ओपन के पहले दौर में हारने वाली 22 वर्षीय निमियर ने सेंटर कोर्ट पर वाटसन को 6-2, 6-4 से हराया।

# पावेल की धमाकेदार पारी, वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश को दूसरे टी20 में 35 रन से हराया

**रोसीयू।** रोवमैन पावेल की 28 गेंद में नाबाद 61 रन की पारी की बदौलत वेस्टइंडीज ने दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में रविवार को यहां बांग्लादेश को 35 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बनाई।

पावेल ने 28 गेंद की अपनी पारी में दो चौके और छह छक्के जड़े जिससे वेस्टइंडीज ने पांच विकेट पर 193 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। सलामी बल्लेबाज ब्रेंडन किंग ने 43 गेंद में 57 जबकि कप्तान निकोलस पूरन ने 30 गेंद में 40 रन की पारी खेली। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शरीफुल इस्लामन ने 40 रन देकर दो विकेट चटकाए। इसके जवाब



में बांग्लादेश की टीम छह विकेट पर 158 रन ही बना सकी। बांग्लादेश ने 23 रन तक ही तीन विकेट गंवा दिए थे लेकिन शाकिब अल हसन की 52 गेंद में नाबाद 68 रन की पारी की बदौलत हार के अंतर को कम करने में सफल रही। शाकिब ने अपनी पारी में पांच चौके और तीन छक्के मारे। वह मैच के शीर्ष स्कोरर रहे। वेस्टइंडीज की ओर से तेज गेंदबाज रोमारियो शेफर्ड ने 28 रन देकर दो विकेट हासिल किए। गौर हो कि शनिवार को पहला टी20 बारिश की भेंट चढ़ गया था। तीसरा और अंतिम टी20 गुरुवार को ग्याना के प्रोविडेंस में खेला जाएगा जिसके बाद तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला होगी। वेस्टइंडीज ने इससे पहले दो मैच की टेस्ट श्रृंखला में बांग्लादेश को 2-0 से हराया था।

## फुटबॉल टीम के सहायक कोच एलेक्स एम्ब्रोस बर्खास्त

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) का संचालन कर रही उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त प्रशासकों की समिति (सीओए) के सदस्य एसवाई कुरैशी ने बताया कि भारतीय महिला अंडर-17 टीम के सहायक कोच एलेक्स एम्ब्रोस को कथित तौर पर यौन दुर्व्यवहार के आरोप में बर्खास्त कर दिया गया है। यूरोप के ट्रेनिंग एवं अनुभव दौरे के दौरान एक खिलाड़ी के साथ 'दुर्व्यवहार' के कारण भारत के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एम्ब्रोस को निलंबित किया गया था और नॉर्वे से वापस बुलाया गया था। कुरैशी ने ट्वीट किया- अंडर-17 महिला टीम के सहायक कोच एलेक्स एम्ब्रोस को यौन दुर्व्यवहार के मामले में बर्खास्त कर दिया गया है। आगे की कार्रवाई की प्रक्रिया चल रही है। भारत में 11 से 30 अक्टूबर तक होने वाले फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप की तैयारी के लिए भारतीय टीम यूरोप के दौरे पर है। सीओए ने भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) को भी इस मामले की जानकारी दी है। मुख्य कोच थॉमस डेनर्बी इस 'घटना' के गवाह थे और इससे नाबालिग के जुड़े होने के कारण उन्होंने तुरंत एआईएफएफ को इसकी जानकारी दी। अंडर-17 विश्व कप के मुकाबले तीन शहरों भुवनेश्वर, गोवा और नवी मुंबई में होंगे। भारत को टूर्नामेंट के ग्रुप ए में अमेरिका, मोरक्को और ब्राजील के साथ रखा गया है। भारत प्रतियोगिता के पहले दिन अपने अभियान की शुरुआत अमेरिका के खिलाफ करेगा ।

# सिराज ने बताया- जब चीजें पक्ष में नहीं जा रही हों तो गेंदबाजों को क्या करना चाहिए

**बर्मिंघम ।** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने कहा है कि भारत के खिलाफ पांचवें क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन जॉनी बेयरस्टो के तूफानी तेवरों के बावजूद वे परेशान नहीं थे क्योंकि जब बल्लेबाज आक्रामक रुख के साथ बल्लेबाजी कर रहा हो तो गेंदबाजों के लिए धैर्य रखना जरूरी होता है।

बेयरस्टो (140 गेंद में 106 रन) ने रविवार को इंग्लैंड की पहली पारी के दौरान आक्रामक रुख अपनाया और लगातार तीसरे टेस्ट में शतक जड़ा। उनके शतक की मदद से इंग्लैंड ने भारत के 416 रन के जवाब में पहली पारी में 284 रन बनाए। बेयरस्टो ने धीमी शुरुआत के बाद आक्रामक रुख अपनाया और अपनी पारी में 14 चौके और दो छक्के मारे। मेहमान टीम के लिए मैच में अब तक सबसे सफल गेंदबाज सिराज (66 रन पर चार विकेट) ने कहा कि बेयरस्टो के तूफानी तेवरों से भारतीय गेंदबाज परेशान नहीं थे।

सिराज ने तीसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद कहा, 'गेंदबाज के रूप में हमें सिर्फ धैर्य रखना होता है। बेयरस्टो फॉर्म में है और न्यूजीलैंड श्रृंखला से ही वह लगातार आक्रामक बल्लेबाजी कर रहा है। इसलिए हमें पता था कि उसका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ है। उन्होंने कहा, 'हमारी योजना सामान्य सी थी कि अपने बेसिक्स पर कायम रहना है। हमें अपनी क्षमता पर विश्वास रखना होगा, फिर चाहे वह कुछ भी करे, यह सिर्फ एक गेंद की बात थी- यह चाहे इनस्विंग हो या पिच से सीम



करती गेंद। इस तेज गेंदबाज ने कहा, 'इंग्लैंड में बल्लेबाज को कई बार छकाना सामान्य सी बात है, आपको बस धैर्य रखना होता है और प्रक्रिया पर ध्यान लगाना होता है। सिराज ने कहा कि भारतीय गेंदबाजों ने अपनी तैयारी बखूबी की है और उन्हें इंग्लैंड के बल्लेबाजों के कमजोर पहलुओं की जानकारी है। सिराज ने कहा, 'जब हमने न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला देखी तो महसूस किया कि हमारा प्रत्येक गेंदबाज 140 किमी प्रति घंटे से अधिक की रफ्तार से गेंदबाजी करता है जो उनके (न्यूजीलैंड के गेंदबाजों) पास नहीं था।

उन्होंने कहा, 'हमारे पास क्षमता है और हम पिछले साल भी इंग्लैंड के खिलाफ खेले थे। इसलिए यह हमारे लिए फायदे की स्थिति है क्योंकि हमें उनके कमजोर पक्षों की जानकारी है और यही कारण है कि हमें सफलता मिली। भारत ने दूसरी पारी में तीन विकेट पर 125 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त को 257 रन तक पहुंचा दिया है। सिराज का मानना है कि एजबस्टन में इंग्लैंड के बल्लेबाजों के लिए दूसरी पारी में 350 से अधिक का कोई भी लक्ष्य हासिल करना मुश्किल होगा। उन्होंने कहा, 'पहली पारी में शुरुआत में पिच गेंदबाजों की मददगार थी लेकिन बाद में यह सपाट हो गई। इसलिए हमारी योजना लगातार एक क्षेत्र में गेंदबाजी करने की थी। अगर हम चीजों को असानी से लेते तो हमारे खिलाफ काफी रन बनते। सिराज ने कहा, 'गेंद नीची भी रह रही है। इसलिए दूसरी पारी में यह हमारे लिए मददगार होगा। तीसरे दिन का खेल खत्म होने पर पुजारा 50 जबकि ऋषभ पंत 30 रन बनाकर खेल रहे थे।

सिराज ने कहा, 'वह (पुजारा) एक योद्धा है। ऑस्ट्रेलिया में उसने करके दिखाया और यहां भी वह अपना काम कर रहा है। जब भी टीम को जरूरत होती है तो वह खड़ा रहता है। जब भी हालात मुश्किल होते हैं तो वह हमेशा काम करने के लिए तैयार रहता है।' कार्यवाहक कप्तान जसप्रीत बुमराह के संदर्भ में हैदराबाद के तेज गेंदबाज सिराज ने कहा, 'एक खिलाड़ी और कप्तान के रूप में वह अलग नहीं है। वह हमेशा मदद के लिए तैयार रहता है। मैं जब भी कुछ गलत करता हूं तो वह मुझे समझाने का प्रयास करता है कि निश्चित हालात में कैसी गेंदबाजी करनी है।

# फिट से काउंटी क्रिकेट में खेलते नजर आएंगे मोईन अली, अपनी पुरानी टीम में लौट सकते हैं वापस

**लंदन ।** इंग्लैंड के हरफनमौला खिलाड़ी मोईन अली के काउंटी टीम यॉर्कशायर से वार्विकशायर जाने की संभावना है। रिपोर्ट्स के मुताबिक 35 वर्षीय क्रिकेटर क्लब के साथ तीन साल का करार कर सकते हैं। रिपोर्टों ने पहले सुझाव दिया था कि क्रिकेटर ने अपने सफेद गेंद के करियर को लम्बा खींचने के लिए पिछले साल के अंत में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था, को यॉर्कशायर से एक आकर्षक प्रस्ताव मिला था, लेकिन नई रिपोर्ट के मुताबिक मोईन वारविकशायर के साथ तीन साल



का अनुबंध कर सकते हैं।

पिछले कुछ वर्षों में आईपीएल फ्रैंचाइजी चेन्नई सुपर किंग्स के साथ अपने सफेद गेंद वाले क्रिकेट बाद उन्होंने 2021 में आईपीएल ट्रॉफी जीतने वाली चेन्नई फ्रैंचाइजी के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। विशेष रूप से यॉर्कशायर के साथ मोईन में एक मजबूत रुचि रही है। अनुभवी ऑलराउंडर में गहरी दिलचस्पी दिखा रहा है।

पिछले महीने अपने भविष्य के बारे में मोईन ने कहा था, वोर्सेस्टर में यह मेरा आखिरी साल है। मैं उनसे बात कर रहा हूं, मैं अन्य काउंटियों से बात कर रहा हूं। मुझे वॉर्सेस्टर के लिए खेलना अच्छा लगता है,वहां अब 15 साल हो गए हैं। मैं वारविकशायर से चला गया और उन्होंने स्पष्ट रूप से मुझे अपना खेल विकसित करने इंग्लैंड के लिए खेलने में मदद की, लेकिन जब समय आएगा तो मैं निर्णय लूंगा।

गौर हो कि मोईन ने वारविकशायर में शुरुआत की, लेकिन अवसरों की कमी के कारण 2007 में वोस्टरशायर के लिए रवाना हो गए, एक ऐसा कदम जिसने उन्हें 2014 में इंग्लैंड की टीम में जगह दिलाई।

# प्रैक्टिस मैच : 8/3 से 149 तक पहुंची टीम इंडिया, हर्षल पटेल का तूफानी अर्धशतक

**लंदन ।** नॉर्थहैम्पटनशायर के खिलाफ दूसरे प्रैक्टिस मैच में जब एक समय टीम इंडिया 8 रन पर तीन विकेट गंवा चुकी थी, तब हर्षल पटेल मोर्चा संभालते हुए न सिर्फ अर्धशतक लगाया बल्कि टीम इंडिया का स्कोर भी 100 तक पहुंचा दिया। हर्षल ने 36 गेंदों में 5 चौके और तीन छक्कों की मदद से 54 रन बनाए। हर्षल के इन रनों की बदौलत टीम इंडिया ने पहले खेलते हुए आठ विकेट के नुकसान पर 149 रन बना लिए। हर्षल का यह ट्वंटी-20 करियर का चौथा शतक रहा।

इससे पहले दिनेश कार्तिक के नेतृत्व में उतरी टीम इंडिया की शुरूआत बेहद खराब रही। पहली



ही गेंद पर संजू सैमसन पगबाधा आऊट हो गए। इसके बाद आईपीएल परफार्मेंस के कारण प्लेइंग-11 में शामिल किए गए राहुल त्रिपाठी सात रन बनाकर आऊट हो गए। सूर्यकुमार यादव भी यहां शून्य पर ही पवेलियन लौट गए। 8 रन पर जब तीन विकेट गिर चुके थे तब टीम इंडिया को कप्तान दिनेश कार्तिक का सहारा मिला। दिनेश ने 26 गेंदों में तीन चौके और एक छक्के की मदद से 34 रन बनाए और स्कोर आगे बढ़ाया। हर्षल ने मैदान पर आते ही चारों ओर शॉट लगाने शुरू कर दिए। उन्हें वेंकटेश अय्यर का साथ मिला जिन्होंने 22 गेंदों में तीन चौकों की मदद से 20 रन बनाए। वहीं, हर्षल ने अकेले ही स्कोर को आगे बढ़ाया। नॉर्थहैम्पटनशायर की ओर से ब्रैंडन ग्लोवर 33 रन देकर तीन विकेट निकालने में सफल रहे। नाथन बक ने 17 रन देकर दो तो फ्रैंडी ने 33 रन देकर दो विकेट निकाले।

# विदेश संदेश

## अपने जन्मस्थान पर फिर पहुंचा कोरोना चीन के वुहान में दो लोग मिले संक्रमित

**वुहान।** कोरोना वायरस चीन के वुहान शहर में पैदा होकर पूरी दुनिया में फैला था। करीब ढाई साल बाद पूरी दुनिया में इस घातक महामारी पर लगभग काबू पा लिया गया है। चीन अब तक की सबसे घातक कोरोना लहर से जूझ रहा है। एक बार संक्रमण वहीं दर्ज किया




गया है, जहां से इसकी शुरुआत हुई थी।

वुहान में कोरोना के दो बिना लक्षण वाले मामले मिले हैं। शुक्रवार को अनहुई प्रांत में 107 मामले सामने आए और लिंगबी काउंटी में लॉकडाउन लगा दिया गया। गुरुवार को पूरे देश में 163 मामले मिले, जो बीते तीन हफ्तों में सबसे ज्यादा हैं। शंघाई में अब भी आंशिक लॉकडाउन है। राजधानी बीजिंग में दो माह चली पाबंदियों को पिछले माह ही हटाया गया था। जनता में पाबंदियों पर भारी रोष था।

जिनपिंग ने हाल ही में वुहान का दौरा किया।। इस दौरान उन्होंने शहरों में एक बार फिर लॉकडाउन व अन्य सख्त प्रतिबंध लगाने की इच्छा जताई। जल्द ही नई जीरो कोविड नीति घोषित की जाने की संभावना है। इसमें बाहर से आने वाले यात्रियों और संपर्क में आने वाले लोगों की क्वारंटीन अवधि को आधा किया जाएगा।

## लीबिया में प्रदर्शनकारियों ने बिजली न मिलने पर संसद भवन को आग लगाई

**त्रिपोली।** देश में राजनीतिक अस्थिरता और भीषण गर्मी में बिजली संकट से गुस्साए लोगों ने पश्चिम में स्थित राजधानी त्रिपोली में पिछले आठ साल का सबसे बड़ा प्रदर्शन किया। लोगों ने नारेबाजी



करते हुए तोबरुक स्थित संसद भवन में आग लगा दी। तोबरुक में प्रदर्शन कर रहे लोग सत्ता में बैठे लोगों पर देश के साथ गद्दारी और जनता का पैसा हड़पने का आरोप लगा रहे थे। बाद में सशस्त्र सेना ने पहुंचकर प्रदर्शनकारियों को वहां से हटाया। इस घटना के वीडियो ऑनलाइन पोस्ट किए गए हैं। शहर के निवासियों ने भी इसकी पुष्टि की है। वीडियो में शोर मचाते प्रदर्शनकारी संसद भवन के भीतर आग की लपटें उठती देखकर खुशी मनाते दिख रहे हैं। पिछले साल समय पर चुनाव कराने में नाकामी के बाद लीबिया में सरकार पर नियंत्रण को लेकर देश में गृह युद्ध जैसे हालात बन गए हैं।

## महाभारत के जरिये युद्ध की पीड़ा जीवंत करने वाले 'पद्मश्री' पीटर ब्रुक नहीं रहे

**पेरिस।** मशहूर निर्देशक व थियेटर (रंगमंच) दिग्गज पीटर स्टीफन पॉल ब्रुक ने लंदन में 97 वर्ष की उम्र में आखिरी सांस ली। ब्रुक के लिए 'दुनिया एक रंगमंच' महज जुमला नहीं था, बल्कि वे स्कूल, अस्पताल, फैक्ट्री, खदान या जिम जैसी किसी भी जगह को रंगमंच बना देते थे। 1985 में वियतनाम में युद्ध चल रहा था तो ब्रुक ने पेरिस में महाभारत को रंगमंच पर पेश किया। करीब नौ घंटे दर्शक एकटक नाटक देखते रहे। आखिर में ब्रुक ने पूछा कि क्या युद्ध संघर्ष खत्म कर सकता है? क्या वाकई नेताओं और लोगों के पास शांति और युद्ध के बीच किसी एक को चुनने का विकल्प होता है? तो पूरी दुनिया सन्न रह गई। ब्रुक कहते थे, हर दिन दुनियाभर में मूर्खतापूर्ण युद्धों से हो रही पीड़ा और दहशत के बारे में सुनते हैं। महाभारत करोड़ों लाशों की बात है और सबसे अहम बात यह है कि युधिष्ठिर अंत में कहते हैं कि 'यह जीत एक हार है।' यही युद्ध का असल सच है। 2021 में भारत सरकार ने उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया था। द एम्प्टी स्पेस में ब्रुक ने लिखा, मुझे बस कोई भी खाली जगह दे दें, मैं उसे स्टेज बना दूंगा। रोशनी, रंग और नवोन्मेषी तरीकों से वे अनुपयुक्त जगहों को भी बेहतरीन मंच में बदल देते थे। 1970 में उन्होंने स्ट्रैटफोर्ड प्रोडक्शन के लिए शेक्सपियर के ए मिडसमर नाइट्स ड्रीम नाटक का निर्देशन किया।

# रूस-यूक्रेन जंगःपूरे लुहांस्क पर रूस का कब्जा, स्लोविंस्क पर भारी गोलाबारी में 6 लोगों की मौत

**कीव।** रूस-यूक्रेन जंग को 4 महीने से ज्यादा का वक्त हो गया है। जंग अब भी जारी है। इसी बीच रूसी डिफेंस मिनिस्टर के लिसीचांस्क शहर पर कब्जे के दावे के बाद यूक्रेन ने भी इसे कंफर्म किया है। यूक्रेनी सेना ने कहा है- रूसी सैनिकों के साथ हफ्तों की भारी लड़ाई के बाद यूक्रेनी सैनिक पूर्वी शहर लिसीचांस्क से पीछे हट गए हैं।

सेना को लिसीचांस्क से वापस बुलाने का फैसला सैनिकों की जान बचाने के लिए लिया गया। लिसीचांस्क लुहांस्क क्षेत्र का आखरी शहर था जो यूक्रेन के कंट्रोल में था। आखरी शहर पर कंट्रोल के बाद अब पूरे लुहांस्क पर रूस का कंट्रोल हो गया है।

**भारी गोलाबारी में 6 लोगों की मौत**

यूक्रेन के पूर्वी शहर स्लोवियांस्क पर रविवार को कई रॉकेट लॉन्चरों से भारी गोलाबारी हुई। अभी तक यह स्लोवियांस्क शहर पर यह सबसे बड़ा हमला है। इस भारी गोलाबारी में 6 लोगों की मौत हो गई और 15 लोग घायल हैं। डोनेट्स्क क्षेत्र का स्लोवियांस्क शहर सबसे बड़े



यूक्रेन नियंत्रित शहरों में से एक है। अब रूस का अगला टारगेट स्लोवियांस्क शहर है।

**यूक्रेन को बख्तरबंद गाड़ियां देगा ऑस्ट्रेलिया**

ऑस्ट्रेलिया 34 और बख्तरबंद गाड़ियां यूक्रेन को मुहैया कराएगा। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने रूस से गोल्ड के इंपोर्ट पर भी बैन लगा दिया है। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री यूक्रेन के दौरे पर हैं। कीव में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बनीज ने कहा- ऑस्ट्रेलिया 16 और रूसी मंत्रियों और उद्योगपतियों पर प्रतिबंध और ट्रैवल बैन भी लगाएगा। ऑस्ट्रेलिया अब तक कुल 843 रूसी नागरिकों पर प्रतिबंध लगा चुका है।

**पश्चिमी देश नहीं चाहते यूक्रेन में शांति हो**

रूस ने पश्चिमी देशों पर यूक्रेन के साथ शांति वार्ता को रोकने का आरोप लगाया है। रूसी राष्ट्रपति के प्रेस सेक्रेटरी दिमित्री पेस्कोव ने युद्ध लंबा खींचने का आरोप भी पश्चिमी देशों पर लगाया। पेस्कोव ने कहा- अब पश्चिमी देश जंग जारी रखने के लिए सब कुछ दांव पर लगा रहे हैं।

## ऑस्ट्रेलिया मार रहा लाखों मधुमक्खियां : शहद इंडस्ट्री बचाने को उठाया कदम, देश में परजीवी संक्रमण फैलने का खतरा

**कीव।** ऑस्ट्रेलिया में शहद को बचाने के लिए मधुमक्खियों को मारा जा रहा है। यह बात सुनने में भले ही अजीब लगे, लेकिन सच है। जिन मधुमक्खियों से शहद प्राप्त होता, ऑस्ट्रेलिया में उसी शहद इंडस्ट्री को बचाने के लिए लाखों मधुमक्खियों को मारा जा रहा है।

इसके पीछे वेरोआ माइट नाम का परजीवी है। यह परजीवी देश के दक्षिण-पूर्वी हिस्से में फैल गया है। अब इसकी वजह से करोड़ों रुपए की शहद इंडस्ट्री पर खतरा मंडरा रहा है। इसे देखते हुए ही मधुमक्खी पालकों के लिए अलर्ट जारी किया गया। जिसके बाद से हजारों हनीबी कॉलोनियों (जहां मधुमक्खी पालन किया जाता है) को नष्ट कर दिया गया है। न्यूसाउथ वेल्स राज्य के चीफ प्लांट प्रोटेक्शन ऑफिसर सतेंद्र कुमार ने न्यूयॉर्क टाइम्स को बताया, 'ऑस्ट्रेलिया एकमात्र प्रमुख शहद उत्पादक देश है जो अभी तक वेरोआ माइट से मुक्त है। अगर यह परजीवी फैल जाता है तो, शहद उद्योग को सालाना 7 करोड़ डॉलर का नुकसान हो सकता है।'



वेरोआ माइट परजीवी मधुमक्खियों से शरीर पर चिपककर नुकसान पहुंचाता है | यह परजीवी एक मधुमक्खी से दूसरे में फैलता है।

**कितना खतरनाक है छत्ते में होने वाला संकमण**

वेरोआ माइट के छत्ते में पहुंचने पर वायरस के फैलने का खतरा भी बढ़ता है। यह जीव छत्ते में पांच तरह के वायरस फैला सकता है जो मधुमक्खियों की पूरी कॉलोनी को तबाह कर सकता है। दुनियाभर में यह जीव मधुमक्खियों की कॉलोनी को तबाह करने के लिए जाना जाता है। यह जीव कितना खतरा फैलाता है इसे समझने के लिए अलग-अलग मधुमक्खियों के छत्तों की तुलना भी की गई। यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन और इटली की ससारी यूनिवर्सिटी की रिसर्च कहती है कि, मधुमक्खी दूसरी मधुमक्खियों को खाने का पता बताने के लिए खास तरह का डांस करके समझाती हैं। इसी डांस के जरिए संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ता है।

**एक परजीवी भी पूरे छत्ते को खत्म कर सकता है**

तिल के आकार का वेरोआ माइट का रंग हल्का लाल भूरा होता है।

एक वेरोआ माइट ही मधुमक्खियों के पूरे छत्ते को खत्म कर सकता है। यह एक मधुमक्खी से चिपकने के बाद दूसरे तक पहुंचता है और इस तरह पूरे छत्ते को अपनी जद में ले लेता है।

वेरोआ के छत्ते में पहुंचने पर मधुमक्खियां एक-दूसरे से अलग होना शुरू कर देती हैं। यह इंसानों की तरह ही सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करती हैं। बीमारी को रोकने के साथ उनके बिहेवियर में भी बदलाव लाती हैं। हालांकि, इसके बाद भी यह परजीवी बहुत ज्यादा नुकसान पहुंचाता है।

## दक्षिण पश्चिम पाकिस्तान में गहरी खाई में गिरी बस, 19 लोगों की दर्दनाक मौत

**शिरानी जिले।** दक्षिण पश्चिम पाकिस्तान में भारी बारिश के चलते एक यात्री बस पहाड़ी सड़क से फिसल कर 200 फीट गहरी खाई में गिर गई, जिसमें 19 लोगों की मौत हो गई और 12 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। बलूचिस्तान प्रांत के शिरानी जिले के सहायक प्रशासक महताब शाह ने कहा कि बस में लगभग 35 यात्री सवार थे। उन्होंने कहा कि बचावकर्मी नष्ट हुए वाहन और आसपास के मलबे में बचे लोगों की तलाश कर रहे हैं। शाह ने कहा कि भारी बारिश के चलते बस गीली सड़क पर फिसल गई और चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया जिसके बाद बस लगभग 200 फीट (61 मीटर) खाई में गिर गई।

**पाकिस्तान में सड़क दुर्घटनाएं आम**

खराब सड़क बुनियादी ढांचे और यातायात कानूनों की अवहेलना के साथ-साथ खराब रखरखाव वाले वाहनों के कारण पाकिस्तान में घातक सड़क दुर्घटनाएं आम हैं। पिछले महीने किला सैफुल्लाह जिले में एक बस के खाई में गिरने से इसी तरह के हादसे में 22 लोगों की मौत हो गई थी।

## अमेरिका ने अभी देख लिया अंतरिक्ष में सूर्य ग्रहण, तीन महीने बाद पृथ्वी से आएगा नजर

**वाशिंगटन।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के पास कुछ ऐसे उपकरण हैं जिनसे सूर्य को सीधे तौर पर देखा जा सकता है। अंतरिक्ष में ऐसे ही एक खास उपकरण ने आंशिक सूर्य ग्रहण की तस्वीर ली है जब चंद्रमा, सूर्य के करीब से गुजर रहा था।

नासा की नासा की सोलर डायनेमिक्स ऑब्जर्वेटरी (एसडीओ) ने 24 घंटे सूर्य पर नजर रखती है। 29 जून को जब ऑब्जर्वेटरी और सूर्य के बीच चंद्रमा आया। तब एसडीओ ने इसकी तस्वीर को कैप्चर कर लिया था। उस दौरान ग्रहण के चरम पर चंद्रमा ने सूर्य के 67 प्रतिशत भाग को ढक लिया था। नासा के मुताबिक, यह ग्रहण पृथ्वी से 25 अक्तूबर को नजर आएगा, जो अधिकांश यूरोप, उत्तरी अफ्रीका, मध्य पूर्व और एशिया के पश्चिमी हिस्सों से दिखाई देगा। एसडीओ को फरवरी 2010 में लॉन्च किया गया था। यह अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी और उसके सहयोगियों का एक प्रोजेक्ट है।

एसडीओ ने सूर्य में हुए जिस विस्फोट को कैप्चर किया था, उसमें कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई) भी शामिल था। कोरोनल मास इजेक्शन, सौर प्लाज्मा के बड़े बादल होते हैं। सौर विस्फोट के बाद ये बादल अंतरिक्ष में सूर्य के मैग्नेटिक फील्ड में फैल जाते हैं। अंतरिक्ष में घूमने की वजह से इनका विस्तार होता है और अकसर यह कई लाख मील की दूरी तक पहुंच जाते हैं। एसडीओ यह अध्ययन कर रहा है कि सौर गतिविधि अंतरिक्ष के मौसम का निर्माण और संचालन कैसे करती है, जैसे कि सीएमईए पृथ्वी पर सौर तूफान कैसे पैदा कर सकते हैं। सूर्य अभी भी इस सौर चक्र की गतिविधि से तीन वर्ष दूर है, इसके जुलाई 2025 में होने की उम्मीद है।

**एक दशक तक ले चुका है सूर्य की तस्वीरें**

अंतरिक्ष एजेंसी के मुताबिक, उसके सोलर डायनेमिक्स ऑब्जर्वेटरी ने पूरे एक दशक तक लगातार सूर्य को अपने कैमरे में कैद किया। इस दौरान इस ऑब्जर्वेटरी ने कई सारी महत्वपूर्ण जानकारियां इकट्ठा की। एजेंसी का कहना है कि वायुमंडलीय इमेजिंग असेंबली (एआईए) उपकरण अकेले प्रकाश के 10 अलग-अलग तरंग दैर्ध्य पर हर 12 सेकंड में तस्वीरों को कैद करने में सक्षम है। इस प्रकार यह अधिक मात्रा में डेटा उत्पन्न करता है। कई बार तो यह ग्रहों के चुंबकीय क्षेत्र से टकरा जाते हैं। जब इनकी दिशा की पृथ्वी की ओर होती है, तो यह भू-चुंबकीय गड़बड़ी पैदा कर सकते हैं।

## कैलिफोर्निया में पहलः प्राइमरी स्कूल के बच्चों ने हॉटलाइन शुरू की, लोगों को हताशा और मुश्किलें दूर करने के टिप्स दे रहे

**कैलिफोर्निया।** अगर आप नर्वस हैं, तो वॉलेट उठाइए और जाकर आइस्क्रीम खाइए या फिर नए जूते खरीद लें। बुरी तरह हताश हैं तो बेडरूम में जाकर तकिए पर मुक्के बरसाएं, या उस पर सिर रखकर रो सकते हैं। या फिर बाहर जाकर चीख सकते हैं। कैलिफोर्निया में पिछले दिनों शुरू हुई हॉटलाइन सेवा पर इसी तरह सलाह दी जा रही है। छोटे बच्चों की मीठी सी आवाज में ये सलाह लोगों को पसंद भी आ रही है। हील्ड्सबर्ग में प्राथमिक स्कूल के बच्चों ने टीचर्स की मदद से यह हेल्पलाइन शुरू की है। इसे पेपटॉक नाम दिया गया है। यह इतनी लोकप्रिय हो गई है कि इस पर हर घंटे 9 हजार कॉल आ रहे हैं। मुद्दा पर्सनल हो या पेशे से जुड़ा, ये हॉटलाइन चिंतामुक्त होने में मदद करती है।

**बच्चों को स्कूल में दिया गया प्रोजेक्ट**

इन बच्चों को आर्ट पढ़ाने वाली टीचर्स जेसिका मार्टिन और अशेरा वीस ने इस प्रोजेक्ट की रूपरेखा तैयार की है। मार्टिन बताती हैं- हम कुछ ऐसा करना चाहते थे, जो बच्चों के लिए आसान हो साथ ही वे ऐसा कुछ कहें जिससे निराशा और चिंता में घिरे लोगों को उबारने में मदद मिल सके। टीचर्स इसके लिए पहली से छठी क्लास के सभी 141 बच्चों से मिलीं और उनसे कहा- ये बहुत ही कठिन समय है। पहले कोरोना, फिर यूक्रेन जंग और अमेरिका में गोलीबारी की घटनाओं ने सबको झकझोर दिया है। आपने इस मुश्किल दौर में भी खुश रहने के तरीके खोज लिए हैं।

**बच्चों ने पोस्टर्स और टैंप्लेट्स बनाए**

टीचर्स ने बच्चों से पूछा कि उन पलों को याद कीजिए जब आप निराश महसूस करते थे। तब आपको किस तरह अच्छी सलाह मिलती थी, या फिर आप खुद को किस तरह उबार पाते थे।' टीचर्स कहती हैं- हॉटलाइन पर ये सभी प्रतिक्रियाएं और सलाह बच्चों से और उनके अनुभव से आ रही हैं, जो उन्होंने इतनी छोटी सी उम्र में दुनिया से हासिल की हैं। इस प्रोजेक्ट के प्रचार के लिए बच्चों ने पोस्टर्स और टैंप्लेट्स भी खुद बनाए।

**लोगों का फिडबैक पॉजिटिव**

पांचवीं में पढ़ने वाली रोजली कहती हैं कि अच्छे विचारों के साथ लोगों तक जाना मुश्किल नहीं लगा। अच्छी बातें करने से हमें भी अच्छा महसूस होता है। लोगों की प्रक्रिया भी जबर्दस्त सकारात्मक रही है। लोग हमसे कहते हैं कि हॉटलाइन पर बात करके उन्हें राहत मिली, कुछ तो कहते हैं कि हमने उन्हें रुला दिया। वे अपने करीबियों से भी ये वाकया साझा करते हैं।

**हॉटलाइन पर 1.4 मिनट ही बात करते हैं लोग**

मार्टिन कहती हैं कि हॉटलाइन पर 25 तरह की रिकॉर्डिंग्स सुनने वालों का एक कुनबा खड़ा हो गया है। उन्हें लगा था कि महीने में हजार के करीब कॉल आएंगे, पर एक घंटे में नौ हजार कॉल्स की तो उन्होंने भी कल्पना नहीं की थी। लोग हॉटलाइन पर औसत 1.4 मिनट बिताते हैं। लेकिन कई बार यह अवधि 6-7 मिनट हो जाती है। कई लोग तो बार-बार कॉल करते हैं।

## पूर्वी यूक्रेन के अहम शहर पर कब्जा करने का रूस ने किया दावा

**कीव।** रूसी सेना ने यूक्रेन के पूर्वी क्षेत्र स्थित लुहांस्क प्रांत के अहम शहर पर कब्जा कर लिया है। यह दावा रविवार को रूस के रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु ने किया है। रूसी रक्षा मंत्री ने कहा कि रूस यूक्रेन के पूरे डोनबास इलाके पर कब्जा करने के लक्ष्य के करीब पहुंच गया है।

जानकारी के मुताबिक, रक्षामंत्री सर्गेई शोइगु ने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को बताया है कि रूसी सैनिकों ने स्थानीय मिलिशिया के साथ मिलकर लिसिचांस्क शहर पर पूर्ण नियंत्रण स्थापित कर लिया है। वहीं यूक्रेन के अधिकारियों ने तत्काल स्थिति स्पष्ट नहीं की है। यूक्रेन के लड़ाके गत कई हफ्तों से लिसिचांस्क शहर को बचाने का प्रयास कर रहे हैं और अब रूस के मुकाबले उनकी स्थिति कमजोर हो रही है, जबकि पड़ोसी सिविएरोडोनेत्स्क पर एक हफ्ते पहले ही रूस का कब्जा हो चुका है।

## डेनमार्क के मॉल में फायरिंग, 3 की मौतः हमलावर ने अंधाधुंध गोलियां चलाई; लोग चीखते-भागते नजर आए, 4 घायल

**कोपनहेगन।** डेनमार्क के कोपनहेगन शहर के एक शॉपिंग मॉल में देर रात फायरिंग हुई। फायरिंग में 3 लोगों के मारे जाने की खबर है, 4 लोग घायल हुए हैं। इनमें तीन लोगों की हालत नाजुक है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, इस मामले में एक 22 साल के डैनिश युवक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस का कहना है कि युवक मानसिक परेशानियों से जूझ रहा है।

**मरने वालों में एक रूसी नागरिक**

गोलीबारी को पहले आतंकी हमला माना जा रहा था। प्राइमरी इन्वेस्टिगेशन के बाद कोपेनहेगन पुलिस ऑपरेशन यूनिट के प्रमुख सोरेन थॉमसन ने कहा- ये कोई आतंकी घटना नहीं थी। इस हमले में 3 लोगों की मौत हुई है। इनमें से एक 47 साल का रूसी नागरिक था। इस मामले में हम



जांच कर रहे हैं।

**छुट्टी का दिन होने के चलते मॉल में भीड़ थी**

शुरुआती जानकारी के मुताबिक, घटना फिल्ड्स शॉपिंग मॉल में उस वक्त हुई जब यहां छुट्टी का दिन होने की वजह से काफी लोग मौजूद थे। इस दौरान अचानक फायरिंग और चीखने की आवाजें सुनाई दीं। इसके बाद भगदड़ मच गई और लोग बाहर की तरफ भागे।

चीफ पुलिस इंस्पेक्टर सोरेन थॉमसन ने कहा- हमले में कई लोगों की जान गई है और उससे कहीं ज्यादा लोग घायल हुए हैं। उन्होंने कहा कि मृतकों और घायलों की सही संख्या बताना अभी जल्दबाजी होगी।

**22 साल का युवक गिरफ्तार**

पुलिस ने इस घटना के संबंध में एक 22 साल के डैनिश लड़के को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक- फिलहाल, ये नहीं कहा जा सकता कि यह घटना डोमेस्टिक वॉयलेंस है या इसकी कोई और वजह है। हम बारीकी से जांच कर रहे हैं।

अखंड भारत संदेश

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम एवम् योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवम् क्रियायोग आश्रम अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश 211019 से प्रकाशित। Title UPHIN 29506

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बंधित विवादों का न्याय क्षेत्र कौशाम्बी, प्रयागराज होगा।

## अमेरिका में गोलीबारी, 2 की मौत

**हाल्टोम सिटी (टेक्सास)।** अमेरिका में बंदूक की गोली अब भी लोगों पर मौत बनकर बरस रही है। ताजा वारदात हाल्टोम सिटी के डलास फोर्ट वर्थ क्षेत्र में हुई है। पुलिस के मुताबिक एक बंदूकधारी ने एक घर में घुसकर दो लोगों को भून दिया। इस दौरान तीन पुलिस अधिकारियों सहित चार अन्य घायल हो गए।

पुलिस के मुताबिक खूनखराबा करने के बाद हमलावर ने खुद को भी गोली से उड़ा दिया। यह वारदात शनिवार शाम हुई। एक महिला को घर के अंदर गोली मारी गई, दूसरे व्यक्ति का रक्तरंजित शव घर के बाहर मिला।

पुलिस को सूचना देने वाली महिला भी गोलीबारी में घायल हो गई। हमलावर के पास राइफल और एक हैंडगन थी। उल्लेखनीय है कि इस साल अब तक अमेरिका में 302 सामूहिक गोलीबारी की वारदात हुई हैं। 24 मई को टेक्सास में सामूहिक गोलीबारी में 19 बच्चों सहित कई लोग मारे गए थे। अमेरिका में मौत बरसाती बंदूकों का सिलसिला पुराना है। पार्कलैंड (फ्लोरिडा) में 2018 माजोर्री स्टोनमैन डगलस हाई स्कूल में अंधाधुंध फायरिंग में 17 लोग मारे गए थे।

## अफगानिस्तान में तालिबान के काफिले पर हमला, दो की मौत

**काबुल।** अफगानिस्तान के हेरात प्रांत में तालिबान के काफिले पर सोमवार सुबह गोलियां व बम बरसाकर हमला किया गया। हमले में दो लोगों की मौत हो गयी और दो दर्जन से ज्यादा तालिबान सदस्य जख्मी हो गए। घटना में एक हमलावर भी मारा गया।

तालिबान की अल-फारूक कोर के सदस्यों को हेरात शहर स्थित तालिबान के केंद्र में ले जा रही मिनी बस पर घात लगाकर हमला किया गया। कुछ बंदूकधारियों ने पश्चिम हेरात प्रांत में यह हमला करते हुए न



सिर्फ गोलियां बरसाईं, बल्कि बम धमाके भी किये। घटना में दो लोगों की मौत हो गयी और दो दर्जन से अधिक लोग जख्मी हो गयी। जख्मी लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया है। हेरात प्रशासन के स्थानीय अधिकारियों ने घटना की पुष्टि की है। हेरात पुलिस के प्रवक्ता मोहम्मद शाह रसूल ने बताया कि हेरात के चौथे पुलिस जिले में सोमवार सुबह अज्ञात बंदूकधारियों ने वाहन पर हमला किया। उन्होंने बताया कि घटना में एक हमलावर भी मारा गया। उन्होंने कुछ नागरिकों सहित कई अन्य लोगों के घायल होने की बात कही है। प्रत्यक्षदर्शियों ने दो तालिबानों के मारे जाने और दो दर्जन से अधिक तालिबानों के घायल होने की जानकारी दी है। घायलों को हेरात के केंद्रीय अस्पताल ले जाया गया है।